रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 08 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-107 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पूर्वोत्तर की प्रगति में प्रौद्योगिकी, व्यापार, पर्यटन-उद्योग की होगी महत्वपूर्ण भूमिका : सिंधिया



**नयी दिल्ली।** पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पूर्वोत्तर को देश की प्रगति के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित करने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुये कहा कि अष्टलक्ष्मी महोत्सव पूर्वोत्तर की विशाल संभावनाओं को साकार करने के लिये हितधारकों के बीच तालमेल बनाने के लिये उत्प्रेरक का काम करता है। सिंधिया ने अष्टलक्ष्मी महोत्सव के दूसरे यहां पूर्वोत्तर भारत के मुख्यमंत्रियों के साथ हुई पैनल चर्चा में कहा कि प्रौद्योगिकी, व्यापार और पर्यटन हमारी प्रगति के लिये मार्गदर्शक स्तंभ बने रहेंगे।

### युवक ने की महिला की हत्या,10 को किया घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के खरोरा थाना अंतर्गत कोरासी गांव में एक युवक ने नशे की हालत में लोहे के हथियार से एक महिला की हत्या कर दी जबकि 10 अन्य लोगों पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने हमलावर युवक की जम कर पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि कोरासी गांव का ही रहने वाला डोगेंद्र पटेल शुक्रवार देर शाम नशे की हालत में घर से एक लोहे का बड़ा हथियार (घन) लेकर निकला। जिसके बाद आरोपी ने रास्ते में दिखने वाले लोगों पर हथियार से हमला करना शुरु कर दिया। इस दौरान एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 से अधिक लोग गंभीर रुप से घायल हो गए।

### हवाई अड्डों पर विश्व स्तरीय सुरक्षा के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई की स्थापना

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल ने देश भर के हवाई अड्डों पर विश्व स्तरीय विमानन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण इकाई स्थापित की है। बल के प्रवक्ता ने बताया कि संपूर्ण देश के 68 हवाई अड्डों पर तैनात विमानन सुरक्षा समूह के लिए एक आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण इकाई की स्थापना कर विमानन सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आईक्यूसीयू विश्व स्तरीय सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह पहल नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सुरक्षा गुणवत्ता नियंत्रण कार्यक्रम-2024 (एनसीएएसक्यूसीपी) और विमान (सुरक्षा) नियम-2023 के अनुरूप है।

# जनजातीय समाज के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : विष्णुदेव

## मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषक सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। आदिवासी समाज को आगे बढ़ने के लिए सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ले रहे सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज एक समृद्ध संगठन है। इस संगठन के सभी सदस्यों का लंबा अनुभव रहा है। मुझे विश्वास है कि आदिवासी समाज के प्रतिनिधि के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी को बहुत कुशलता से निभाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज जनजातीय समाज के विकास के लिए बहुत अच्छा वातावरण है। छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जनजातीय समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दोनों सरकारें जनजातीय समाज की चिंता करती हैं। आज हम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी को याद करते हैं जिन्होंने आदिवासियों के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया। जब मैं सांसद था तब उन्होंने आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया था। आज भारत के राष्ट्रपति पद पर आदिवासी समाज की महिला सुशोभित हैं और छत्तीसगढ़ में भी आदिवासी का बेटा मुख्यमंत्री है। यह बहुत गौरव की बात है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए लगातार काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत विगत 2 अक्टूबर को की है। इस अभियान का लाभ 5 करोड़ जनजातीय लोगों को मिलेगा। इसमें छत्तीसगढ़ के कई गांव शामिल हैं। इन गांवों में सड़क, बिजली और पानी सहित सभी बुनियादी सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियां हैं जिनके विकास के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत इन समूहों के लिए बुनियादी सुविधाएं और सेवाएं पहुंचाई जाती हैं। आज जहां-जहां विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहट है वहां सड़क, बिजली, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित सभी सुविधाएं मिल रही हैं।

### विकसित छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा अहम योगदान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर के एम्स आडिटोरियम में रिमोट का बटन दबाकर 100 दिनों तक चलने वाले राज्य स्तरीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रिमोट का बटन दबाकर निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रतिमाह दी जाने वाली 1 हजार रूपए की राशि के आनलाइन ट्रांसफर करने की भी शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को निक्षय निरामय की शपथ भी दिलाई। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ कार्यक्रम के अंतर्गत अगले 100 दिनों तक राज्य में टीबी, कुष्ठ और मलेरिया के मरीजों की पहचान की जाएगी और उनका उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। योजना में राज्य के वृद्धजनों का भी स्वास्थ्य जांच और उपचार शामिल है। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि विकसित भारत के साथ ही साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को भी विकसित राज्य बनाने के लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को हमारी सरकार के कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है। बीते 12 महीनों में हमने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। स्वास्थ्य और शिक्षा, ये दो ऐसे विषय हैं जो सीधे-सीधे राज्य और राष्ट्र के विकास से जुड़े हुए हैं। जब हर नागरिक का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो वे राष्ट्र के विकास में अपना अधिकतम योगदान दे पाएंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के साथ ही सभी चिकित्सकों ने भी प्रदेश में चलाए जा रहे स्वास्थ्य अभियानों में हमेशा तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है।

# परोपकार के मूल्यों से राष्ट्र को प्रेरित करता है गुजरात : शाह

एजेंसी ‹ अहमदाबाद
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट जैसे संगठन कल्याणकारी राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राज्य अपनी सेवा और परोपकार के मूल्यों से राष्ट्र को प्रेरित करता रहता है। शाह ने गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट के 34 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज मनाए गए लोकसेवा के उत्सव पर कहा, गुजरात लोकसेवा ट्रस्ट अपने 35वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, मैं ट्रस्टियों को उनके नेक और निस्वार्थ प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ। मैं आज इस संगठन द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करता हूं। जैसा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था, सच्चा ज्ञान दूसरों की सेवा करने के लिए खुद से ऊपर उठने में निहित है। यह ट्रस्ट सेवा और करुणा की इसी भावना का उमदा उदाहरण है। उन्होंने इस अवसर पर भारतीय संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति द्वारा परिकल्पित जन कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से सरकार ने नागरिकों को आवास, भोजन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा,''इन पहलों ने पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। हालांकि, मेरा दृढ़ विश्वास है कि सरकार अकेले यह लक्ष्य हासिल नहीं कर सकती। कई ट्रस्टों और व्यक्तियों ने इसे साकार करने में योगदान दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने सेवा के प्रति गुजरात के गहरे मूल्यों की भी सराहना की तथा प्रति व्यक्ति रक्तदान, धर्मार्थ स्वास्थ्य सुविधाओं तथा अंग एवं नेत्रदान में गुजरात के नेतृत्व पर भी प्रकाश डाला।

## पूंजीपति को छूट,गरीब की लूट वाले टैक्स के खिलाफ हमारी लड़ाई : राहुल

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार अमीरों को राहत दे रही है और गरीबों को लूटकर पूंजीपतियों का पोषण कर रही है। गांधी ने कहा कि सरकार गरीबों को लूट रही है और पूंजीपतियों को सहूलियत दे रही है और उन्हें करों से राहत दे रही है। वस्तु एवं सेवा कर- जीएसटी तथा अन्य कई तरह के कर लगाकर आम लोगों को महंगाई की आग में झोंकाकर उनका जीवन मुश्किल किया जा रहा है। उन्होंने कहा पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है।

## महादेव एप घोटाला: ईडी ने कोलकाता से शेयर ब्रोकर को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव एप घोटाला मामले में शेयर ब्रोकर गौरव कुमार केडिया को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। गौरव पर महादेव घोटाला मामले में गिरफ्तार नितिन टिबरेवाल समेत कई अन्य आरोपियों की ब्लैक मनी को शेयर ट्रेडिंग के जरिए वाइटमनी में बदलने का आरोप है। ईडी ने गौरव को कोर्ट में पेश कर 14 दिन की कस्टोडियल रिमांड पर लेने का आवेदन लगाया है। महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप केस में ईडी ने बड़ा ऐक्शन लिया है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस सैनिकों की वीरता और बलिदान को सलाम करने का दिन: मोदी

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने का दिन है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आग्रह किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, सशस्त्र सेना झंडा दिवस हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सलाम करने के बारे में है। उनकी बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। आइए सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में भी योगदान दें। यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और वर्दी में जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है।

## सैनिकों का कल्याण सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देशवासियों से सशस्त्र बल झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा है कि सेवारत और सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करना देश की सामूहिक जिम्मेदारी बताया है। सिंह ने इस अवसर पर अपने वीडियो संदेश में कहा कि यह दिन नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान तथा समर्पण को पहचानने और इनके प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा , हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, न केवल बाहरी खतरों से, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उनका बलिदान और हमारे सैनिकों का अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है । पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान दे। यह दिन हर वर्ष शहीद नायकों और जवानों को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो मातृभूमि की रक्षा के लिए सीमाओं पर बहादुरी से लड़ते हैं। रक्षा मंत्रालय का भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग युद्ध विधवाओं, शहीद सैनिकों के आश्रितों और विकलांगों सहित भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास के लिए काम कर रहा है। विभाग पूर्व सैनिकों की व्यक्तिगत जरूरतों जैसे गरीबी अनुदान, शिक्षा अनुदान, अंत्येष्टि अनुदान, चिकित्सा अनुदान और अनाथ ,विकलांग बच्चों का अनुदान के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

## निर्मला सीतारमण ने की किसान संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

एजेंसी ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट की तैयारियां के तहत प्रमुख किसान संगठनों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर यह जानकारी देते हुये कहा कि सीतारमण ने आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में अग्रणी किसान संगठनों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त मंत्री के साथ-साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव और दिपम सचिव ; आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव के साथ कृषि विभाग से जुड़े सचिवों ने भी भाग लिया। बैठक में भाग लेने वालों में गुजरात के वाम एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक आशिष पटेल, सीटीईडी उत्तर प्रदेश के निदेशक संजय सिंह, भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक, भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष बद्री नारायण चौधरी, भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़, भारतीय एग्रो इकोनॉमी रिसर्च सेंटर के अखिल भारतीय अध्यक्ष प्रमोदी कुमार चौधरी, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के एग्रिबजनेस कमेटी के अध्यक्ष आर जी अग्रवाल, यूपीएल लिमिटेड के कार्पोरेट मामलों के अध्यक्ष सागर कौशिक आदि मौजूद थे।

### पराग मांदले की पाण्डुलिपि 'गांधी के बहाने' का लोकार्पण

**नयी दिल्ली।** लेखक-विचारक पराग मांदले की पाण्डुलिपि 'गांधी के बहाने' का यहां राष्ट्रीय राजधानी में सेतु प्रकाशन के वार्षिकोत्सव के अवसर पर का लोकार्पण किया गया। सेतु प्रकाशन की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पराग मांदले की पाण्डुलिपि 'गांधी के बहाने' को 'सेतु पाण्डुलिपि पुरस्कार योजना (2024)' के लिये आयी सौ से भी अधिक पाण्डुलिपियों के बीच से पुरस्कार के लिये चुना गया। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार अशोक वाजपेयी, वरिष्ठ साहित्यकार ममता कालिया, पत्रकार-लेखक मधुकर उपाध्याय, पत्रकार अशोक कुमार और अध्यापक अध्येता सौरभ वाजपेयी समेत काफी तादाद में साहित्य प्रेमी, शोधकर्ता और प्राध्यापक शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत पुरस्कृत पुस्तक 'गांधी के बहाने' के लोकार्पण से हुई।

## धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित है : योगी आदित्यनाथ

पायनियर संवाददाता ‹ वाराणसी
www.dailypioneer.com



राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है। स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव को संबोधित करते हुये योगी ने कहा कि 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है। उन्होने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश व समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था। आप सब भी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा के साथ राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित महत्वपूर्ण कड़ी से खुद को जोड़ रहे हैं। योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने उत्तराखंड ने स्वर्वेद रचा। उनकी अद्भुत परंपरा का निर्वहन आज भी हो रहा है। विज्ञान देव जी महाराज एक वर्ष से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर थे। आचार्य भी विदेश में भक्तों को जगाने के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर निकले थे। यह संदेश देता है कि चुपचाप नहीं बैठना है, बल्कि एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत करनी है।

### बेटी के सम्मान की रक्षा डबल इंजन सरकार का लक्ष्य : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर हाल में बेटी और उसके सम्मान की रक्षा करना है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पिंडरा के नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित 401 जोड़ों के विवाह समारोह में योगी ने नवदंपति को मंगलमय जीवन की शुभकामना देते हुए उन पर पुष्पवर्षा भी की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद जिस नए भारत का निर्माण हुआ, उसमें महिलाओं के लिए सम्मानजनक स्थान बनाया गया। पीएम मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' से जो कार्यक्रम प्रारंभ किया, उसके जरिए देश के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में बेटियों द्वारा प्रतिभा का प्रदर्शन करके खुद को साबित किया जा रहा है।

## ओडिशा भारत सरकार के पूर्वोदय दृष्टिकोण से लाभान्वित हो रहा है

# मुर्मु ने रायरंगपुर में विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी

वार्ता ‹ भुवनेश्वर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा की पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शनिवार को रायरंगपुर में तीन नयी रेलवे लाइनों तीन रेल लाइनों बांगिरिपोसी-गोरुमहिसानी, बुरामारा-चाकुलिया और बादामपहाड़- केंदुझारगढ़ लाइन की आधारशिला रखी। मुर्मु ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आदिवासी अनुसंधान एवं विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे के उन्नयन और रायरंगपुर उप-मंडल अस्पताल में एक नये ब्लॉक के निर्माण की भी आधारशिला रखी। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में विश्वास जताया कि रेल परियोजनाएं और हवाई अड्डा क्षेत्र में परिवहन, वाणिज्य और व्यापार को बढ़ावा देंगे तथा 100 बिस्तरों वाली सुविधा वाला नया अस्पताल भवन स्थानीय लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा भारत सरकार के पूर्वोदय दृष्टिकोण से लाभान्वित हो रहा है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन संपर्क और परिवहन सुविधाओं सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पूरे क्षेत्र के विकास को गति दी जा रही है। आदिवासी बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि ओडिशा में 100 से अधिक नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें मयूरभंज जिले के 23 स्कूल शामिल हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उन स्कूलों से शिक्षा प्राप्त करने के बाद, आदिवासी बच्चे समाज और देश की प्रगति में गुणवत्तापूर्ण योगदान दे सकेंगे। राष्ट्रपति ने कहा, मुझे हमेशा इस धरती की बेटी होने पर गर्व रहा है। जिम्मेदारियों और व्यस्त कार्यक्रमों ने मुझे कभी भी अपने जन्मस्थान और यहां के लोगों से दूर नहीं किया , बल्कि लोगों का प्यार उन्हें अपनी ओर खींचता रहता है। मातृभूमि मेरे विचारों और कार्यों में बनी हुई है। इस क्षेत्र के लोगों का शुद्ध और गहरा स्नेह हमेशा मेरे मन में गूंजता है।

## कांग्रेस 10 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉक में करेगी धरना-प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के ऊपर किसान विरोधी रवैये का आरोप लगाते हुए 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना व प्रदर्शन करने की घोषणा की है। राजधानी रायपुर के राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे व वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा ने संयुक्त पत्रकार-वार्ता को संबोधित करते हुए यह एलान किया। बैज ने कहा कि धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानी तथा सरकार के किसान विरोधी रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी 10 दिसंबर को प्रदेश के सभी ब्लॉकों में धरना प्रदर्शन करेगी। पूरे प्रदेश में कांग्रेस ने धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया। जिसमें हमारे सभी नेता पदाधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में गये व मैं भी चार सोसायटी में गया। पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्रों में अव्यवस्था किसान परेशान है। सरकार की कोशिश है कम से कम धान खरीदी की जाये। सोसायटियों में हमारे नेताओं ने देखा कि बारदाने की कमी है, जिससे किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा। नेताओं ने कहा कि सरकार ने कहा है कि 50 प्रतिशत नये, 50 प्रतिशत पुराने बारदानों का उपयोग किया जाये। करीब 50 प्रतिशत पुराने बारदाने समितियों में पहुंचे ही नहीं है, जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। पुराने बारदाने फटे हुये है जिसमें धान भरा ही नहीं जा सकता, किसानों से कहा जा रहा 50 प्रतिशत बारदानो की व्यवस्था स्वंय करो उसका भुगतान किया जायेगा, लेकिन किसानो के बारदाने का पैसा भी नहीं मिल रहा। टोकन की व्यवस्था अव्यवहारिक है, जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा, नंबर ही नहीं आ रहा।

## जम्मू, कश्मीर के लिए 13 केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी, डॉ. जितेंद्र ने मोदी को दिया धन्यवाद

वार्ता ‹ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान देने के लिए धन्यवाद दिया, क्योंकि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश के लिए 13 केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी है। डॉ सिंह ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा, 'जम्मू-कश्मीर पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद! उन्होंने कहा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केन्द्र शासित प्रदेश में विभिन्न स्थानों के लिए 13 नए केंद्रीय विद्यालयों को मंजूरी दी। इनमें से 50 प्रतिशत से अधिक उधमपुर लोक सभा क्षेत्र में आते हैं। प्रदेश में केंद्रीय विद्यालयों को गूल और रामबन (जिला रामबन), बानी, रामकोट (जिला कठुआ), रियासी, ककरयाल-कटरा (जिला रियासी), रत्तीपोरा, गलांदर-चंद्रहारा (जिला पुलवामा), मुगल मैदान (जिला किश्तवाड़), गुलपुर (जिला पुंछ), ड्रगमुल्ला (जिला कुपवाड़ा), विजयपुर (जिला सांबा) और पंचेरी (जिला उधमपुर) के लिए मंजूरी दी गई है।

# औद्योगिक विकास के प्रयासों में नर्मदापुरम को मिली अपार सफलता : मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई समूचे नर्मदापुरम के विकास का केंद्र बनेगा। सतपुड़ा का यह क्षेत्र नया इतिहास रचने जा रहा है। औद्योगिक विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से नर्मदापुरम आरआईसी में अपार सफ्लता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई में आयोजित विद्युत एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में इकाइयों के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरआईसी से मोहासा-बाबई सौर ऊर्जा पार्क की भूमि 227 एकड़ से बढ़कर 884 एकड़ हो गई। आरआईसी में 20 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र भी वितरित किये गये। भूमि-पूजन समारोह में लोक निर्माण विभाग एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अनुराग जैन, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेम शंकर वर्मा तथा प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन विभाग राघवेन्द्र सिंह सहित अन्य जन-प्रतिनिधि, विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनसमूह उपस्थित रहा। डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नया इतिहास रचने जा रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगभग 2 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इससे सोहागपुर, इटारसी, सिवनीमालवा, पिपरिया, पचमढ़ी के स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और रोजगार के लिए होने वाला पलायन इन क्षेत्रों से रुकेगा। आरआईसी में किये जा रहे निवेश के कारण महज 2 से 3 वर्षों में ही संपूर्ण नर्मदापुरम क्षेत्र का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। नर्मदापुरम की कर्मशील जनता औद्योगिक विकास में सहायक बनेगी। नर्मदापुरम वन संपदा, भू-संपदा, बेहतर रोड और रेल कनेक्टिविटी जैसी सुविधाओं के साथ औद्योगिक विकास के लिए सबसे अनुकूल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उज्जैन, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, सागर के बाद अब 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नर्मदापुरम में हो रही हैं। औद्योगिक विकास के इन प्रयासों में नर्मदापुरम को कम समय में सबसे अधिक सफलता मिली है। निवेशकों को औद्योगिक पार्क मोहासा-बाबई की विशेषता तथा सरकार द्वारा दिए जा रहे वित्तीय अनुदान का सीधा फायदा निवेशकों को देने का हमने निर्णय लिया है। साथ ही अत्यंत कम दरों पर निवेशकों को जमीन उपलब्ध करवाई गई है। जिले के प्रभारी एवं लोक निर्माण मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अथक प्रयासों एवं दूरदर्शी सोच से नर्मदापुरम का कायाकल्प होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देश-विदेश का भ्रमण कर प्रदेश में औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के साथ रोजगार सृजन करने का अभूतपूर्व काम किया हैं।

नर्मदापुरम में हजारों करोड़ रूपये का निवेश होने जा रहा है, जिससे न केवल नर्मदापुरम के युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा बल्कि नर्मदापुरम औद्योगिक विकास के विश्व पटल पर स्थापित होगा।

## फर्रुखाबाद में राइफल से अचानक चली गोली से छात्र की मौत



**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में ,परिजनों के बीच विवाद में राइफल की छीना झपटी के दौरान अचानक चली गोली के लगने से ,एक छात्र की मौत होने पर गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने बताया कि मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करम चंदपुर में शुक्रवार पूर्वाह्न जयकरन सिंह और बबलू उर्फधर्मेंद्र के बीच किसी बात को लेकर विवाद यहां तक बढ़ा कि जयकरन अंदर से लाइसेंसी रायफल लेकर आ गया। इसी दौरान जयकरन का बेटा अंकित विवाद को खत्म करने के लिए पिता से राइफ्ल की छीनाझपटी करने लगा और राइफल से अचानक चली गोली करीब 25 मीटर दूरी पर नल टोटी से पानी लेने आए पड़ोसी छात्र चंदन उम्र करीब 17 के जा लगी जिसके फलस्वरूप उसकी मौत हो गई। इसके बाद गांव में अचानक छात्र चंदन की मौत को लेकर सनसनी फैल गई है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि परिवार के दो भाइयों में राइफल की छीना झपटी में, 17 वर्षीय छात्र चंदन के अचानक गोली लगने से मौत हुई। मृतक एवं दूसरे पक्ष से किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी तथा मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फ्तेहगढ़ को भिजवाया।

## यातायात जागरूकता की अनूठी पहल, गजरा पहनाकर किया बाइकरों को जागरूक

एजेंसी ➤ भदोही
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की पुलिस ने यातायात नियमों को लेकर बार-बार जागरूक करने के बाद भी न सुधरने की कसम खाए बैठे लोगों को पुलिस ने गजरे की माला पहनाक शर्मसार किया।

यातायात प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि यातायात नियमों को दरकिनार करके लोगों को अक्सर वाहन चलाते देखा जाता है। ऐसे लोगों को जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग हर वर्ष एक माह का जागरूकता अभियान चलाता है। फिर भी लोग सुधारने का नाम नहीं लेते। जिससे हर रोज कोई न कोई घटना होती ही रहती है। जिसमें किशोर से लेकर नौजवान व उम्रदराज लोग अपनी जान गंवाते रहते है। जिले के गोपीगंज राजमार्ग चौराहे पर यातायात नियमों का पालन न करने वाले राहगीरों को माला पहनाकर शर्मसार कर नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। यातायात प्रभारी द्वारा नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ यातायात नियमों से अवगत कराया। इस दौरान 18 वर्ष से कम आयु होने पर वाहन न चलाएं, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन न चलाएं, पैदल व साइकिल से चलने वाले यात्रियों को सम्मान दें, एंबुलेंस व शव वाहन को साइड देने आदि की जानकारी दी गई। बाइक सवारों को शपथ दिलाई की अब जब भी चलेंगे हेलमेट पहनकर चलेंगे।

# आबकारी टीम ने डेढ़ लाख से अधिक मूल्य की अवैध मदिरा की जब्त

एजेंसी ➤ जबलपुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में आबकारी विभाग की टीम ने डेढ़ लाख रुपए से अधिक मूल्य की अवैध मदिरा जब्त की है। आबकारी विभाग के सूत्रों ने बताया कि जिले के बरगी थाना क्षेत्र में नर्मदा किनारे खिरहनी घाट में अवैध मदिरा निर्माण एवं संग्रहण की सूचना पर कल दबिश दी गई। जहां पर अलग-अलग स्थानों से कुल 30 लीटर हाथ भट्ठीशराब और लगभग 1850 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। जप्त महुआ लाहन के सेंपल लेकर शेष लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। कार्यवाही में जप्त मदिरा और लाहन का अनुमानित बजार मूल्य 1 लाख 89 हजार 500 रुपये है। इस मामले में म. प्र. आबकारी अधिनियम धाराओं के तहत 6 प्रकरण दर्ज किये गये हैं।

## सघन टीबी अभियान शुरू, सांसद ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया में सघन टीबी उन्मूलन अभियान शुरू हो गया और देवरिया सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने शिक्षा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सात दिसंबर से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान शुरू हो गया। इस क्रम में मणि ने यहाँ क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के धनवंतरी सभागार में मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य और चिकित्सकों के साथ बैठक कर पूरे जनपद में निक्षय वाहन के भ्रमण के लिए विस्तृत चर्चा की और 5 क्षय रोगियों को गोद लिया। इस दौरान उन्होंने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर यह कार्यक्रम पूरे देश चलाया जाएगा जिसके क्रम में देवरिया जिले में यह कार्यक्रम 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 चलेगा। इस संबंध में उन्होंने अभियान को गति देने का निर्देश दिया है। ऐसे में विशेष अभियान के जरिए नए टीबी रोगियों को खोजने, टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करना और स्वस्थ व्यक्तियों में टीबी संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट तथा अन्तर्विभागीय समन्वय पर जोर रहेगा।

## एमएसपी पर मूंग की खरीद की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी ➤ अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में अजमेर में किसानों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन करके न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद की मांग करते हुये ज्ञापन दिया। अजमेर के नसीराबाद में धरना दे रहे किसान वहां से कूच करके अजमेर मुख्यालय पहुंचे और जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एम.एस.पी. को स्वयं का हक बताते हुये किसान पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद करे, जो खरीद बंद कर रखी है, उसे शुरू करे। प्राकृतिक कारणों से मूंग की गुणवत्ता में कमी है तो भी सरकार किसानों को राहत प्रदान करे। उन्होंने कहा कि किसान को राहत देने का काम सरकार का है और यह किसानों का हक है, इसके लिये संघर्ष जारी रहेगा। रामपाल ने कहा कि मूंग की खरीद बंद है। भाव 5500 रूपये प्रति क्विंटल, जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये है । इस तरह किसानों को तीन हजार रूपये प्रति क्विंटल का घाटा उठाना पड़ रहा है । प्रदर्शन में बड़ी संख्या में अजमेर-नसीराबाद एवं अन्य जगहों के किसान हाथों में तख्तियां लेकर अपने हक की आवाज उठा रहे थे।

## बिरला और बेढम रविवार को देवनारायण तीर्थ स्थल आयेंगे

**भीलवाड़ा।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रविवार को राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र के मालासेरी डूंगरी स्थित देवनारायण तीर्थ स्थल आयेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बिरला अपराह्न पौने तीन बजे जयपुर से कार से रवाना होकर शाम छह बजे मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे। वह रात 7:50 पर पुनः जयपुर के लिये रवाना होंगे। गृह राज्य मंत्री बेढम राजसमंद से अपराह्न तीन बजे रवाना होकर पांच बजे मालासेरी डूंगरी पहुंचेंगे। वहां एक शाम जालवाला नाथ के नाम महाभक्ति कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद रात आठ बजे जयपुर के लिये रवाना होंगे।

## डॉ रवजोत सिंह ने नगर निगम कार्यालय में 85 व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**अमृतसर।** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री पंजाब, डॉ रवजोत सिंह ने नगर निगम कार्यालय में 85 व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। डॉ सिंह ने बताया कि ये नौकरियां बिना किसी सिफारिश, भेदभाव, भाई-भतीजावाद और पक्षपात के दी गयी हैं। उन्होंने कहा कि केवल योग्यता के आधार पर ही नियुक्तियां की गयी हैं। उन्होंने बताया कि मिशन रोजगार के तहत स्थानीय निकाय विभाग में अब तक 1,255 कर्मचारियों को नियुक्तियां दी गयी हैं, और इस श्रंखला में यह नौकरियां प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नये नियुक्त कर्मचारी अपनी कलम का उपयोग समाज के जरूरतमंद और पिछड़े वर्गों की मदद के लिये करेंगे। इस मौके पर स्थानीय निकाय मंत्री द्वारा 19 कार्य साधक अधिकारी, 18 ड्राइवर/ऑपरेटर और 48 सफाई सेवक, सेवादार और बेलदार को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।

## सूद ने किया चौहान की घोषणा का स्वागत

**होशियारपुर।** पंजाब के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तीक्षण सूद ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की संसद में इस घोषणा का स्वागत किया है कि सरकार देश भर में सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। सूद ने जारी बयान में कहा कि इस कदम से अर्थव्यवस्था पर दीर्घावधि में सकारात्मक प्रभाव होंगे। सूद ने कहा कि केवल भाजपा ही किसान हितैषी पार्टी है जबकि कॉंग्रेस केंद्र में 50 साल सत्ता में रहने के बावजूद कभी किसानों के लिए अर्थपूर्ण कदम नहीं उठा पाई। उन्होंने कहा कि किसान अब अपने उत्पाद बेचने के लिए बाजार खोजने की चिंता के बिना अपनी पसंद की फसल उगाने के लिए आजाद होंगे और आर्थिक शोषण से भी उन्हें मुक्ति मिलेगी। भाजपा नेता ने इसीके साथ किसान संगठनों से अपील की कि वह सरकार से संवाद करें और चल रहे विरोध प्रदर्शन समाप्त करें जिससे आंदोलन से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और सड़क परिवहन पर पड़ रहा दबाव कम होगा।

## अमृतसर से हेरोइन लाते युवक गिरफ्तार



**हनुमानगढ़।** राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे 251 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि पकड़े गए युवक सिकंदर खान (22) निवासी वार्ड नंबर पांच गांव गुड़िया के कब्जे से बरामद 251 ग्राम हेरोइन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य करीब एक करोड़ रुपए है। सिकंदर द्वारा हेरोइन तस्करी में इस्तेमाल की गई कार भी पुलिस ने जब्त कर ली है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अहमद नवाज उर्फचिड़िया (52) निवासी गुड़िया फरार है। उस पर मारपीट आर्म्स एक्ट और मादक द्रव्य एवं मनोत्तेजक पदार्थ (एनडीपीएस) एक्ट के 35 मामले दर्ज हैं। वह टिब्बी थाना क्षेत्र का कुख्यात अपराधी है। अली ने बताया कि गुड़िया गांव के सिकंदर खान के बारे में गुप्त सूचना मिली कि वह अमृतसर से हेरोइन ला रहा है। इस पर पुलिस अमृतसर से ही इसके पीछे लग गई।

## पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप स्कीम के तहत 92 करोड़ रुपए की राशि जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ बलजीत कौर ने कहा कि अनुसूचित जाति के छात्रों की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार ने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर एस.सी. स्टूडेंट्स स्कीम के तहत वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधान से 92 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2024-25 के छात्रों की स्कॉलरशिप के लिये 245.00 करोड़ रुपये की राशि रखी गयी है। यह जानकारी आज पंजाब भवन, चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। डॉ. कौर ने बताया कि पंजाब सरकार ने पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप फॉर एस.सी. स्टूडेंट्स स्कीम के तहत वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक की बकाया राशि के लिये वर्ष 2023-24 में 366.00 करोड़ रुपये जारी किये थे, जिनमें से 1008 संस्थानों को 283.62 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मंत्री ने कहा कि शेष संस्थानों को भी जल्द भुगतान किया जायेगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सरकारी संस्थानों और पंजाब राज्य के वे छात्र जो अन्य राज्यों के संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं।

## सुक्खू ने सशस्त्र कल्याण कोष में किया अंशदान


एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सशस्त्र कल्याण कोष में अंशदान किया । सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को यहां सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदन शील शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को फ्लैग(झंडा) लगाया। सुक्खू ने लोगों से सेवारत एवं पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए उदारतापूर्वक योगदान का आहवान किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले वीर सैनिकों पर हमें गर्व है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अविस्मरणीय बलिदानों और सेवाओं को स्मरण करने तथा उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है। सशस्त्र बलों का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। स्वास्थ्य एवं सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल और विधायक हरीश जनारथा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## राजस्थान विधानसभा का नया सत्र आगामी जनवरी के तीसरे सप्ताह में शुरु होने की संभावना

एजेंसी ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में इस बार विधानसभा का शीतकालीन सत्र नहीं हो पायेगा और अगला नया सत्र आगामी जनवरी के दूसरे एवं तीसरे सप्ताह में शुरु होने की संभावना हैं। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने यूनीवार्ता से कहा कि इस बार राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन के आयोजन के कारण लगभग यह महीना इन गतिविधियों में रहेगा। देवनानी ने कहा कि इसलिए इस बार शीतकालीन सत्र नहीं हो पायेगा और अगला नया सत्र जनवरी के दूसरे या तीसरे सप्ताह में कराया जायेगा। सत्र शुरु होने के बाद बीच में थोड़ा विराम देकर इसे लंबा चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार नया सत्र नवाचारों के कारण नये स्वरुप में नजर आयेगा। उन्होंने बताया कि नवाचार के तहत विधानसभा को पेपर लेस किया गया जो आगामी जनवरी के प्रथम सप्ताह तक यह काम हो जायेगा। इसके अलावा जयपुर गुलाबी नगरी के रुप में प्रसिद्ध हैं और यह गुलाबी रंग अच्छा भी लगता हैं। इस कारण विधानसभा को गुलाबी रंग दिया गया। इस कारण इस बार कई नवाचारों के कारण अगला नया सत्र बदला हुआ स्वरुप में दिखेगा। उन्होंने बताया कि सदन में प्रत्येक विधायक की सीट पर आईपैड एवं लैपटाप होंगे। हालांकि शुरु में थोड़ी दिक्कत आयेगी लेकिन विधायकों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए वह सदन में विधायकों की मदद के लिए 20 लोगों को छह महीने तक अंदर आने की अनुमति देंगे ताकि वे विधायक की सीट पर जाकर उन्हें गाइड कर सके। उधर राइजिंग राजस्थान के बाद नये साल में शुरु होने वाले बजट सत्र में भजनलाल सरकार अपना दूसरा बजट पेश करेगी।

## लोक कला व हस्तशिल्प का अद्भुत संगम 13 दिसंबर को

**मुंबई/जयपुर।** देश की समृद्ध लोक सांस्कृतिक धरोहर अब मुंबई में 13 दिसंबर को रूमादेवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'रूमायना रंगोत्सव' एक ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में पेश होगा, जो न केवल कलाप्रेमियों के लिए, बल्कि देश की पारंपरिक कला और संस्कृति से जुड़ने की चाह रखने वालों के लिए भी खास होगा। रूमा देवी फाउंडेशन की निदेशक सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने बताया कि यह कार्यक्रम मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित मुक्ति सांस्कृतिक ऑडिटोरियम में अपराह्न चार बजे से रात नौ बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में भक्तिकाल से चली आ रही प्राचीन वीणा भजन परंपरा की सजीव प्रस्तुति होगी।

## सर्दियों में व्यवस्था की तैयारियों के मद्देनज़र बैठक आयोजित

एजेंसी ➤ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के शिमला में सर्दियों में व्यवस्था की तैयारियों के मद्देनज़र खंड विकास अधिकारी कार्यालय जुब्बल में उपमंडलधिकारी गुरमीत नेगी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में लोक निर्माण, बिजली, जलशक्ति, पुलिस, स्वास्थ्य, कृषि और बागवानी, अग्निशमन, वन सहित अन्य सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त व्यापार मण्डल जुब्बल और नगर पंचायत जुब्बल के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। नेगी ने आने वाले मौसम में बर्फ्बारी के दौरान आने वाली समस्याओं से निपटने के लिये सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये और कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जन सामान्य को कम से कम समस्या हो, क्योंकि प्रशासन का यह दायित्व है कि वह नागरिकों को सुरक्षा और बेहतर सुविधायें प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सभी विभाग समय रहते अपनी तैयारियां पूरी कर लें, जिससे कि आपदा के समय किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर बी डी ओ जुब्बल करण सिंह, नायब तहसीलदार जुब्बल कंवर युद्ध, अभय सिंह और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक का चक्कर लगाने को मजबूर हैं मईयां सम्मान योजना की हकदार महिलाएं : बाबूलाल मरांडी

वार्ता ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मईयां सम्मान योजना को लेकर फिर एकबार राज्य सरकार पर निशाना साधा। मरांडी ने कहा कि हजारीबाग जिले सहित पूरे झारखंड में महिलाएं 'मंईयां सम्मान योजना' के तहत मिलने वाली राशि के लिए अंचल कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। 18 से 50 वर्ष की उम्र की विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाएं, जो इस योजना के अंतर्गत आती हैं, उन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा। कई महिलाओं ने चार से पांच बार आवेदन किया, लेकिन फिर भी उनके खातों में सम्मान राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि योजना के तहत प्रतिमाह 2500 रुपये देने का प्रावधान है, लेकिन अधिकांश महिलाओं को राशि मिलना तो दूर, आवेदन स्वीकृति की स्थिति तक स्पष्ट नहीं है, इससे झारखंड की सभी माताएं बहनें परेशान हो रही हैं। कई मामलों में, फार्म भरने और आवश्यक दस्तावेज देने के बावजूद, योजना का लाभ नहीं मिला। मरांडी ने कहा कि रामगढ़ जिले में भी स्थिति खराब है, जहां करीब 30 हजार महिलाओं को इस योजना की राशि अब तक नहीं मिली। प्रशासन की लापरवाही और प्रक्रियागत बाधाओं के कारण महिलाएं बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण माताएं बहनें दिनभर लाइनों में खड़ी रहती हैं, लेकिन इसके बाद भी उन्हें केवल और केवल निराशा मिलती है। कहा कि भले ही योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना था, लेकिन सरकार की लापरवाही और देरी के कारण महिलाओं को मुश्किलों एवं सही क्रियान्वयन न होने से आर्थिक रूप से परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## पटेल ने सशस्त्र सेना ध्वज दिवस पर अंशदान किया अर्पण

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सशस्त्र सेना ध्वज दिवस पर गांधीनगर में अंशदान अर्पण कर देश की सीमाओं तथा मातृभूमि की रक्षा करने वाले वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। देश की रक्षा के लिए समर्पित होकर अपने प्राणों का बलिदान देकर वीरगति को प्राप्त हुए सेना तथा सशस्त्र बलों के कर्तव्यनिष्ठ जवानों के परिवारों के कल्याण के लिए इस सशस्त्र सेना ध्वज दिवस सात दिसंबर को सभी स्वैच्छिक अंशदान, दान अर्पण कर उनकी सेवाओं का ऋण स्वीकार करते हैं। पटेल ने भी इस उद्देश्य से सशस्त्र सेना ध्वज दिवस पर अपना योगदान अर्पण किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक विकास सहाय तथा सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास बोर्ड के लेफ्टिनेंट कर्नल (सेवानिवृत्त) जेठवा व अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## किशनगढ़ को विकास की सौगातों के लिये आमजन ने केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी को दिया धन्यवाद

एजेंसी ➤ किशनगढ़
www.dailypioneer.com



केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री एवं अजमेर लोकसभा सीट से सांसद भागीरथ चौधरी के संसदीय क्षेत्र किशनगढ़ स्थित निवास स्थान पर जनसुनवाई के दौरान आमजन ने किशनगढ़ को विकास परियोजनाओं की सौगात दिलाने के लिये चौधरी का आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई के दौरान चौधरी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और क्षेत्र के नागरिकों से आत्मीय मुलाकात करके उनकी समस्यायें सुनीं। क्षेत्रीय विकास, आधारभूत सुविधाओं, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे विषयों पर आई शिकायतों और सुझावों को उन्होंने गंभीरता से लिया। स्थानीय सांसद चौधरी ने संबंधित अधिकारियों से संवाद करके इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की सेवा और विकास के लिये उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। हर समस्या को प्राथमिकता के साथ हल करना उनका कर्तव्य है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उनकी नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए किशनगढ़ के विकास के लिये उनके योगदान की प्रशंसा की।

विशेष रूप से वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव, ईएसआईसी अस्पताल के लिये भूमि आवंटन स्वीकृति और तीन ओवरब्रिज की परियोजनाओं को लेकर जनता ने उन्हें धन्यवाद दिया।

## भाजपा की प्रदेश स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला रांची में

**रांची।** झारखंड में भाजपा का संगठन महापर्व की शुरूआत होनेवाली है। इस निमित्त प्रदेश भाजपा ने आठ दिसंबर को 11बजे पूर्वाह्न से नगड़ी ,रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं प्रदेश सदस्यता प्रभारी सांसद डी पुरंदेश्वरी,संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का मार्गदर्शन होगा। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी,सदस्यता अभियान की प्रदेश टोली, सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष,जिला प्रभारी,जिला सदस्यता प्रभारी सहित सदस्यता अभियान की जिला टोली शामिल होंगे।

# 'जिड़पल्ली' में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला बीजापुर में एक नए सुरक्षा कैम्प जिड़पल्ली 2 की स्थापना की गई है, जो कि माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के कोर क्षेत्र में आता है। यह नवीन सुरक्षा कैम्प छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत स्थापित किया गया है। इस नए सुरक्षा कैम्प की स्थापना से माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही में मदद मिलेगी और क्षेत्र में निवासरत आम लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल पाएगा। कैम्प स्थापना के साथ ही केरिपु मेडिकल यूनिट द्वारा मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई और निःशुल्क दवाई का वितरण किया गया। नवीन कैम्प जिड़पल्ली 2 की स्थापना से क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल बना हुआ है। जिला बीजापुर के अंदरुनी क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, जगदलपुर (छग), राकेश अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु छत्तीसगढ़ रायपुर, कमलोचन कश्यप पुलिस उप महानिरीक्षक, रेंज दंतेवाड़ा, सूरजपाल वर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा के मार्ग-दर्शन एवं डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक, जिला बीजापुर, लतीफ कुमार साहू कमांडेंट 228 वाहिनी केरिपु, संतोष कुमार कमांडेंट 204 कोबरा वाहिनी, शशिभूषण कमांडेंट 208 कोबरा वाहिनी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नियद नेल्ला नार योजना के तहत माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित कहे जाने वाले कोर क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैम्प 'जिड़पल्ली-2', 3 दिसम्बर को स्थापित किया गया। यह कैम्प माओवादियों के पीएलजीए बटालियन के सुरक्षित क्षेत्र में स्थापित किया गया है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में माओवादियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करना और आम जनों तक विकासात्मक कार्यों और मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। क्षेत्र में सड़क मार्ग का विस्तार और पुलों का निर्माण किया जाएगा ताकि आम जनता को आसानी से आवागमन की सुविधा मिल सके। क्षेत्र में बिजली और पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि लोगों को इन मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। क्षेत्र में पीडीएस दुकानें खोली जाएंगी ताकि लोगों को राशन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की सुविधा उनके गांव में ही मिल सके। क्षेत्र में अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। क्षेत्र में मोबाइल कनेक्टिविटी का विस्तार किया जाएगा ताकि लोगों को मोबाइल सेवाओं का लाभ मिल सके। नए कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में आम-जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है। 5 दिसंबर को माओवादियों के द्वारा सुरक्षा बलों की आउटर कार्डन टीम पर बीजीएल से हमला किया गया था, जिस पर जवानों के द्वारा माओवादियों को मुहतोड़ जवाब दिया गया। माओवादी अंधेरे का फायदा उठा कर में भाग खड़े हुए। कैम्प स्थापना के दौरान फेंगल तूफान का भारी असर और माओवादियों के द्वारा किया गया हमला भी जवानों के मनोबल को हिला नही पाया। जवान लगातार मोर्चा संभाले हुए है।

# चिराग परियोजना से गांव के कृषक परिवार की उन्नति संभव



पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के माकड़ी एवं बड़ेराजपुर के चिन्हित ग्राम में से निहित ग्राम खुड़ी, बाघबेड़ा, कोषाहरदुली, उलेरा, पाड़ोकी, छोटेराजपुर, बड़ेराजपुर, माडोकी खरगांव में चिराग परियोजना अन्तर्गत एक दिवसीय कृषक परिवार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 360 कृषक परिवार के सदस्य शामिल हुए। प्रशिक्षण में पोषण एवं बागवानी क्रियाकलाप के घटक पोषण, व्यक्तिगत बाड़ी, बाड़ी फेंसिंग, ग्रेवेटि ड्रीप, बाड़ी फसल प्रदर्शन, तथा सामुदायिक बाड़ी में की जाने वाली उद्यानिकी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में घटको के अन्तर्गत प्रावधानित अनुदान सहायता राशि के बारे मे विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को जानकारी दी गई। कृषक परिवार सदस्यों को बताया गया कि, प्रावधानित अनुदान राशि विभिन्न घटकों में उपयोग लाये जाने वाली आदान सामाग्री का क्रय कृषक द्वारा स्वयं की जाएगी। अनुदान राशि क्रय सामग्री उपयोग एवं भौतिक सत्यापन के बाद अनुदान की राशि कृषक के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। प्रशिक्षण में अनुदान राशि का सही सदुपयोग करने का आह्वान प्रशिक्षण में उपस्थित मुख्य अतिथि प्रमिला मरकाम, कृषि स्थायी समिति कोंडागांव द्वारा किया गया। कृषक परिवार सदस्यों द्वारा चिराग योजना में साझेदारी एवं सहभागिता सुनिश्चित करने की हिदायत संगीता पोयाम जनपद सदस्य बड़ेराजपुर के द्वारा दिया गया। प्रगतिशील कृषक मंहगू राम मरकाम, उप सरपंच रतिराम मरकाम ने कहा की कृषक की भागीदारी से ही गांव, जिला और राज्य का विकास होगा एवं कृषक परिवार का भविष्य सुदृढ़ होगा।

# बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर के द्वारा महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



बौद्ध समाज भानुप्रतापपुर के द्वारा में भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के रचनाकार, नारियों के मुक्तिदाता, ज्ञान के प्रतीक, बोधिसत्व डॉ. भीमराव कॉम के 66वें महापरिनिर्वाण दिवस बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल भानुप्रतापपुर में सायंकाल 05 बजे समाज के द्वारा भाव भीनी श्रद्धांजली दी गई। बौद्ध उपासक एवम उपासिकाओ के द्वारा बाबा साहब के प्रतिमा पर अंतिम संस्कार एवं पुष्प का निर्वाण कर मोमबत्ती प्रज्वलित किया गया। सामूहिक रूप से त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण किया गया। तत्पश्चात वक्ताओ ने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डालकर उनके अष्टांगिक मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। समाजजनों द्वारा दो मिनट का मौन धारण करके बाबा साहेब की आदरांजलि दी गई।मंच संचालन देवदत्त खोबरागड़े के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष वरुण खापर्डे सचिव बृजेश ऊके जिला उपाध्यक्ष किरण डोंगरे, प्रकाश गोस्वामी, विनोद रंगारी, रामप्रसाद नंदेश्वर, लोकेश मेश्राम, भीम गोस्वामी, शैलजा गढ़पाले, दामले मैडम भुनेश्वर गढ़पाले, राजेंद्र मेश्राम, पूनम डोंगरे, जानकी रामटेके, खैरखार एवं समाज के उपासक उपासिका एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



ग्राम ईरागॉव में 5 और 6 दिसम्बर को स्व. संपत पटेल खेल मैदान में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का सफल आयोजन हर्षोउल्लास के साथ किया गया। जिसमें संकुल ईरागॉव अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल स्तर के कुल 237 बच्चों ने भाग लिया गया। पहले दिन के प्रारंभ में स्कूलों के ध्वाजारोहण उपरांत प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रगान और मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ठाकुरराम दर्रो सरपंच ग्रामपंचायत बरहेली के द्वारा दीप प्रज्जल्वित कर खेल का शुभांरभ किया गया साथ ही मुख्यअतिथि कृष्ण कुमार दुग्गा सरपंच ग्रामपंचायत चिहरो के द्वारा सभी प्रतिभागियों को अनुशासन ईमानदारी और खेलभावना से खेल खेलने हेतु शपथ दिलाई गई, तद्उपरांत खेल प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार दुग्गा द्वारा खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ''खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते है बल्कि छात्रों में आत्मविशवास समर्पण ओर नेतृत्व के गुण भी विकसित करते है।'' प्रतियोगिता के दौरान कब्बड्डी, खो-खो, व्हालीबाल, रिलेरेस आदि के साथ व्यक्तिगत् खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों के खेल कौशल को देखकर ग्रामीण दर्शक अत्यंत रोमांचित और गदगद थे। बच्चों के खेल के साथ ही नवयुवकों का खेल तथा ग्रामीण महिलाओं का रस्साकसी, कुर्सी दौड़ खेल भी कराया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुकेश्वरी नरेटी जनपद सदस्य दुर्गूकोन्दल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि हार-जीत से अधिक महत्वपूर्ण खेल में भाग लेना और अपने सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए प्रयास करना है। स्कूली बच्चों के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के बाद विजेताओं को पुरूस्कार और ट्रॉफी वितरण किया गया। संकुल प्राचार्य बोधीराम कोरेटी के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता की सफलता के लिए सभी शिक्षकगण और ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल संचालन में हाईस्कूल ईरागॉव प्राचार्य बी.आर. कोरेटी, संकुल समन्वयक बालकन दर्रो, सभी प्रधानाध्यापक महेशराम ठाकुर, चेतन पोटाई, गोर्वधन ठाकुर, रामाधार चिराम, अनिल साहू, रितुरानी दुग्गे, यमुना सेवता और सभी शिक्षकगण का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर संबित मिश्रा ने किया भैरमगढ़ ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने विकास कार्यो की जानकारी लेने भैरमगढ़ ब्लॉक का किया सघन निरीक्षण इस दौरान सीइओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार भी मुख्य रूप से मौजूद थे। कलेक्टर ने भैरमगढ़ के कस्तूरबागांधी आवासीय विद्यालय में व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं जिले के अंतिम छोर पर दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर बसे ग्राम पंचायत बेंगलूर एवं सडार पहुंचकर विकास कार्यो की जानकारी ली। भैरमगढ़ के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में छात्राओं से मिलकर पढ़ाई, लिखाई में संस्था में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। छात्राओं ने कलेक्टर से आत्मीयता पूर्वक मिलकर अपनी पढ़ाई संबंधी जानकारी दी। वहीं विद्यालय में कम्प्यूटर एवं अतिरिक्त कक्ष की मांग के साथ ही विद्यालय के डायनिंग हाल की स्थिति एवं पढ़ाई हेतु उपलब्ध प्रोजेक्टर के मरम्मत कराने अवगत कराया। कलेक्टर ने छात्राओं की समस्या से अवगत होकर डाईनिंग हाल एवं प्रोजेक्टर के मरम्मत हेतु निर्देश दिए। तत्पश्चात जिले के अंतिम छोर बेंगलूर में बालक आश्रम एवं आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया एवं स्कूल भवन का मरम्मत कराने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी में कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्धारित समय तक रूकने सभी दर्ज बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं बच्चों का नियमित रूप से पौष्टिक आहार प्रदाय करने के निर्देश दिए।

# भानुप्रतापपुर में हुई बूंदाबांदी, मौसम हुआ सर्द दलहन व तिलहन फसलों को होगा नुकसान

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर अंचल में विगत तीन चार दिनों से आसमान में बादल छाया हुआ है शनिवार सुबह ब्लाक मुख्यालय समेत क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। आसमान में बादल और हल्की बारिश होने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। खराब मौसम के कारण बाजार में भीड़ कम दिखाई दी। दिनभर आसमान में बादल छाया रहा हवा भी शीतलहर में गई जिससे लोग दिनभर गर्म कपड़े पहने हुए दिखाई दिए। वही मौसम के बदलते तेवर से एक बार फिर किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। लगातर तीन चार दिनों से आसमान में बादलों के डेरा जमाने से सबसे अधिक नुकसान दलहन व तिलहन फसलों को होगा। किसानों को इस बार लगातार मौसम की मार झेलनी पड़ रही है। किसानों के धान की फसल नुकसान हो गई थी। अब रवि फसल की भी तैयारी चल रही है मौसम ने किसानों की चिता बढ़ा दी है। दलहन तिलहन की फसलों में कीट लगने की संभावना बढ़ गई है। वहीं मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को एक बार फिर से ठंड का सामना करना पड़ रहा है।बादलों की आवाजाही के चलते सूर्यदेव के दर्शन भी बहुत कम होने लगी है। सर्दी से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। मौसम खराब होने से दलहनी-तिलहनी फसलों को नुकसान होगा। अगर बारिश हुई तो दलहनी फसल चना, मसूर व मटर की फसल खराब हो जाएगी। 14 नवंबर से धान खरीद की जारी रही इस बीच बीते तीन चार दिनों से मौसम बदला हुआ है ऐसे में बारिश की संभावना है। बारिश होने से धान खरीद प्रभावित हो सकती है।

# शैक्षणिक भ्रमण पर स्कूली बच्चों को किया गया रवाना



**भानुप्रतापपुर।** कच्चे स्कूल के दर्जनों बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए शिक्षक शिक्षिकाएं तथा ग्रामीण द्वार संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। शासन कि मंशा के अनुसार बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षिक भ्रमण कराया जा रहा है। जिससे बच्चों के अंदर जिज्ञासा का भाव उत्पन्न हो सकें। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कच्चे के बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण और शिक्षा संबंधी जानकारी के लिए विवेकानंद आश्रम नारायणपुर रवाना किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पुजारी मन्नू गावड़े, मंडल महामंत्री एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद जैन, वरिष्ठ नागरिक मोहन चिराम, शाला विकास समिति उपाध्यक्ष कृष्णा भूआर्य, बूथ अध्यक्ष रामदेव कोला, अशोक साहू, निरंजन कुमार, दिनेश जायसवाल, शिक्षक पी. आरदे विशेष रूप से उपस्थित थे।

# धान खरीदी केंद्रों में उठाव नहीं, 60% से अधिक धान की हो चुकी है खरीदी, सोमवार से हो सकता है खरीदी बंद

पायनियर संवाददाता ∢ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



धान खरीदी केंद्रों में धान की खरीदी लगातार चल रही है। लेकिन समय पर धान का परिवहन ना होने की वजह से खरीदी केंद्रों ने धान खरीदी बंद हो सकता है। समितियों के उपार्जन केन्द्रों में उपार्जित धान का परिवहन को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस बीच अगर धान का उठाव नहीं होता है तो सोमवार को धान खरीदी करना संभव नहीं दिख रहा है। हालांकि कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए जिले के कई खरीदी केंद्रों से धान परिवहन के लिए निर्देश दिए हैं जिसके बाद शनिवार को कुछ खरीदी केंद्र में गाड़ियां लगी। जानकारी के अनुसार संबलपुर और दमकसा में शनिवार को एक-एक वाहन उठाव के लिए लगी थी। ज्ञापन में कलेक्टर को बताया गया है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्रों द्वारा दिनांक 14 नवंबर से शासन के नियमानुसार धान का कृषको से उपार्जन कार्य किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्रों में तय सीमा से 50% से 60% से अधिक धान का उपार्जन किया गया है। फिर भी जिला सहकारी अधिकारी विपणन संघ कांकेर द्वारा किसी भी प्रकार का परिवहन के संबंध में ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। जिससे उपार्जन केन्द्रों में अगामी दिनों के लिए उपार्जन का कार्य कर पाना संभव नहीं है। परिवहन न होने की स्थिति में 9 दिसम्बर से उपार्जन कार्य नहीं हो पायेगा।

## ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव -2024

# परंपरागत जैविक कृषि में ही है कृषकों की आर्थिक समृद्धि : अटामी

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

### अन्य जिलों से आए प्रगतिशील कृषकों ने भी विचार साझा किए, 14 ग्रामों को प्रमाणीकरण, प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्क्लेव के दूसरे दिन प्रगतिशील किसानों और विशेषज्ञों ने जैविक खेती के महत्व और उसके फायदे पर चर्चा की। इस क्रम में रोहित साहू (दुर्ग) और धनेन्द्र साहू (धमतरी) ने अपने अनुभव साझा करते हुए जैविक खेती की तकनीकों और इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने जैविक खेती करके भूमि की उर्वरता को बनाए रखी, बल्कि पर्यावरण का संरक्षण भी किया। इसके अलावा जिले की प्रतिभाशाली छात्रा कृति नेताम ने भी इसमें भाग लेते हुए और जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्थानीय समुदाय को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और बताया कि यह न केवल स्वास्थ्य के लिए बेहतर है बल्कि आर्थिक रूप से भी किसानों को सशक्त बना सकती है। इस तरह के कार्यक्रम से किसानों को नई तकनीकों और अनुभवों से परिचित होने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपनी खेती को अधिक लाभकारी और पर्यावरण अनुकूल बना सकते हैं। इसके साथ ही विधायक एवं जनप्रतिधियों के हाथों कृषकों को कृषि यंत्रों का वितरण, 16 ग्रामों को वृहद क्षेत्र प्रमाणीकरण अन्तर्गत प्रमाण पत्र का वितरण, के साथ-साथ जिले के 1062 आंगनबाड़ी केन्द्र में गंभीर कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले जैविक मल्टीग्रेन मिलेट पोषण आहार को ''लांच'' किया गया। इस इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य वेशुराम मंडावी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, कृषि उप संचालक सूरज पंसारी सहित अन्य जिलों के कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

जावंगा ऑडिटोरियम में द्वि दिवसीय ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव के अंतिम दिन मुख्य अतिथि के रूप में पधारे क्षेत्र विधायक चैतराम अटामी ने वक्तव्य में कहा कि यह हर्ष का विषय है कि जिले में प्रथम बार ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कॉन्कलेव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन से न केवल हमारे जिले के जैविक कृषकों की उपलब्धियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही परंपरागत खेती के महत्व और उसकी परंपरागत विरासत को दर्शाया गया है। जैविक खेती न केवल कृषि की एक स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल विधि है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और पारंपरिक धरोहर को भी जीवित रखती है। अटामी ने किसानों की सराहना करते हुए यह संदेश दिया है कि वे जिले के गौरव को बढ़ा रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में जैविक खेती की परंपरा हमारे पूर्वजों के समय से चली आ रही है, जो इस क्षेत्र की विशेषता और पहचान है। इस प्रकार के आयोजन से न केवल किसानों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि अन्य लोगों को भी इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। जैविक खेती को बढ़ावा देने से न केवल पर्यावरण संरक्षण होगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और समृद्ध कृषि अर्थव्यवस्था की ओर भी यह एक सकारात्मक कदम है। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि जिले में अंधाधुंध भूमिगत जल दोहन करने के दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि अत्यधिक बोर खनन से जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है अतः हमें घर - घर कुएं के निर्माण को बढ़ावा देना होगा। इसके साथ ही उन्होंने गोवंश पालन के महत्व को बताते हुए कहा कि जैविक खाद का प्रमुख स्त्रोत गोवंश ही है अतः गायों सहित अन्य पशुओं को घुमन्तु न बनाए। राज्य शासन द्वारा किसानों के हित में प्रारंभ की गई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि शासन किसानों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक का यह भी कहना था कि वे स्वयं किसान पुत्र है और विधायक होने के बाद भी आज खेतों में काम करना उनके लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रदेशों से आए जैविक कृषि विशेषज्ञों को आने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जैविक कृषि विशेषज्ञ पद्मश्री भारत भूषण त्यागी ने भी अपना वक्तव्य दिया ज्ञात हो कि बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के निवासी त्यागी भारतीय किसान शिक्षक और प्रशिक्षक है। जिन्होंने जैविक कृषि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसके लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया है। उनका कहना था कि कृषकों की आर्थिक विकास जैविक कृषि से ही संभव है। इसके अलावा हमें बहु फसलीय पद्धति का भी अनुकरण करना होगा। यदि पूरी समझदारी से जैविक कृषि के नियमों को सीखा जाए तो फसल उत्पादन में बढ़ोतरी निश्चित है इसके अलावा भारत सरकार द्वारा प्रमाणीकरण भी निशुल्क किया गया है। कृषकों को अपने जैविक उत्पादन के साथ उसके प्रसंस्करण प्रक्रिया भी अपनानी पड़ेगी।

# कोंडागांव युवा कांग्रेस ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिला युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष कपिलकांत नाग के अगुआई मे जिले के युवा कॉंग्रेसियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कोंडागांव तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा हैं। ज्ञापन मे प्रदेश मे बढ़ती गुंडागर्दी नशे के कारोबार महिलाओ से संबंधित घटनाओं मे हो रही बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के साथ किसानों को धान खरीदी मामले मे हो रही परेशानियों का उल्लेख किया गया है ज्ञापन के माध्यम से यह भी कहा गया है कि, चुनावी घोषणा पत्र मे धान का समर्थन मूल्य एक मुस्त 3100 रुपए देने की बात कही गयी थी, उस पर अमल करते हुए तत्काल घोषणा करें मुख्यमंत्री की 72 घंटे मे 3100 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से पेमेंट दिया जायेगा। साथ ही धान खीरीदी मे हुई रकबा कटौती को हटाई जाये और लेम्पस मे खरीदी गयी धान का उठाव तत्काल किया जाये। वहीं चुनावी घोषणा पत्र के आधार पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा मे सरकार पहल करें। युवा कॉंग्रेसियों ने स्थानीय भर्ती की को हवाला देकर चुनाव जितने वाले लोगों से अपील किया की स्थानीय भर्ती की प्रक्रिया को तत्काल शुरू करें ताकि स्थानीय युवाओं को इसका लाभ मिल सके। युवा कॉंग्रेसियों ने ज्ञापन मे यह भी कहा हैं की मांगों को गंभीरता से नहीं लिए जाने पर युवा कांग्रेस उग्र प्रदर्शन को बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष झूमुकलाल दीवान, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव श्रीपाल कटारिया, युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष कपिलकांत नाग, हेमंत भोयर, कल्पेश दीवान, जयलाल नाग, रितेश गुप्ता, दुष्यंत राणा और अन्य युवा कॉंग्रेसी मौजूद रहें।

# पुलिस अधीक्षक की छवि को दागदार कर रहा महकमे का एक अधिकारी...

## पीड़ित पक्ष शिकायत करने की तैयारी में

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले में शांति व्यवस्था स्थापित करने की पूरी जवाबदारी पुलिस विभाग को है। लेकिन जब पुलिस के अधिकारी ही अपना आतंक फैलाना शुरू कर दें, तो उस क्षेत्र में न अपराध रूकेगा और न ही आम लोगों की सुरक्षा होगी। यही कुछ चल रहा है नगरी, सिहावा क्षेत्रांतर्गत एक थाने में। जहां रायपुर कार्यालय में आला अधिकारी के स्टेनो का दायित्व निभाने वाले एक अधिकारी का रिश्तेदार अधिकारी, जिनका साफ कहना है कि मेरा तबादला नहीं हो सकता। इसलिये ये अपनी मनमानी मचाये हुए हैं जिसके चलते जिला पुलिस की भी छवि खराब हो रही है। हालांकि पुलिस अधीक्षक के पदस्थापना के बाद से अपराध और अपराधियों के कृत्य को रोकने के लिये सघन अभियान चलाया जा रहा है और इसमें सफलता भी मिल रही है। यदाकदा कुछ घटनाओं को छोड़ दिया जाये तो पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को दिये गये निर्देश का सख्ती के साथ पालन किया जा रहा है और अपराध की संख्याओं में कमी भी देखी जा रही है। लेकिन महकमे के एक अधिकारी के लगातार काले कारनामों के चलते पुलिस अधीक्षक की छवि भी दागदार हो रही है। नगरी सिहावा थाना में पदस्थ एक अधिकारी ने अपने पदस्थापना के बाद से इस क्षेत्र के नागरिकों को अकारण सताने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। किसी भी बात को तूल देकर संबंधितों को वे थाना तलब करते हैं और उनसे अभद्र व्यवहार, धमकी देकर भेंट-पूजा की मांग करते हैं। इनके द्वारा ऐसा कोई भी मामला हो, जिसे लेकर वे स्वयं संज्ञान लेकर उसपे जांच प्रारंभ करते हैं और जांच के नाम पर हथकंडे अपनाकर संबंधितों को परेशान करते हैं। जब इस मामले को लेकर एक नेता ने उक्त अधिकारी पर शासन, प्रशासन का



मान रखते शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आमजनों की सुरक्षा को लेकर बात किये तो उनका साफ कहना था कि मेरा कोई बाल बांका नहीं कर सकता। मेरा रिश्तेदार रायपुर स्थित एक पुलिस विभाग के एक वरिष्ठ कार्यालय में स्टेनो के पद पर पदस्थ है। इसी वजह से वे मनमानी किये जा रहे हैं। दबाव के चलते ऐसे पीड़ित लोग शिकायत भी नहीं कर पा रहे हैं। यह मामला अब तूल पकड़ने लगा है। ऐसी खबर है कि ऐसे पीड़ित लोगों का एक समूह अतिशीघ्र पुलिस अधीक्षक से मिलने भी वाले हैं जो अपनी पीड़ा यहां बतायेंगे। इस अधिकारी के लगभग एक वर्ष के कार्यकाल की सारी जानकारी देकर उनके विरूद्ध स्थानांतरण की मांग करेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक पता चला है कि उक्त थाना क्षेत्रों में सट्टा, जुआ, शराब, रेत का अवैध परिवहन जैसे अनेक अपराधों में संलिप्त लोगों से महीना वसूल करना इनकी आदत सी बन गई है। इनका साफ कहना है कि जो ज्यादा पैसा देगा, वही सब ऐसे गैर कानूनी कार्य कर सकता है। उनके इस बोल से ही पता चलता है कि उक्त अधिकारी का क्षेत्र में किस प्रकार व्यवहार है। इसके अतिरिक्त ऐसे अनेक जरूरतमंद लोग हैं जो अपने साथ घटित घटना की शिकायत लेकर थाना पहुंचते हैं तो उक्त अधिकारी उनसे अभद्र व्यवहार कर उन्हें बैरंग लौटा देते हैं। ऐसे लोगों ने बताया कि उक्त अफसर यह कहता है कि मेरे थाना क्षेत्र में अपराध की कमी दिखनी चाहिये। इसी वजह से वह ऐसे छोटी, बड़ी घटनाओं की एफआईआर तक नहीं करते। इस तरह उनके कार्यशैली से जनता बेहद त्रस्त है। अब चूंकि उक्त अधिकारी का जुल्मोसितम आम जनता पर दिनोंदिन बढ़ते जा रहा है, इस वजह से ऐसे लोग लामबद्ध होकर शीघ्र ही पुलिस अधीक्षक से मिलने वाले हैं और उक्त अधिकारी के कृत्य का परदा फाश करेंगे। इनका कहना है कि परित्राणाय साधुनाम् को छोड़कर एक नई गाथा उक्त अधिकारी द्वारा लिखी जा रही है। ऐसे लोगों ने इस प्रतिनिधि को अपनी आपबीति सुनाते हुए उक्त अधिकारी की शिकायत की है। गौरतलब रहे कि जिले के पुलिस अधीक्षक की छवि पूरे प्रदेश में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट, स्वच्छ एवं ईमानदार छवि की रही है और उनके नाक के नीचे उनके ही विभाग के एक अधिकारी के कारनामों से इनकी छवि भी धूमिल हो रही है।

# ग्राम बिटकुली में चिकित्सा शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बिटकुली में संचालित सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस सिकलिन बी पी शुगर संबंधित चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला चिकित्सालय बलौदाबाज़ार से आये डॉ. जितेंद्र जांगड़े चिकित्सा अधिकारी, मोनिका यादव स्टाफ नर्स भावेश साहू आयुष साहू लैब टेकनेशियन उपस्थित थे। रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी नरेन्द्र देव मिर्झा ने शिविर में आए सभी छात्रों, ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों को जिला अस्पताल द्वारा आयोजित निशुल्क जांच परामर्श एवं दवाई वितरण का लाभ उठाने के लिए कहा। 80 से अधिक लोगों ने निशुल्क जांच शिविर का लाभ लिया। गणेश राम कुर्रे एवं जी एस मिंज प्राध्यापक द्वारा बच्चों को तनाव मुक्ति के मंत्र दिया गया। शिविर में अजीज प्रेमजी फाउंडेशन से आए अब्दुल एवं सुमेधा ने सभी को संविधान के महत्व को बताया। संविधान की स्थापना महत्व जरूरत कर्त्तव्य एवं अधिकार पर प्रकाश डाला गया। शिविर में कार्तिक पटेल प्राध्यापक, कारण सेन, जैनेन्द्र नायक, जय ठाकुर नरेश ध्रुव, सावन साहू, गिरिराज साहू, योगेश्वरी साहू चंद्रमणि साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक द्वारा कैम्प में सहयोग दिया जा रहा है। छात्र शिविर अध्यक्ष पीकेश ध्रुव एवं सरस्वती साहू है।

# अस्पृश्यता की भावना एक अभिशाप, जिसे मिलकर दूर करना होगा : रंजना साहू

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

अस्पृश्यता निवारण के लिए किए जा रहे है कार्यों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी के लिए अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन धमतरी क्षेत्र के ग्राम करेठा में आयोजित किए गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहीं। मंच में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सहायक संचालक विमल कुमार साहू जिला प्रशासन आदिवासी विभाग ने



अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर के आयोजन की जानकारी दिए जिसमें अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 का प्रावधान है। यह अनुच्छेद अस्पृश्यता की प्रथा पर रोक लगाता है और उसे प्रतिबंधित करता है, इसमें सजा का भी प्रावधान है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि अस्पृश्यता, जाति व्यवस्था पर आधारित एक सामाजिक बहिष्कार की प्रथा है। यह प्रथा बहुत लंबे समय से चली आ रही थी जिसे संविधान में अनुच्छेद 17 से हटा कर देश में सब एक की भावना लाई गई। अस्पृश्यता का अर्थ है किसी व्यक्ति या समूह के सभी लोगों के शरीर को सीधे छूने से बचना या रोकना। आज सभी समाज संगठित होकर एक मत से चल रहे हैं और बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के सपनो को आगे बढ़ा रहा है एवं मोदी जी के विकसित भारत संकल्प को पूरा कर रहे हैं किंतु कुछ जगहों में आज भी अस्पृश्यता की भावना लोगों में है, जिसे दूर करने सभी अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने की आवश्यकता है। इसका प्रारंभ हमें स्कूल स्तर पर बच्चों में सभी समुदायों के प्रति समानता की भावना विकसित कर सकते हैं। जनपद सदस्य जोगेंद्र पिंकू साहू ने कहा कि अस्पृश्यता का प्रचलन बहुत लंबे समय से चला आ रहा है और अस्पृश्यता को खत्म करने के लिए समानता का अधिकार भी अहम भूमिका निभाता है। अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर में पूर्व विधायक रंजना साहू सहित सर्व समाज ने एक साथ भोजन कर समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सरपंच संजय भोंसले, समाजसेवी लता अवनेंद्र साहू, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, बूथ अध्यक्ष दयाराम सिन्हा, पंचराम सिन्हा, सुनीता ध्रुव, उपसरपंच घनश्याम ध्रुव, सतनामी समाज अध्यक्ष लोकेश गायकवाड़, शेष कुमार ध्रुव पंच सहित ग्राम एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुजन उपस्थित रहे।

# सेवा और समर्पण के एक साल बेमिसाल : टंकराम वर्मा

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि जब 2014 में नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया। आगे कहा कि छत्तीसगढ़ एवं बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र की जनता ने 1 वर्ष पूर्व भाजपा सरकार को भारी जनादेश देकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का अवसर प्रदान किया। इस विश्वास को शिरोधार्य



करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने क्षेत्र की प्रगति, उन्नति एवं विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सफल एक वर्ष के लिए मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। विष्णुदेव सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूरे हुए हैं, आगे और विकास कार्य होंगे। मंत्री वर्मा ने आगे कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास कर कीर्तिमान रच रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जो वादा जनता से किया था उसे पूरा कर रहे हैं। भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन जनता का विश्वास बन गया है। महतारी वंदन योजना से आज हर महिलाओं के चेहरे में मुस्कान है, प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, कृषक उन्नति योजना से किसानों को उनके फसल का उचित दाम मिल रहा है, पीएससी घोटाले की जांच और पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को उनका जायज हक मिल रहा है, नियद नेल्लानार योजना से नक्सल पीड़ित गांव का विकास हो रहा हैं। छत्तीसगढ़ में नक्सली और अपराध घटते क्रम में है। भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार पर ताला लग रहा है। डबल इंजन भाजपा सरकार में सरकार की हर योजनायें गांव, शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए डबल इंजन सरकार के लाभ को हर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा कर विकास की गंगा बहाने का मुझे अवसर प्रदान करने के लिए सभी का आभार। मंत्री टंकराम वर्मा ने बलौदाबाजार सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इन सभी कार्यों की जानकारी देते हुए कहा की मेरी जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि बलौदाबाजार विधानसभा वासियों की जीत है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा रितेश श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से मिल रही है नए जीवन की उम्मीद

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत जरूरतमंद लोगों के लिए आर्थिक सहायता की स्वीकृति दे रहे हैं। गंभीर तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्च से बचाने के लिए संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना संचालित की जा रही है। इस योजना से प्रदेश के नागरिक लाभान्वित हो रहे है। इसी योजना के अंतर्गत धमतरी जिले के ग्राम दोनर के कुबेर कुमार चन्द्राकर का निःशुल्क कैंसर का इलाज चल रहा है। चन्द्राकर ने बताया कि वह इस गंभीर बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहा था। एक तरह से उन्होंने जीने की उम्मीद छोड़ दी थी। शुरुआती दौर में उन्होंने आयुष्मान कार्ड योजना से प्राप्त राशि से अपना इलाज कराया। लेकिन उन्हें कैंसर की बीमारी के इलाज के लिए और भी अधिक राशि की आवश्यकता थी। फिर उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी मिली। जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया और जून 2024 में सहायता राशि स्वीकृत हुई। वर्तमान मे योजना के अंतर्गत उनका इलाज भिलाई के मित्तल हॉस्पिटल में निःशुल्क किया जा रहा है। चन्द्राकर ने बताया कि उनके कैंसर के इलाज के लिए समय.समय में कीमोथेरेपी किया जा रहा है। साथ ही अन्य दवाईयां भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ नहीं मिल पाता तो शायद ही वह अपनी इस गंभीर बीमारी का इलाज करा पाते। कुबेर चन्द्राकर ने उनके जीवन में आए इस कठिन समय में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उन्हें इस योजना के माध्यम से सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया है।

# बढ़व संगवारी संस्था ने किया कैरियर काउंसलिंग का आयोजन



पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

किशोर छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण की पहल कर्ता संस्था बढ़व संगवारी ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल देवरी विकास खंड तिल्दा में कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया जिसमें कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। काउंसलिंग के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए सीए, सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु बघेल ने भारत के संविधान एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक शिवकुमार वर्मा जिन्हें शिक्षक-प्रशिक्षण में 30 वर्षों का अनुभव है। उन्होंने मेरे शब्द मेरा संसार विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारियां प्रस्तुत की।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं उप संचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए डाक्टर मीरा बघेल ने किशोर-किशोरी के स्वास्थ्य एवं आहार प्रबंधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए परगनिहा ने बताया कि यह संस्था अच्छे अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी अभिरुचि के अनुसार उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करते हुए उनकी शिक्षा हेतु पूरा खर्च उठाती है।छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी लोकेश वर्मा ने अभिभावकों एवं शिक्षकों को बच्चों की अभिरुचि अनुसार कैरियर विकास हेतु समुचित जानकारियां उपलब्ध कराई।छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की ओर से अभिमन्यु वर्मा ने भाग लेते हुए इस काउंसलिंग को बहुत ही ज्ञानवर्धक एवं उपलब्धियों से परिपूर्ण बताया।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य संध्या वर्मा ने इस काउंसलिंग की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक टापलाल कश्यप एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ज्ञातव्य है कि अभी इस संस्था से 68 होनहार बच्चे लाभान्वित हो रहें हैं जिनमें मांठ, किरना, सतभांवा,आदि गाँव के बच्चे शामिल हैं।

# कलेक्टर अग्रवाल ने निक्षय निरामय पहचान व उपचार अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टी.बी. मुक्त का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत प्रदेश में भी निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाया जायेगा। इसी तारतम्य में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला अस्पताल में अभियान का शुभारंभ किया। साथ ही निक्षय निरामय प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। इस दौरान कलेक्टर ने टी.बी. मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार, वयोवृध्द जनो को वाकिंग स्टीक, येलो कार्ड एवं श्रवण यंत्र वितरित किया। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलने वाले निक्षय निरामय पहचान और उपचार के तहत मितानीन और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर उच्च जोखिम समूह, टी.बी. कुष्ठ संदेहास्पद तथा वयोवृध्द कार्यक्रम अंतर्गत मरीज का चिन्हांकन करेंगे। उसके पश्चात उनके जांच एवं उपचार की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए जिला और विकासखण्ड स्तर नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई हैं। जिनके सुपरविजन एवं मॉनिटरिंग में अभियान को सफल बनाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गार्गी यदु ने बताया की 100 दिवसीय अभियान 04 चरणों में संपादित होगा। अभियान के दौरान चिन्हाकित संदेहास्पद मरीजों को जांच एवं उपचार के अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर स्वास्थ्य शिविर भी लगाये जायेगें।

# बाबा साहेब अम्बेडकर को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सहित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और याद किया। डॉ.आंबेडकर की पुण्यतिथि हर वर्ष 6 दिसंबर को मनाई जाती है। इसे 'महापरिनिर्वाण दिवस' के तौर पर मनाया जाता है। बाबासाहेब आंबेडकर का निधन छह दिसंबर 1956 को हुआ था।

# सोमवार शाम को ऑफिस पहुंचने मंगल को टीएल बुधवार को फील्ड बताकर सप्ताह काटने वाले अधिकारियों पर बरसे विधायक ध्रुव

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद सोमवार शाम ऑफिस पहुंचने और दूसरे दिन यानी मंगलवार को टीएल बताते हुए तीसरे दिन फील्ड में होना बताकर पूरा सप्ताह काटने वाले अधिकारियों की कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मौजूदगी में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव ने पोल खोल दिया और ऐसे अधिकारियों के बीच लोगो की समस्या के निदान की कल्पना किस तरह होने की बात भी कह डाली विधायक ध्रुव ने मंच से ही ज्यादातर समस्या का निराकरण नही होने के चलते फरियादी पुनः शिविर आकर आवेदन करने को मजबुर बताते व्यवस्था को सुधारने की सलाह दिया हालांकि कलेक्टर अग्रवाल भी विधायक के आरोपों से असहमति जताते बताया करीब करीब लोगों के समस्या की निराकरण हो रहा तभी लोगों का भरोसा बढ़ने की बात कही गौरतलब हो कि आज देवभोग ब्लॉक के ग्राम पंचायत धौराकोट में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन किया गया, जिसमें विधायक जनक राम ध्रुव पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन माझी पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंगल जिला पंचायत सीईओ रीता यादव भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप कुंजबिहारी बेहरा मंडल अध्यक्ष लुदारास साहु देशबंधु नायक असलम मेमन अमित अवस्थी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की मौजूदगी रहे इस दौरान 246 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें मौके पर ही 157 का निराकरण किया गया बाकी आवेदनो विभाग को निराकरण के लिए भेजा गया है सबसे अधिक पीएम आवास राशन कार्ड में नाम जोड़ने मनरेगा से पशु शेड जैसे सामान्य मांग रहा इसके अलावा सड़क निर्माण विद्युत बिल को सुधारने जैसे 7 शिकायत दर्ज हुआ है।




## व्यापारियों के धान गाड़ियों को छोड़ किसानो कर रहे परेशान माझी

पूर्व संसदीय स्थानीय प्रशासन के कार्यवाही पर सवाल खड़ा करते मंच से ही धान तस्करी की पोल खोलते कहा कि स्थानीय अधिकारी किसानो के घर कोठार खेत खलियान सहित तमाम जगह जाकर किसानो को बेवजह परेशान कर रहे हैं जबकि ब्लॉक के अधिकांश नाका से उड़िसा का धान व्यापारियों के माध्यम से जगह जगह पहुंच रहा लेकिन ना उनकी जांच हो रही है और ना उड़िसा से पिकअप टैक्टर सहित अन्य वाहन से लाती धान गाडी पर किसी तरह कार्यवाही हो रहा सिर्फदिखाने के लिए 9 गाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही करने का ढोल पीटा जा रहा है माझी ने यह परिपाटी को सुधारने का सुझाव भी दिया ताकि किसानों के बीच सरकार की छवि धूमिल न हो हालांकि कलेक्टर अग्रवाल ने भी मंच से ही किसानो को किसी प्रकार तकलीफनहीं देने और निष्पक्ष कार्यवाही करने की बात कही इतना ही नहीं कलेक्टर ने मौजूद लोगों को आवश्वत करते कहा कि ऐसे कोई भी वाहन उड़िसा सीमा से धान लाती है तो वह सीधा संपर्क कर सकते है और निश्चित ही कार्यवाही का भरोसा दिलाया ।

## तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

शिविर के दौरान विधायक कलेक्टर पूर्व संसदीय सचिव सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष नेहा सिंगल ने तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते बच्चो को अन्न प्रसन्न भी कराया साथ ही महिलाओं को उपहार भी भेंट किया गया सबसे पहले गर्भवती महिलाओं की स्वागत वंदना करते गोद भराई रस्म अदा किया तत्पश्चात बच्चों अन्न प्रसन्न कराया ।

# डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर भिलाई-दुर्ग में वृहद आयोजन

## डॉ अंबेडकर के अनुयायियों ने किया 175 यूनिट रक्तदान

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com





डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर के अवसर पर शुक्रवार को दुर्ग भिलाई के अंबेडकर अनुयायियों ने दुर्ग सरकारी अस्पताल में 175 यूनिट ब्लड दान किया। पंचशील बौद्ध विहार दुर्ग में समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ और अंबेडकर नगर निवासी विकास समिति उरला दुर्ग द्वारा पंचशील बौद्ध विहार के नवनिर्मित भवन में रक्तदान कैंप लगाया गया था। डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 भिलाई में भारतीय बौद्ध महासभा 1119 तथा महा मानव मल्टीपरपज सोसायटी द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था। कुछ रक्तदाताओं ने सीधे सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक में जाकर भी आज ब्लड डोनेट कर डॉ. अम्बेडकर को आदरांजलि दी। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के मानवतावादी कार्यों को याद कर संपूर्ण मानव समाज के हित के लिए ब्लड डोनेशन का कार्य किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबासाहेब के द्वारा किये सामाजिक ,आर्थिक और राजनीतिक सुधार के कार्यों का उल्लेख कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उल्लेखनीय है कि समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ की ओर से विगत 3 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर किया जा रहा है। रक्तदान शिविर के उपरांत शाम के समय कैंडल रैली निकाली गई। इस आयोजन को सफल बनाने में ब्लड बैंक अधिकारी प्रवीण अग्रवाल की पूरी टीम ने अपना पूरा सहयोग दिया। अन्य सहयोगी संस्थाएं द बुद्धिस्ट प्रचारक विंग छत्तीसगढ़ ,डॉ आंबेडकर स्वास्थ्य मिशन, भारतीय बौद्ध महासभा पंजीयन क्रमांक 3227 और त्रिरत्न बौद्ध महासंघ छत्तीसगढ़ रही। इस दौरान तथागत कल्याण समिति ने भिलाई में रक्तदाताओं को फल प्रदान किया। समता सुरक्षा सेना महिला विंग ने रक्तदाताओं को नारियल पानी पिलाया। भारतीय बौद्ध महासभा दुर्ग पंजीयन क्रमांक 3227 ने रक्तदाताओं तथा इस शिविर में आए कार्यकर्ताओं के लिए भोजन पानी की व्यवस्था की। चंद्रशेखर जनबंधु ने निशुल्क चाय और कॉफ़ी की व्यवस्था सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक की गई। राजकमल बोरकर परिवार और कामड़े परिवार दुर्ग ने पंचशील बौद्ध विहार में रक्तदान दाताओं को फल प्रदान किया। समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के प्रमुख आयुष्मान अरविंद चौधरी ने सभी रक्तदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। आयोजन में अनिल जोग, जितेंद्र मडामे, बबलू चौरे,योगेश खांडेकर और आयुष्मति सविता बौद्ध, जयबौद्ध और तनुजा वासनिक का विशेष सहयोग रहा।

# बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली का जिला मुख्यालय पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत





पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर ओलम्पिक मशाल रैली केशकाल से रवाना होकर जिला मुख्यालय कोंडागांव पहुंचने पर कलेक्टर परिसर में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार और नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा खिलाड़ियों को पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। कलेक्टर ने खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय बस्तर ओलम्पिक में शामिल होने शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साहवर्धन किया। मशाल रैली को उपस्थित अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एस डीएम अजय उरांव वरिष्ठ खेल अधिकारी सुधा कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। उल्लेखनीय हैं कि, मशाल रैली सुबह 10 बजे विकासखण्ड मुख्यालय केशकाल से प्रारंभ हुई, जहां अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल महेन्द्र नेताम, अध्यक्षनगर पंचायत केशकाल रोशन जमीर खान अनुविभागीय अधिकारी केशकाल अंकित चौहान व ग्रामीण, स्कूली विद्यार्थी, खिलाड़ी उपस्थित रहें। जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। केशकाल के ग्राम बहीगांव में मशाल रैली का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद रैली फरसगांव विकासखंड पहुँची, जहां अनुविभागीय अधिकारी अश्वन पुसान, मु.का.अधि. जनपद पंचायत फरसगांव रामेश्वर महापात्र और उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा मशाल रैली का स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात मशाल रैली को कोण्डागांव विकासखण्ड हेतु रवाना किया गया। फरसगांव के ग्राम लंजोडा में भी ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। कोंडागांव में स्वागत के बाद मशाल रैली का भ्रमण कराया गया, जिनका फुटबॉल के खिलाड़ियो द्वारा फुटबॉल स्टेडियम में स्वागत किया गया। इसके पश्चात मशाल रैली को कोंडागांव से जगदलपुर के लिए रवाना किया गया। मार्ग में कोंडागांव विकासखंड के दुधगांव, बनियागांव एवं दहिकोगा में भी ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। मशाल रैली के नोडल प्रभाकर सिंह, व्या. शिक्षक हैं।

# नगर में निकली ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कृषि उपज मंडी परिसर में आज से श्रीमद् भागवत कथा पुराण यज्ञ के साथ रूद्र महा यज्ञ प्रारंभ हुआ इसके पहले सुबह मंडी परिसर में विधि विधान एवं वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ यज्ञ प्रारंभ किया गया बाद में मंडी परिसर से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए मंडी प्रांगण में धर्म प्रेमी रुद्रयज्ञ और भागवत कथा श्रद्धालुओं का आगमन सुबह से ही होने लग गया उनको साथ लेकर भव्यतम कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ज्योतिर्मयानंद सरस्वती दंडी जी रथ में विराजित होकर कलश यात्रा में साथ रहे। कलश यात्रा में भारी संख्या में जन सैलाब हजारों की संख्या में महिला शक्ति सिर में कलश उठाकर चली।भव्य कलश यात्रा के साथ नगर में उमड़ी सनातनी जुनून भव्य कलश यात्रा में महिला शक्तियों ने दिखाई अपनी सहभागिता यात्रा में बच्चे भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। बाजे गाजे के साथ जय श्री राम के जयघोष से पूरा यात्रा मार्ग गुंजायमान रहा।प्रताप चौक और सिग्नल चौक में यातायात द्वारा भीड़ को व्यवस्थित की गई। ज्योतिर्मयानंद दंडी स्वामी सरस्वती ने यात्रा में कलश लेकर चलने वाली माताएं बहनों एवं समस्त नारी शक्ति का आभार प्रगट किया और कहा पुण्य का समय आता है तभी भगवत भक्ति की भावना मन में बलवती होती है स्वामी जी ने कहा खुद के जीवन के साथ परिवार का जीवन भी श्री रुद्र यज्ञ और श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में उपस्थित होकर सफल बनाएं।नगर के समस्त धर्म प्रेमी नागरिकों का पूरे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पूरे दिन शामिल रहने का आग्रह किया और कहा जो भी दान स्वरूप बनता है अवश्य देवें।

कलश यात्रा में विधायक दीपेश साहू मां भद्रकाली मंदिर के पास दंडी स्वामी का स्वागत कर आशीर्वाद लिया। दिनांक 7 12 24 से 1512 24 तक चलने वाला श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक धर्मोच्चार द्वारा किया गया मंत्रोच्चार से पूरा परिक्षेत्र धर्ममय गुंजायमान होने लगा ,ऐसा प्रतीत हुआ जैसे यज्ञ देवता स्वयं यज्ञ शाला में आकर नगर को आशीर्वाद दे रहा।

# कांग्रेस पार्टी ने नगर मे निकाली संविधान रक्षक रैली

## बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल रहे कार्यक्रम प्रभारी

पायनियर संवाददाता < कोंडागांव
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सम्पूर्ण देश मे 26 नवंबर से 26 जनवरी तक संविधान रक्षक अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाना हैं। जिस कड़ी मे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देश पर कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यक्रम प्रभारी बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की मौजूदगी मे संविधान रक्षक रैली निकाली जो की जिला मुख्यालय कोंडागांव मे कांग्रेस भवन से निकलकर संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष देश के प्रथम क़ानून मंत्री बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति मे माल्यार्पण कर नेशनल हाइवे से होते हुए गाँधी चौंक शीतला मंदिर मंडी रोड होते हुए पुनः कांग्रेस भवन पहुंची जहाँ पर संविधान रक्षक सभा का आयोजन हुआ सभी कॉंग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहें। जिनके बिच जिलाध्यक्ष झूमुक दीवान पीसीसी मेंबर बुधराम नेताम कार्यक्रम प्रभारी बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने सभा को सम्बोधित करते कहा की कांग्रेस पार्टी देश की माटी पुजारी पार्टी है यानी देश को आजादी दिलाने से लेकर देश के सुशासन मे कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका है। भारतीय जनता पार्टी के लोग संविधान को तोड़ मरोड़ करने का काम कर रहें हैं, ये वही भाजपा के लोग हैं जिनकी मातृ संस्था आरएसएस के प्रधान कार्यालय मे आजादी के 60 वर्ष बाद तक भी देश आन बान और शान तिरंगा झंडा नहीं लहराये ये क्या बताएंगे देश जोड़ने मे बारे मे। भाजपा को खुली चुनौती हैं शाबित कर दें आजादी की लड़ाई मे एक भी आरएसएस के नेता ने अपनी बलिदानी दी हो ये वही लोग हैं जो अंग्रेजों की चापलूसी करते थे की बदले मे उन्हें अंग्रेज स्कॉलरशिप दिया करती थी। कांग्रेस पार्टी के लोग आम जन मानस तक इस बात को बताने से बिल्कुल भी पीछे नहीं रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आजादी की हकीकत पता रहें वरना भाजपा अफवाह फैलाने मे माहिर है अंग्रेजों की गुलामी करने वालों को वीर बनाने मे भी कोई कसर नहीं छोड़ती। आज देश और प्रदेश मे भाजपा शासन मे हाहाकार मचा हुआ है, सरकारी डाटा की बात करें तो प्रदेश मे प्रतिदिन 2 से 3 महिलाओ से सबंधित आपराधिक मामले सामने आ रही हैं छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन चुका है नशे का कारोबार भाजपा के सह मे बहुत ज्यादा फल-फूल रहा हैं। कांग्रेस पार्टी विष्णुदेव सरकार से तत्काल स्तिफे की मांग करती हैं।

# नाली पाटकर फ्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण नगर निगम ने जेसीबी से तोड़कर हटाया



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम नागरिको ने सरकारी नाली पर अवैध कब्जा कर फ्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण कर आवागमन बाधित की शिकायत के आधार पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर कार्रवाही करने पहुँची। नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत महाप्रताप भवन के करीब वार्ड क्रमांक 11 शंकर नगर निवासी अजय शर्मा के द्वारा सरकारी नाली क्षेत्र की भूमि को पाटकर फ्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया है, जिससे नाली क्षेत्र बाधित हो रही है की शिकायत के संबंध में अनावेदक अजय शर्मा को निर्माण एवं भूमि की जांच हेतु भूमिस्यानित्य संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने विधिवत नोटिस जारी किया गया था। तथा स्थल पर अस्थाई नाली निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया था। जिसे वर्तमान में अतिक्रमण कर्ता द्वारा सरकारी नाली को पाट दिया गया है तथा आवाजाही मार्ग पर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल निर्माण किया गया है। अतएव वर्तमान में प्रश्नाधीन क्षेत्र में निर्मित प्रीकास्ट बांउड्रीवाल अतिक्रमण/कब्जा पाया गया है।कार्रवाही के पहले क्षेत्र से कब्जा को हटाने के लिए नोटिस दिया गया था।नोटिस को किया अनदेखा।नगर निगम के भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन में सहायक भवन अधिकारी विनोद मांझी ,अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता सहित टीम अमला एवं पुलिस बल की मौजूदगी में नाली क्षेत्र में अवैध रूप से बने निर्मित प्रीकास्ट बांउड्रीवाल अतिक्रमण/कब्जा को जेसीबी की मदद से तोड़कर हटवाया गया।

# खरीदी केंद्र में धान हुआ जाम, उठाव के लिए कर्मचारी संघ ने प्राधिकृत अधिकारी को सौंपा ज्ञापन





**पाटन।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग बालोद और बेमेतरा के धान उपार्जन केंद्रों से धान की उठाव के लिए दुर्ग कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग को ज्ञापन सौंपा गया है। बता दें खरीफवर्ष 2024 ,25 में धान खरीदी 14 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है। बैंक के कार्य क्षेत्र जिला दुर्ग,बालोद एवं बेमेतरा अंतर्गत 374 उपार्जन केंद्रों में 6 दिसंबर तक की 6,15,120,76 टन खरीदी हुई है। आज दिनांक तक धान का परिवहन प्रारंभ नहीं हुआ है। जिससे उपार्जन केंद्रों में धान जाम हो गया है। एवं खरीदी के लिए स्थान शेष नहीं है। समितियां में धान खरीदी बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई है। जिससे किसानों में रोष व्याप्त होगा।अत्यधिक मात्रा में धान का स्टॉक होने से दिमग चूहे से नुकसान होता है तथा धान में सुखद आएगी। जिसके शीघ्र निराकरण कर धान की उठाव के लिए कर्मचारी संघ के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की नियत से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुराना रंजिश को लेकर हत्या करने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार हआ पुलिस के द्वारा बताए गए जानकारी के अनुसार प्रार्थी पूरन देवदास पिता दुर्गा प्रसाद देवदास उम्र 48 साल साकिन गुधेली पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 04.12.2024 को इसका लडका अजय देवदास शाम के समय गांव के गली तरफघुमने निकाल था उसी समय इसके गांव के द्वारिका श्रीवास के सेलुन दुकान के सामने गाली-गलौज की आवाज सुनकर अपने घर के आंगन के दरवाजा के पास जाकर देखा जो इसका लडका अजय देवदास को गांव के अशोक निषाद ने गाली-गलौज कर रहा था अजय देवदास ने गाली देने से मना किया तो अशोक निषाद ने द्वारिका श्रीवास के सेलुन दुकान में घुसकर एक लोहे का धारदार कैची लेकर आया और अजय देवदास पर प्रणघातक हमलाकर हत्या करने की नियत से उसके पेट में दो-तीन बार मारकर गंभीर चोट पहुचाया है जिसे एम्स अस्पताल रायपुर में ईलाज हेतु भर्ती किया गया। अशोक निषाद ने पूर्व रंजिश पर से इसके लडका अजय देवदास का हत्या करने की नियत से धारदार लोहे के कैची से प्राणघातक हमला कर मारकर गंभीर चोट पहुचाया हैं।

# आस्था व उल्लास के साथ हुआ राधाकृष्ण मंदिर का कुंभ भराई पूजन, कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com



विधानसभा बसना अंतर्गत ग्राम धानापाली में यादव समाज परिक्षेत्र धानापाली के द्वारा निर्माणाधीन राधाकृष्ण मंदिर में शुक्रवार को कुंभ भराई पूजन का आयोजन हुआ। पूजन कार्यक्रम में मुख्य रुप से बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल के प्रतिनिधि रामचन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। पुरोहित एवं गणमान्य लोगो की उपस्थिति में वैदिक रीति रिवाज के साथ कुंभ भराई पूजन आस्था व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। श्रद्धालुओ ने अपने सामर्थ्य के अनुसार धातू, अन्न, धन का दान कुंभ में किया। मौके पर पूरा माहौल भक्तिमय लग रहा था। इसके साथ भंडारे का भी आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी लोगो का योगदान रहा। सत्यकर्म और धार्मिक कार्य करने के लिए प्रेरित करता है मंदिर : रामचंद्र अग्रवाल मंदिर लोगो को धार्मिक कार्य एवं सत्य कर्म करने के लिए प्रेरित करता है। मंदिर आस्था, जागरण और शक्ति का केंद्र होता है। रामचंद्र अग्रवाल ने अपने संबोधन में लोगो से धर्म में बताए मार्ग में चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि मंदिर आने के बाद शक्ति की उपस्थिति का एहसास होता है। उन्होने उपस्थित लोगो से अपने संस्कार और संस्कृति की शिक्षा बच्चो को देने की बात कही। ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण मिल सके। इस अवसर पर फुलझर राज यादव समाज अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, उपाध्यक्ष बलीराम यादव, सचिव संतलाल यादव, कोषाध्यक्ष बाबूलाल यादव, संगठन मंत्री गोपाल यादव, संरक्षक दुलसिंग यादव, सादराम यादव, गयाराम यादव, विशेष यादव, पूरन यादव, प्रवीण यादव, परसुराम यादव, दूर्गा यादव, अजय यादव, भगत यादव, शोभलाल यादव, सालिकराम यादव, कुंजबिहारी यादव, साखाराम यादव, जयराम यादव सहित बड़ी संख्या में समाजजन व क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# गौसिया मस्जिद की निखर रही खूबसूरती आलीशान होगा गुंबद और दरवाजा

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



गौसिया मस्जिद कैम्प-1 मस्जिद में इन दिनों तामीरी काम चल रहा है। मस्जिद में सामने हिस्से पर गेट से लेकर गुंबद तक नए सिरे से बनाए जा रहे हैं। गौसिया मस्जिद के सदर मिर्जा मुकीम बेग और कमेटी के तमाम लोगों ने इस काम का जिम्मा प्रख्यात शिल्पकार हाजी एमएच सिद्दीकी को दिया है। हाजी सिद्दीकी की डिजाइन और उनकी ही निगरानी में यह काम तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार 5 दिसंबर को मस्जिद के गुंबद का स्ट्रक्चर रखा गया। फातिहा ख्वानी के बाद नारा-ए-तकबीर और नारा-ए-रिसालत की गूंज के बीच इस स्ट्रक्चर को रखा गया। हाजी सिद्दीकी ने बताया कि मस्जिद का प्रवेश द्वार 'बाब-ए-गौसिया' अपने आप में अनूठा होगा। यहां का गुंबद प्रख्यात सूफी संत गौस पाक की मजार के गुम्बद की हूबहू नकल होगा। वहीं मस्जिद का दरवाजा 72 फिट ऊंचा और 20 फिट चौड़ा होगा। यहां पूरा निर्माण 20 मेहराबों से अलंकृत किया जा रहा है। साथ ही चार मीनार गुम्बद के साथ लगेंगे। यह छत्तीसगढ़ मे एक नायाब व बुलंद दरवाजा होगा जो भिलाई की पहचान बनेगा। गौरतलब है कि गौसिया मस्जिद के तामीरी काम की शुरूआत 12 नवंबर 2021 को हजरत सलमान रजा के मुबारक़ हाथो से बाब-ए-गौसिया की संगे बुनियाद रखने के साथ हुई थी। यहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है।

AU SMALL FINANCE BANK
चलो आगे बढ़ें

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN: L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV-A नियम 8 ( 6 ) के लिए देखें

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 ( 6 ) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड(ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका मेंदर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13 ( 2 ) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई-निविदा जमा कराने की तिथि | ई-निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपत्ति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ( ऋण खाता संख्या ) L9001060128543806 विरेन्द्र सागरवंशी ( ऋणी ), उर्वशी सागरवंशी पत्नी विरेन्द्र सागरवंशी ( सहऋणी ) | 10-अक्टूबर-22 17,27,831/- सत्रह लाख सत्ताईस हजार आठ सौ इकत्तीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर -22 तक | 20-सितम्बर -24 | संपत्ति स्थित शीट नं. 90-डी, प्लॉट नं. 74, वार्ड नं. 03, लालबागीचा वार्ड, मौजा धमतरी, आर एन एम एवं तहसील धमतरी जिला धमतरी छत्तीसगढ क्षेत्रफल 218.77 वर्गगज | Rs. 16,55,000/- सोलह लाख पचपन हजार रूपये मात्र | Rs. 1,65,500/- एक लाख पैंसठ हजार पांच सौ रूपये मात्र | 22-जनवरी-2025 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 20-जनवरी 2025 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: विजय प्लाजा मेनोनोट चर्च के पीछे, बस्तर रोड, धमतरी 493773 | गोपाल दास बैरागी / दिपक जैन 7610210556 9773358234 ई.मेल: auctions @aubank.in संपत्ति निरीक्षण दिनांक 16 जनवरी 2025 |

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है।
2.ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें।और अधिक जानकारी के लिए ई-मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
नोटः-यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांक: 07.12.2024**
**स्थान: छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.) (जल जीवन मिशन)**

// 'ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना // (प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

जिला बीजापुर अन्तर्गत विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना में स्त्रोंत निर्माण हेतु **नलकूप खनन कार्य** के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लो.स्वा.यां. विभाग रायपुर छ0ग0 के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedment date 18.04.2023 (Amedment No. 09/2023-24) से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएँ साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेवें। आमंत्रित निविदाएँ निम्नानुसार है -

| क्र. | समूह क्रमांक | निविदा क्रमांक / दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड का नाम | ग्रामों की संख्या | नलकूप खनन की संख्या | Tender call | कार्य की कुल अनु. लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | 1. | 60/ 02.12.2024 | 162167 | BHAIRAM GARH | 13 | 19 | 1st Call | 19.19 | 14400/- |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 21.12.2024 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएँ डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) 06.12.2024 से है। निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी.-242504399/4

**कार्यपालन अभियंत**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर**

## संपादकीय

# दक्षिण कोरिया में संकट मार्शल ला की घोषणा

**दक्षिण** कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक युवोल ने थोड़े समय के लिए मार्शल ला की घोषणा कर दी। इसका देश में भारी विरोध तथा दुनिया में निन्दा हुई। स्थिर लोकतंत्र और समृद्धि के लिए दुनिया भर के आकर्षण का केन्द्र रहे दक्षिण कोरिया में मार्शल ला की घोषणा की गई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक युवोल ने अपनी स्थिति तथा गिरती लोकप्रियता बचाने के लिए यह अतिवादी कदम उठाया। लेकिन अब उनको अपने राष्ट्रपति कार्यकाल की सबसे कठोर चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मार्शल ला लगाने के विवादास्पद निर्णय की व्यापक विपरीत प्रतिक्रिया हुई जिससे देश गंभीर राजनीतिक संकट में घिर गया। इसके परिणामस्वरूप भारी विरोध प्रदर्शन हुए, उनके इस्तीफे की मांग की गई और अब उनके खिलाफ महाभियोग की तैयारी हो रही है। यून ने राष्ट्रीय सुरक्षा सरोकारों तथा 'राज्य-विरोधी तत्वों' के सफाए के लिए मार्शल ला की घोषणा की थी। लेकिन बहुत से लोग इस कदम को बढ़ते राजनीतिक और व्यक्तिगत घोटालों को देखते हुए सत्ता पर पकड़ मजबूत करने का प्रयास मानते हैं। इसकी प्रतिक्रिया त्वरित व बहुत गंभीर हुई, विधि-निर्माताओं ने आदेश वापस लेने के लिए व्यापक विरोध प्रदर्शन किए और भारी संख्या में लोग सियोल की सड़कों पर जमा हो गए। हालांकि, कुछ ही घंटे के भीतर यून ने आदेश वापस ले लिया, पर इससे जनता का गुस्सा शांत नहीं हुआ और उनको नुकसान उठाना पड़ा।



2022 के चुनाव में मामूली बढ़त के साथ शुरू हुआ यून का राष्ट्रपति कार्यकाल विवादों में घिरा हुआ है। उनके मंच ने जेंडर तटस्थता तथा उत्तर कोरिया के प्रति कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाया जिससे शुरुआत में युवा पुरुष मतदाता खुश हुए। लेकिन अनेक गलत कदमों और घोटालों के कारण उनकी लोकप्रियता में लगातार गिरावट आई। इनमें प्रथम महिला किम कियोन ही से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ विपक्ष-नियंत्रित नेशनल असेम्बली के कारण पैदा तनाव शामिल हैं। अप्रैल के संसदीय चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की भारी विजय से भी यून राजनीतिक रूप से और अलग-थलग हो गए। उत्साही विपक्ष ने यून के प्रशासन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ महाभियोग के कदम तेज किए जिससे राष्ट्रपति का कामकाज करना कठिन हो गया। मार्शल ला की घोषणा ऐसे राष्ट्रपति का अंतिम प्रयास था जिनका समर्थन लगातार घट रहा है तथा अपनी पार्टी के भीतर भी विरोध बढ़ रहा है। वास्तव में यह कदम बड़ी गलती थी जो दयनीय रूप से विफल हो गया और अब उसके नकारात्मक राजनीतिक परिणाम सामने हैं। इस घटना से विपक्ष द्वारा यून के खिलाफ महाभियोग प्रयास तेज हुए हैं और सत्तारूढ़ पार्टी के कुछ सदस्य खुलेआम उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभूतपूर्व रूप से बहुत बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे तथा श्रम संगठनों ने यून के इस्तीफा देने तक राष्ट्रव्यापी हड़ताल की धमकी दी है। इस संकट ने दक्षिण कोरिया के मित्रों में भी खतरे की घंटियां बजा दी हैं जिनमें अमेरिका और जापान ने गंभीर चिन्ता प्रकट की है। उनको सबसे बड़ी चिन्ता इस बात की है कि उत्तर कोरिया इस आंतरिक अशांति का लाभ उठा कर दक्षिण कोरिया के खिलाफ तनाव बढ़ा सकता है जिससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता और बढ़ेगी। इस प्रकार दक्षिण कोरिया वर्तमान समय में अपनी लोकतांत्रिक दृढ़ता की कठोर परीक्षा दे रहा है। मार्शल ला के फौरन वापस लेने की घोषणा से स्पष्ट है कि दक्षिण कोरिया में संस्थागत नियंत्रणों और संतुलनों की स्थिति बहुत मजबूत बनी हुई है। लेकिन आगे के रास्ते पर सतर्कतापूर्वक चलना होगा ताकि एशिया के एक सबसे जीवन्त लोकतांत्रिक देश में और ध्रुवीकरण न होने पाए तथा उसका स्थायित्व सुनिश्चित रहे।

# जी 20 का रियो सम्मेलन

शिखर सम्मेलन ने महत्वपूर्ण वैश्विक चुनौतियों, जैसे आर्थिक असमानताओं, पर्यावरण क्षरण तथा खाद्य सुरक्षा एवं गरीबी उन्मूलन की चुनौतियों को संबोधित किया।



सुधीर हिन्दवान
(लेखक, रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)




**हाल** ही में ब्राजील के रियो डि जिनेरियो में हुए जी 20 के उन्नीसवें शिखर सम्मेलन ने बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और यह 'ग्लोबल साउथ' का महत्वपूर्ण स्वर बन कर सारी दुनिया के समक्ष उभरा। 19 सदस्य देशों को संबोधित करने वाले इस सम्मेलन में दो और देश शामिल हुए जिनमें से एक अफ्रीका तथा दूसरा यूरोपीय संघ से था। पश्चिम एशिया संकट तथा वर्तमान समय में जारी रूस-यूक्रेन युद्ध से पैदा अनिश्चितता के बावजूद इस शिखर सम्मेलन ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया।

इनमें लगातार बढ़ती आर्थिक असमानता तथा पर्यावरण क्षरण के साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं गरीबी उन्मूलन के मुद्दे भी शामिल हैं। इसके साथ ही उसने स्थिर एवं शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था के एजेंडे पर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया। 1997 के आर्थिक संकट के बाद जी 20 समूह की स्थापना 1999 में हुई थी और उसका मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्थाओं को आर्थिक मंदी से बाहर लाना था। इसके बाद से ही आर्थिक प्रगति सभी जी 20 बैठकों में चर्चा का केन्द्रीय बिंदु रहा है। जी 20 समूह में दुनिया के सर्वाधिक शाक्तिशाली देशों के साथ अनेक विकासशील देश भी शामिल हैं जिनमें अमेरिका, फ्रांस, चीन, भारत, जापान, जर्मनी, रूस, ब्रिटेन, ब्राजील, कनाडा, इटली, इंडोनेशिया, जापान, मैक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, अर्जेन्टाइना व आस्ट्रेलिया शामिल हैं।

हाल ही में स्पेन को जी 20 के स्थाई अतिथि तथा अफ्रीकन संघ व यूरोपीय संघ को शामिल करने से इसका विस्तार हुआ है तथा प्रभाव क्षेत्र बढ़ा है। जी 20 की नवीनतम बैठक इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है कि अब दक्षिण के देश अपने महत्वपूर्ण उद्देश्यों पर जोर देने लगे हैं। इस दृष्टिकोण से हरित औद्योगिक नियोजन तथा रणनीतियों के विचार को सर्वाधिक महत्व दिया जा रहा है। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक संस्थानों तथा विश्व बैंक, आईएमएफ व डब्लूटीओ जैसी संस्थाओं के नियंत्रण की बढ़ती मांग इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में परिवर्तन की इच्छा से संकेत मिलता है कि यह समूह अब ज्यादा पारदर्शी व समावेशी विश्व व्यवस्था के पक्ष में है। इसके साथ ही वह सांस्कृतिक निरंतरता और ऊर्जा संसाधनों के आदान प्रदान पर विचार करना चाहता है जो जी 20 बैठकों के नए विषय हैं। दूसरी ओर सदस्य देश लगातार टिकाऊ विकास की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं। इसके साथ ही वे दुनिया भर में लगातार बढ़ते तापमान की चिन्ता से परेशान हैं। अर्थव्यवस्था में आधुनिक तकनीकों, जैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था के पूर्ण प्रयोग को भी महत्वपूर्ण विषय माना गया है जो समय की महत्वपूर्ण बचत करते हुए पुरानी व्यवस्था को नया स्वरूप दे सकती हैं। विकसित देशों के साथ भाईचारा बढ़ाने के भारतीय अनुभवों को देखते हुए विकसित दुनिया भी काफी कुछ सीख सकती है।

> प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक संस्थानों तथा विश्व बैंक, आईएमएफव डब्लूटीओ जैसी संस्थाओं के नियंत्रण की बढ़ती मांग इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद में परिवर्तन की इच्छा से संकेत मिलता है कि यह समूह अब ज्यादा पारदर्शी व समावेशी विश्व व्यवस्था के पक्ष में खड़ा है।

भारत ने आईटी उद्योग को प्रगति देने में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं और उसने भारतीय कंपनियों के लिए नए दरवाजे खोले हैं जो अब आक्रामक रूप से समुद्रपारीय बाजारों में अपना विस्तार कर रही हैं। देश की नियामक एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन एजेंसियों ने सुनिश्चित किया है कि विदेशी निवेश सुरक्षित रहे तथा आर्थिक लेनदेन पर गहराई से नजर बनाई रखी जा सके। कठिन वैश्विक अर्थव्यवस्था परिवेश की चुनौतियों के बावजूद भारत ने 2023 में जी 20 की अध्यक्षता के अपने कार्यकाल में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने वैश्विक विनिर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विश्वसनीय साझीदार की भूमिका निभाई। जी 20 देशों के बीच सहयोग का विस्तार नई रणनीतियां विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ है जिससे संकटग्रस्त देशों की आवश्यकतायें पूरी होती हैं तथा ज्यादा समावेशी विश्व समाज बनाने में सहायता मिलती है।

इस सहयोग से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सकारात्मक परिवर्तन होगा, जेंडर सामंजस्य तथा सहयोग मजबूत होगा। भारत की शानदार प्रगति का कारण मुख्य रूप से उसकी दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता है। इसके साथ ही भारत अपनी असाधारण प्रतिभा तथा अत्यन्त महत्वपूर्ण दूरगामी दृष्टिकोण का लाभ उठा रहा है। 'अंतरराष्ट्रीय सोलर एलायंस', 'ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर', 'वन सन वन ग्रिड' तथा 'ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस' के साथ ही भारत के 'वेस्ट टु एनर्जी' प्रयासों ने जी 20 में उसे एक अग्रणी भूमिका प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन उल्लेखनीय प्रयासों को उजागर करते हुए शिखर सम्मेलन में दिए अपने भाषण में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री मोदी को असंदिग्ध रूप से विश्व राजनीति के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता का सम्मान प्राप्त है। उन्होंने भारत को 'वैश्विक दक्षिण' का महत्वपूर्ण प्रवक्ता बना दिया है। धीरे-धीरे जी 20 का दायरा बढ़ता जा रहा है और इसकी साझीदारी को अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विस्तार मिल रहा है। इन क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन, डिजिटल ढांचागत संरचनायें तथा जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। इन क्षेत्रों में बढ़ती साझेदारी से एक बहुआयामी पहल सामने आ रही है जिसमें सुरक्षा और विकास के लगभग सभी आयाम शामिल हैं।

इसके साथ ही इसमें कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ध्यान दिया गया है जिनके बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय चिन्तित है। लेकिन जी 20 देश सामाजिक एवं राजनीतिक दबावों का भी सामना कर रहे हैं और उनकी सफलता इस बात पर निर्भर है कि वे इन असंख्य चुनौतियों के बावजूद प्रगति की गति कैसे बनाए रखते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कारणों से पैदा इन चुनौतियों का सामना करते हुए जी 20 देश विश्व आर्थिक क्षेत्र में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकते हैं। इससे वे न केवल प्रगति कर सकेंगे, बल्कि उसे सदस्य देशों में विस्तार देकर एक समावेशी विश्व व्यवस्था भी बना सकेंगे।

राजनयिक संपर्क तथा टकराव समाधान व्यवस्थाओं को मजबूत कर जी 20 समूह के देश आर्थिक समृद्धि के साथ ही स्थायित्व को भी बढ़ावा देते हैं जिसका लाभ सभी सदस्य देशों को मिलता है। इस समूह द्वारा प्रस्तुत रणनीतिक दृष्टिकोण बहुआयामी व बहुस्तरीय रणनीति विकसित करने के लिए जरूरी है जिससे न केवल आर्थिक प्रगति, बल्कि सुरक्षा चुनौतियों को भी संबोधित किया जा सकेगा जो लगातार परस्पर जुड़ी दुनिया के समक्ष अत्यन्त गंभीर रूप से सामने आ रही हैं। जी 20 ऐसा मंच भी बन सकता है जो विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति को बढ़ावा दे सके। इनमें शिक्षा, विज्ञान, बायोटेक्नोलोजी तथा रणनीतिक नियोजन शामिल हैं। इससे समूह के सदस्य देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा इसका लाभ पूरे विश्व समुदाय को होगा। भारत लगातार जी 20 समूह की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने सक्षम व दूरगामी दृष्टिकोण से इस समूह के साथ ही दुनिया के विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रहा है।

# तेज हुआ अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध

> डोनाल्ड ट्रम्प टैरिफ और निर्यात नियंत्रण के साथ बिडेन के सख्त रुख को और मजबूत करने के लिए तैयार हैं।



कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

**दुनिया** की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं, अमेरिका और चीन के लिए भरी हुई बंदूकें सामने आ गई हैं, इससे पहले कि मूल हार्ड हिटर डोनाल्ड ट्रम्प अगले साल जनवरी में नए राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालें। अपने अंतिम चीन को नियंत्रित करने उपायों में से एक में निवर्तमान राष्ट्रपति जो बिडेन ने चीन को उच्च-स्तरीय चिप्स, चिप बनाने वाले उपकरणों पर अतिरिक्त निर्यात नियंत्रण लगाया है, जिनका उपयोग घटकों के रूप में या हथियारों के निर्माण में भी किया जा सकता है। नए प्रतिबंध सीधे चीन के कुछ सबसे बड़े चिप निर्माताओं को भी लक्षित करते हैं, इस प्रकार ड्रैगन के आक्रामक हथियारीकरण कार्यक्रम में यथासंभव अधिक से अधिक बाधाएं डालते हैं। चीन ने गैलियम, एंटीमनी आदि जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर जवाबी नियंत्रण लगाया, जो चिप्स के आवश्यक घटक हैं।

जब इन उपायों की घोषणा की जा रही थी, तब भी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रम्प ने 9 सदस्य ब्रिक्स देशों को 100 प्रतिशत टैरिफ की धमकी दी थी, अगर वे डॉलर के लिए एक वैकल्पिक वैश्विक मुद्रा बनाने का विकल्प चुनते हैं। श्री ट्रम्प ने पहले ही कनाडा, मैक्सिको और यूरोपीय संघ को टैरिफ स्केलपेल से धमकाया है, जब तक कि वे उनके पास ऐसे प्रस्तावों के साथ वापस नहीं आते जिन्हें अनदेखा करना मुश्किल है। ट्रम्प का तीसरा पसंदीदा शब्द टैरिफ है, जिसका उपयोग वे सहयोगियों और दुश्मनों के साथ व्यापार सौदों पर बातचीत करने के लिए करते हैं। जिन देशों ने डोनाल्ड ट्रम्प से उच्च टैरिफ के नवीनतम खतरे का सामना किया है, उन्होंने पहले से ही सख्त व्यवसायी के साथ बातचीत करने के लिए एक सतर्क दृष्टिकोण अपनाया है। कनाडा और मैक्सिको ने कहा है कि टैरिफ मुद्दों पर उनका सामना करने की तुलना में ट्रम्प के तहत अमेरिका के साथ सौदे को और बेहतर बनाने में अधिक रुचि होगी। चीन जानता है कि ट्रम्प अपने पूर्ववर्ती जो बिडेन की तुलना में उन मुद्दों पर अधिक स्पष्ट होंगे, जहां अमेरिका उन्हें प्रत्यक्ष खतरा मानता है। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में हाल ही में प्रकाशित संपादकीय में से एक में, इंटरनेट सोसाइटी ऑफ चाइना, चाइना एसोसिएशन ऑफ ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स, चाइना सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री एसोसिएशन और चाइना एसोसिएशन ऑफ कम्युनिकेशंस एंटरप्राइजेज को अमेरिकी चिप्स को असुरक्षित और अविश्वसनीय बताते हुए बयान जारी करने के लिए उद्धृत किया गया है। इसमें आगे कहा गया है, अमेरिका ने इस उपाय का इस्तेमाल अपनी शक्ति का बहुत अधिक विस्तार करने के लिए किया है, जिससे जापान, नीदरलैंड, इज़राइल, मलेशिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और चीन के ताइवान क्षेत्र सहित कई देश और क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। यह वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता को गंभीर रूप से बाधित करेगा और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक और व्यापार व्यवस्था को कमजोर करेगा। आने वाले राष्ट्रपति ट्रम्प के निर्यात नियंत्रण और चीन के आयात के लिए उच्च टैरिफ पर सख्त रुख अपनाने की संभावना है। आने वाले प्रशासन के जो बिडेन प्रशासन द्वारा हासिल किए गए उपायों की तुलना में उच्च डेसिबल, उच्च ऑप्टिक्स और चीन को नियंत्रित करने वाले उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है।



यह ध्यान देने योग्य होगा कि ट्रम्प के पहले राष्ट्रपति पद के दौरान चीन के खिलाफ पेश किए गए कुछ प्रतिबंधात्मक उपायों को केवल राष्ट्रपति जो बिडेन के तहत उन्नत और सख्त बनाया गया है। इसलिए कुछ स्तर पर, अमेरिकी सरकार में चीन को नियंत्रित करने के लिए द्विदलीय समर्थन है। भारत इस क्षेत्र पर सावधानीपूर्वक नज़र रख रहा है और अच्छी तरह जानता है कि वह बहुत लंबे समय तक अमेरिकी टैरिफ तोप से बच नहीं सकता है। यह भी अच्छी तरह से जानता है कि, अमेरिका के साथ व्यापार अधिशेष है, जिसका अर्थ है कि वह आयात से अधिक निर्यात करता है। आने वाले राष्ट्रपति ट्रंप के भले ही भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध हों, लेकिन वे इस उल्लंघन को शायद ही भूल पाएंगे। जाहिर है, एकमात्र सुरक्षित भविष्यवाणी कुछ हद तक अप्रत्याशितता है। विभिन्न देशों को पहले प्रशासन से अपने-अपने अनुभव मिले हैं और संभवतः वे दूसरे प्रशासन से संपर्क करने के लिए उसी से प्रेरणा लेंगे।

स्वाभाविक रूप से, दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच हमेशा कुछ देना और लेना होता है। जब हम आर्थिक या प्रौद्योगिकी डोमेन को देखते हैं, तो हाल के वर्षों में विश्वसनीय और भरोसेमंद साझेदारी के मामले में वास्तव में वृद्धि हुई है। आगे जो कुछ भी होने वाला है, वह उन जुड़ावों के संदर्भ में होगा जिन्हें पारस्परिक रूप से लाभकारी माना जाता है। भारत के व्यापार संबंधों का सावधानीपूर्वक पुनर्मूल्यांकन न केवल अमेरिका के साथ, बल्कि उसके अन्य सहयोगियों के साथ भी होने वाला है।

## आप की बात

### एमएसएमई का महत्व

**भारतीय** अर्थव्यवस्था में एमएसएमई के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। वे नवाचार को बढ़ावा देते हैं, रोजगार पैदा करते हैं और निर्यात तथा जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण का समर्थन करके, एमएसएमई क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के उत्थान और सामाजिक-आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी अनुकूलनशीलता और लचीलापन उन्हें आर्थिक प्रतिकूलताओं का सामना करने में अपरिहार्य बनाता है, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था की निरंतर गतिशीलता सुनिश्चित होती है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 27 प्रतिशत, कुल विनिर्माण उत्पादन में 38.4 प्रतिशत और देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत के योगदान के साथ, एमएसएमई क्षेत्र अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) और स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजनाओं को सराहनीय कहा जा सकता है। ये प्रयास लाभकारी हैं, लेकिन सरकार को इन योजनाओं के बारे में जागरूकता और प्रभावी वितरण सुनिश्चित करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक उद्यम लाभान्वित हो सकें। इससे रोजगार बढ़ेंगे एवं अर्थव्यवस्था को भी निश्चित रूप से लाभ पहुंचेगा।

- **विशाल भारद्वाज**, कानपुर

### नोटों की गड्डी, जांच का विषय

**न** शादी न बरात, न रिसेप्शन न बाजार, न कोई खरीदारी और न ही कोई दान-पुण्य के लिए भगवान् का मंदिर। ये तो लोकतंत्र का मंदिर है जहाँ निस्वार्थ जनसेवा के लिए जनहित और देशहित में निर्णय लेने हेतु चुने हुए प्रमुख जनप्रतिनिधियों की सभा आयोजित की जाती है। यहां नोटों का क्या काम वो भी 100-200 या 500-1000 नहीं पूरी 500 (कुल 50000) के नोटों की गड्डी वो भी जनप्रितिनिधि की गद्दी पर। सभापति के पूछने पर जवाब मिलता है ये गड्डी मेरी नहीं है. मैं तो संसद में केवल 500 का नोट लाता हूँ. भाई 500 का नोट ही क्यों लाते हो खुल्ले (चिल्लर) भी तो ला सकते हो. क्योंकि 500 के नोट से ज्यादा जरूरत पड़ती है छोटे नोटों की घर से बाहर निकलने पर. वैसे दिल्ली जैसे बड़े शहर में तो 500-1000 तो सामान्य आदमी को भी अपनी जेब में लेकर चलना पड़ते हैं तब वे तो जाने-माने वकील और जनप्रतिनिधि है। केवल 500 रूपये ? बात कुछ जमी नहीं। ठीक है हो सकता है गाड़ी सरकारी, खाना-पीना संसद की डायरी में मेंटेंड तब नगद 500 रूपये काफी हैं. यूं तो आजकल डिजिटल करेंसी का जमाना है. गूगल पे, पेटीएम,एटीएम व मोबाईल याने सारी दुनिया मुट्ठी में समझो. वैसे भी ये कुछ लोगों को विपक्ष की साजिश लग रही है किन्तु पहले भी संसद में लाखों रूपये उड़ाने की घटना घट चुकी है।

- **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### गंभीर आरोप

**महोदय** ,संबित पात्रा द्वारा लोकसभा में राहुलगांधी व वीपक्षी दलों पर लगाया गये विदेशियों के हाथों कठपुतली बन कर नाचने के आरोप गंभीर है। हमारे देश में मीडिया को अत्यधिक स्वतंत्रता के कारण विदेशी पैसा प्राप्त करके सरकार के हर काम में रोड़े अटकने की निरंतर प्रयास होते रहे हैं। कई बार हमने देखा है कि राहुलगांधी के विचार और पाकिस्तान तथा भारत विरोधी संस्थाओं के विचार एक समान होते हैं। बल्कि राहुल गांधी विदेश से फैलाए गए भ्रम जाल को भारत में और मजबूती प्रदान करते हैं। इतना ही नहीं खुद विदेशों में जाकर भी भारत विरोधी विचारधारा वाले सक्रिय लोगों से भेंट करते हैं। भारत सरकार की कटु आलोचना करते हैं। और बिना सबूत के कुछ भी अनर्गल बयान बाजी करते रहते हैं। सरकार को अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर होनेवाली व्यर्थ बहसों पर सख्त पाबंदी लगाना चाहिए। प्रेस की स्वतंत्रता के नाम पर देशके लोगों के बीच सोची समझी साजिश के तहत भ्रम फैलाना और लोगोंको सरकार के खिलाफ भड़काने की कोशिशों को सख्ती से रोकना होगा। बार-बार चुनाव में जनता जब इन्हें नकारी चुकी है। तो यह भ्रम फैलाने के नए-नए हथकंडे अपनाते हैं। हाल ही में तो एक एक चुनाव क्षेत्र बेलेट पेपर पर फिर से मतदान करवाने के योजना बध्द प्रयास किए थे ताकि ईवीएम को और चुनाव आयोग को गलत ठहरा सके।

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सुखबीर बादल पर हमला

**पंजाब** के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल पर स्वर्ण मंदिर में जानलेवा हमला कई बातों का संशय पैदा कर रहा है। बढ़ते हुए खालिस्तानी प्रभाव ने भिंडरावाला की स्मृति को ताजा कर दिया है। जब स्वर्ण मंदिर खालिस्तानियों का गढ़ बन गया था। खौफ के कारण खुद सिख समुदाय के लोग भी उन्हें बाहर नहीं निकल सके। आज वैसी ही परिस्थितियां बन रही है और खालिस्तान समर्थन खुलेआम इंदिरा गांधी की हत्या का महिमा मंडन कर रहे हैं। चैलेंज दे रहे हैं कि हमने इंदिरा जी को नहीं छोड़ा तो किसी अन्य को मारना मामूली बात है। पंजाब सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर स्थिति को सख्ती के साथ शीघ्र काबू में करना होगा। अन्यथा यह रोग नासूर बन जाएगा और धार्मिक स्थल होने के कारण उन्हें पुलिस और सेना से सुरक्षा भी मिलती रहेगी क्योंकि सेना और पुलिस धार्मिकस्थलों पर सीधे प्रवेश नहीं कर सकते हैं। साथ-ही-साथ हम धार्मिक स्थलों पर राष्ट्र राष्ट्रविरोधी गतिविधियों होने पर पुलिस और सेना को सीधे हस्तक्षेप करने की छूट होना चाहिए। ताकि राष्ट्रीय विरोधी शक्तियां हमारे धार्मिक स्थलों का शरणगाह के रूप में उपयोग न कर सके।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# परिवहन की व्यवस्था लड़खड़ाई, संग्रहण केंद्रों में कैप कव्हर की व्यवस्था नही होने से बीते 3 दिनों से मालीघोरी और जगतरा फड़ के सामने धान से लदी 120 से अधिक ट्रके है खड़ी

## लगी लंबी कतार, नही किया जा रहा खाली, परिवहन संघ ने लगाए डीएमओ पर गंभीर आरोप, एमडी मार्कफेड ने धान खाली करावने की कही बात





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के चार संग्रहण केंद्र मालीघोरी, जगतरा, फुण्डा और धोबनपुरी में अव्यवस्था का आलम व्याप्त है। पसरी अव्यवस्था ने जिला विपणन विभाग के तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी हैं। 14 नवंबर से खरीदी शुरू होने से पहले ही राज्य स्तर के अधिकारी तथा जिले के कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल स्वंय खाद्य, जिला विपणन, सहकारिता तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर तमाम व्यवस्था पूरी करने की बात कहते आये है। बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली इतनी लचर है, आज धान खरीदी बंद होने के कगार पर है। क्योंकि तेज गति से धान का परिवहन नही होने से उपार्जन केंद्रों में जाम की स्तिथि निर्मित हो रही है। तो वही बीते 3 दिनों से सैकड़ों की संख्या में धान से भरी ट्रक संग्रहण केंद्रों के बाहर खड़ी हुई है। मालीघोरी और जगतरा संग्रहण केंद्र के बाहर तो 120 से अधिक ट्रक धान से भरी खड़ी हुई है। 3 दिनों से ट्रकों को खाली नही किया जा रहा है। संग्रहण केंद्रों में कैप कव्हर व भूसा की पर्याप्त व्यवस्था नही होने से डीएमओ द्वारा धान को खाली नही करवाया जा रहा है। मालीघोरी और जगतरा संग्रहण केंद्र के बाहर बीते 3 दिनों से धान से भरी ट्रके खड़े रहने से ट्रक मालिको को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। वही जिला परिवहन संघ ने डीएमओ पर अनियमितता बरतने सहित कई गंभीर आरोप लगाए है।

### संग्रहण केंद्रों में अव्यवस्था का आलम, नही है कैप कव्हर

बता दे कि सिर्फ5 दिनों में ही परिवहन कार्य की व्यवस्था लड़खड़ा गई है। अगर यही स्तिथि रही तो आने वाले दिनों में धान खरीदी बंद होने के आसार नज़र आ रहे है। क्योंकि एक तरफ143 में से 135 उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान होने से जाम की स्तिथि बनी हुई है। जिसे देख 5 दिसंबर को समिति प्रबंधकों ने तेज गति से धान उठाने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। तो वही दूसरी तरफसंग्रहण केंद्रों में धान को रखने पर्याप्त व्यवस्था नही होने से धान संग्रहित करने का कार्य लड़खड़ा गया है। मालीघोरी और जगतरा संग्रहण केंद्रों में कैप कव्हर सहित भारी अव्यवस्था होने से बीते तीन से चार दिनों से 120 से अधिक धान से भरी ट्रके बाहर खड़ी हुई है। गेट के बाहर ट्रकों की लंबी कतार खड़ी हो गई है। वही इस पूरे मामले में डीएमओ सौरभ भारद्वाज कुछ भी कहने से बच रहे है। जब उनसे बात करने की कोशिश की तो वे मामले से बचते हुए जल्द ही कैप कव्हर की व्यवस्था करने की बात कही। संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था नही होने के चलते जिला विपणन विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में हैं। क्योंकि संग्रहण केंद्रों में धान के रख रखाव हेतु व्यवस्था की जिम्मेदारी मार्कफेड विभाग की है।

### डीएमओ द्वारा बरती जा रही अनियमितता

जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष मनोज चांडक ने बताया कि 3-4 दिनों मालीघोरी और जगतरा फड़ में धान से भरी ट्रके खड़ी है। कैप कव्हर और भूसा नही होने से धान को डीएमओ द्वारा खाली नही करवाया जा रहा है। अनलोडिंग की कोई व्यवस्था नही है। गाड़ियों के खड़े रहने से आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है साथ हो लोड गाड़ियों के इस तरह खड़े रहने से गाड़ियों की भी नुकसान हो रहा हैं। उन्होंने बताया कि मालीघोरी और जगतरा फड़ में 125 से अधिक गाड़िया खड़ी होंगी, बाकी फुण्डा और धोबनपुरी कि जानकारी नही है। जिला परिवहन संरक्षक कृष्णा दुबे ने डीएमओ पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि जीपीएस का 5 हजार 400 रुपये लिया जा रहा है, 3 हजार 600 रुपये डीएमओ द्वारा 6 माह का चार्ज लिया जा रहा है। जबकि जीपीएस 2 हजार 500 रुपये में लगता है। जिसमें भी ट्रेकिंग होता है। वाहनों के खड़े रहने से ट्रक मालिको को नुकसान हो रहा है।

### इन खरीदी केंद्रों से परिवहन किया गया धान

मिली जानकारी अनुसार उपार्जन केंद्र खमतराई, गुदुम, पीपरछेड़ी, नवागांव, रेंगाड़बरी, सुरेगॉव, भन्डेरा, कुआंगोदी, बेलमांड, पोंडी, रानाखुज्जी, सांकरा/ज, हल्दी, लाटाबोड़, निपानी, डौंडी, भर्रीटोला, कुसुमकसा, गैंजी, भंवरमरा, मंगचुवा, नाहन्दा, मनकी, खेरथा, तरौद, बालोद, मेड़की और बरही से धान परिवहन कर संग्रहण केंद्र मालीघोरी व जगतरा लाया गया है।

### 29 नवंबर से धान परिवहन का हुआ था श्रीगणेश

गौरतलब हो कि राइस मिलर्स द्वारा कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंध नही किये जाने के चलते संग्रहण केंद्रों में धान का भण्डारण करने का निर्णय लिया गया, निर्णय उपरांत ही संग्रहण केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था होने के दावे किए गए थे। लेकिन मालीघोरी और जगतरा कि जो तस्वीर निकल कर सामने आई है, उसने उन तमाम दावों की पोल खोल कर रख दी है। 28 नवंबर 2024 को 36 हजार क्विंटल का टीओ जारी लिया गया था, और 29 नवंबर को पोंडी खरीदी केंद्र से धान परिवहन का श्रीगणेश किया गया, पोंडी से धान जगतरा संग्रहण केंद्र भेजा गया था।

'मैं दिखवाता हूं, क्या बात है, धान खाली करवाया जाएगा, कैप कव्हर की सप्लाई जारी है, ऐसी कोई बात नही, धान खाली करावने मैं डीएमओ को कहता हूं।'
**रमेश शर्मा, एमडी, मार्कफेड**

# छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के किसानों की समस्या, दल्ली राजहरा के स्थानीय बेरोजगारों को खदान, प्लांट में कार्य उपल्ब्ध कराने और बस्तर के मूल निवासी बचाओ मंच पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा और छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्ली राजहरा/डौण्डी को सौंपा ज्ञापन।

जनक लाल ठाकुर पूर्व विधायक डौण्डी लोहारा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। धान खरीदी के लिए आनलाइन टोकन सिस्टम से किसान काफी परेशान हैं, धान खरीदी केंद्रों पर बारदाना (बोरा) उपलब्ध नहीं है और किसानों को स्वयं की बारदाना व्यवस्था करने का दबावपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। सरकार 25 रु0 प्रति बारदाना देने की बात कह रही है और किसान बाजार से 50-60 रु0 प्रति बारदाना खरीदने को मजबूर हैं। सरकार धान खरीदी पर एकमुश्त 3100 रु0 भुगतान करने का वायदा किया था परन्तु 2300 -2320 रु0 की दर से भुगतान किया जा रहा है सरकार का वायदा झूठा साबित हो रहा है।

दल्ली राजहरा के स्थानीय बेरोजगारों द्वारा खदान/प्लांट में कार्य उपल्ब्ध कराने की मांग को लेकर लगातार 110 दिनों से दल्ली गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । पर इस समस्या का हल करने के लिए बीएसपी प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

आगे ठाकुर ने कहा कि मूल निवासी बचाओ मंचों पर जन सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रतिबंध लगाना सरकार की अलोकतांत्रिक व तानाशाही फॉसीवादी कदम है अपने जल जंगल जमीन की लड़ाई लड़ने वाले निर्दोष मूल निवासी आदिवासियों को माओवादी बताकर फर्जी मुठभेड़ में मारकर वहां की जल जंगल जमीन को पूंजीपति कारपोरेट घरानों को कौड़ियों के मोल देकर पूरे बस्तर को बेचने की साजिश केंद्र एवं राज्य की बीजेपी सरकार द्वारा किया जा रहा है। पूरे बस्तर में प्रत्येक 5 किलोमीटर के दायरे में DRG, CRPF, BSF जैसे बड़े फोर्स कैम्प लगाकर माओवादी (नक्सलवादी) को मारने के लिए नहीं बल्कि क्षेत्रीय व स्थानीय आदिवासी मूल निवासियों के परिवारों को डरा-धमका कर मारने व विस्थापित करने के लिए है। सरकार की इस प्रकार के कृत्य का छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ, जिला किसान मोर्चा, व मानवाधिकार संगठन पीयूसीएल द्वारा इसका घोर निन्दा करते हुए पूर जोर विरोध करती है।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ, जिला किसान संघ व बेरोजगार संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाल कर नाराबाजी करते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी दल्ली राजहरा/डौण्डी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ माईंस श्रमिक संघ और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सोमनाथ उइके, राजाराम बरगद, सुरेन्द्र साहू, राम चरण नेताम, नासिक यादव, राजा, अमर सिंह, रेवा निषाद, (डौण्डी- लोहारा ब्लाक से)- गैंदसिंह ठाकुर, नवाब जिलानी, मुरारी प्रजापति, देवेन्द्र सिन्द्रामे, घनाराम, प्रेमलाल साहू, सोमन मरकाम एवं बेरोजगार संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निराकरण करें : कलेक्टर



पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में समुचित निराकरण सुनिश्चित करें। जिससे कि आम जनता को राजस्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में जिले के राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं डीआर ठाकुर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने तहसील एवं अनुविभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के कार्य, स्वामीत्व योजना के कार्यों की प्रगति, मसादी, गांवों के सर्वे के कार्य के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण अभिलेख दुरस्तीकरण, अभिलेख शुद्धता, नक्शा बटांकन, भू-अर्जन आदि के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने डीजिटल क्रॉफ्ट सर्वे, जियो रिफ्रेशिंग आदि के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन एवं नगरीय निकाय निर्वाचन के कार्यों की तैयारियों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन, परीक्षण आदि के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# लाखो का तालाब पहली बरसात में बहा लेकिन अबतक नहीं हुई जांच



पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जल जंगल जमीन की रक्षा ,सुरक्षा को छोड़ जिले में बिना तकनीकी जानकारी के वन विभाग प्रतिवर्ष करोड़ो का निर्माण कार्य करा रहा है। जिसमें से 90 फीसदी कार्य अनुपयोगी और गुणवत्ता हीन दिखाई देता है। फारेस्ट गार्ड कार्यों का मूल्यांकन करता है। कबीरधाम जिले में भ्रष्टाचार करने में वन विभाग मशहूर हो गया है। चाहे निर्माण कार्य हो या फिर जंगल की सुरक्षा और रक्षा। लगातार वनों की क्षेत्रफल में कमी देखी जा रही है। बिना तकनीकी जानकारी के वृहद मात्रा में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जो समय से पहले खराब होता दिखाई देता हैं। रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में बहने वाली छुईहा नाला में ग्राम पंचायत के तालाब को वन सुरक्षा समिति के माध्यम से गहरीकरण किया गया जिसमें लाखो रुपए व्यय किया गया। जो पहली बरसात में बह गया है जबकि ग्राम पंचायत बम्हनी पूर्व में उक्त तालाब पर दो बार खर्च कर चुका था।

### बारीकी जांच की आवश्यकता

छुईहा नाला में दो तालाब है दोनों तालाब की दूरी महज दो सौ मीटर ही है। उक्त नाला पर बने तालाब जब बार बार टूटकर बह जाता हैं ये सारी जानकारी होने के बावजूद विभाग सरकारी धन का दुरूपयोग करने में लगे हुए हैं। इसे अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कठोर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। छूईहा नाला पर बनाया गया तालाब महज एक छोटा कार्य है। उक्त छोटे से निर्माण कार्य की गड़बड़ी पर किसी प्रकार का कोई जांच नहीं हो पा रहा है तो बड़ी जांच की उम्मीद करना बेइमानी होगा ।

### पहली बरसात में बहा तालाब

कबीरधाम वन मंडल के रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में बहने वाली छुईहा नाला में वन विभाग पंचायत के तालाब में भ्रष्टाचार करते हुए लाखो रुपए व्यय का बिल वाउचर लगाकर राशि आहरण कर लिया जबकि पूर्व में ग्राम पंचायत बम्हनी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत दो बार राशि व्यय कर चुका हैं बावजूद गड़बड़ी करने की नीयत से वन सुरक्षा समिति को मोहरा बनाते हुए वन अफसर राशि आहरण कर लीपापोती कर दिया। जो पहली बरसात में ही बह गया। जानकारी मिलने के बावजूद सक्षम अधिकारी झांकने तक नहीं गया है जिससे साबित होता हैं कि सभी ने उक्त कार्य के धांधली में सहयोग किया है।

### लाखो का व्यय लेकिन शौच के लिए पानी नहीं

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम लहबर में वन सुरक्षा समिति ने चौदह लाख अड़सठ हजार रुपए तीन तालाब में व्यय किया। तालाब और उसके स्थिति को देखने से लाखो के बजाए हजारों रुपए का ही व्यय दिखाई देता हैं। कुछ राशि व्यय कर बाकी राशि को ओहदे के अनुसार गटक लिया है जिसके चलते तालाब पहली बरसात में ही बह गया। उक्त तालाब में पहले ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत दो बार राशि व्यय किया जा चुका था यह जानते हुए भ्रष्टाचार की नीयत से यह कार्य को कराया गया है। उक्त लाखो रुपए व्यय किए जाने के बावजूद बरसात समाप्त होती ही एक बूंद पानी नहीं है। तालाब निर्माण से किसी भी जीव जंतु को बूंद भर पानी नहीं मिल रहा है लेकिन जिम्मेदारियों के जेब में लाखो रुपए पहुंच गया।

### छुईहा नाला तालाब में दो बार पंचायत ने किया व्यय

प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त तालाब का निर्माण ग्राम पंचायत बम्हनी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण किया। नियमानुसार तीन साल बाद गहरीकारण में फिर लाखो रुपए बहाया। जिस समय तालाब का निर्माण हुआ उसी साल तालाब बहा बावजूद ग्राम पंचायत बम्हनी ने पुनः गहरीकरण के लिए राशि स्वीकृत कर कार्य कराया फिर बरसात में बहा। ऐसा स्थिती को देखते और जानते हुए भ्रष्टाचार की नीयत से वन विभाग सुरक्षा समिति के माध्यम से खाना पूर्ति करते हुए राशि व्यय किया फिर पहली बरसात में बह गया।

# श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मेड़की में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के छटवे दिन शनिवार को पंडित लोकेश शर्मा ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का सुन्दर विस्तृत वर्णन सुनाया। कृष्ण-सुदामा की मित्रता की कथा सुना कर वहा उपस्थित सैकड़ों भक्तों को भाव विभोर हो गए। सुदामा की दयनीय दशा और भगवान में निष्ठा के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें भर आई। इस अवसर पर महिलाओ ने अपने अपने धरो से चावल की पोटली लेकर भागवत स्थल में पहुचे थे। सुदामा कथा के दौरान महिलाओ ने चावल की पोटली को सुदामा भेट किया गया। पंडित लोकेश शर्मा ने श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने बताया कि यदि सुदामा दरिद्र होते तो अन के लिए धन की कोई कमी नहीं थी । सुदामा के पास विद्वता थी और धनार्जन तो सुदामा उससे भी कर सकते थे। मगर सुदामा पेट के लिए नहीं बल्कि आत्मा के लिए कर्म कर रहे थे । वे आत्म कल्याण के लिए उधत थे। उन्होंने कहा कि पत्नी के कहने पर सुदामा का द्वारिका आगमन और प्रभु द्वारा सुदामा के सत्कार पर लोकेश शर्मा ने कहा की यह व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का सतकार है, यह चित की नहीं चरित्र की पूजा है । सुदामा की निष्ठा और सुदामा के त्याग का सम्मान है। कथा वाचक ने बताया कि मित्रता में बदले की भावना का स्थान नहीं होना चाहिए। कथा वाचक ने भजनों के माध्यम से प्रभु की अतिकरूणा, कृपा वृष्टि की लीलाओं का श्रवण कर सभी श्रोता भावुक हो गए।

### कृष्ण व सुदामा की निकाली झाकी

इस दौरान कृष्ण रूखमणी, सुदामा व सुशीला की मनोहारी झांकी के दर्शन करने के लिए भक्त ों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान कृष्ण के स्वरूप ने जैसे ही सुदामा बने स्वरूप के पैर धोए पंडाल में मौजूद श्रोता भावुक हो गए। कथा के दौरान भजनामृत की फुहार पर श्रोताओं का तन-मन झूम उठा।

### श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर

कथावाचक ने कहा कि भागवत सुदामा संसार में सबसे अनोखे भक्त रहे हैं। वह जीवन में जितने गरीब नजर आए, उतने वे मन से धनवान थे। उन्होंने अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया था। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो उन्होंने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा में यजमान धनराज साहू, पत्नी पराग साहू व ओंकार भारद्वाज की पत्नी गीता भारद्वाज, लिक्कू भारद्वाज की पत्नी पूजा भारद्वाज, संतोष पटेल की पत्नी निर्मला पटेल सहित ग्राम की महिलाए व पुरुष बड़ी सख्या में शामिल होकर कथा का अमृतमय रसपान करते हुए पुण्य लाभ ले रहे है।

# ग्राम पंचायत तरकोरी मे लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तरकोरी मे विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का फल साल भेटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान विभिन्न विकास कार्य का लोकार्पण विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया। जिसमे ग्राम पंचायत तरकोरी में विधायक निधि द्वारा यादव समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 5 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय लागत राशि 3 लाख 50 हजार रुपए, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतिरिक्त कक्ष लागत राशि 5 लाख रूपये, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आहाता निर्माण लागत राशि 5 लाख रूपये, विधायक निधि द्वारा सीसी रोड निर्माण 2 लाख 60 हजार रूपये के विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण किया गया। कुल मिलाकर ग्राम पंचायत तरकोरी मे 21 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने के लिए सर्वप्रथम ग्राम वासियों का आभार धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की आप सभी लोगो ने आशीर्वाद देकर मुझे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे चुने है तों अब आगे मेरी जिम्मेदारी है आप लोगो की पांच साल सेवा करना। आप लोग जैसे विकाश चाहेंगे हम सब मिलकर गांव क्षेत्र और पुरे विधानसभा का हर गांव गली मोहल्ला मे विकाश करेंगे। भारतीय जनता पार्टी और विष्णुदेव की सुशासन वाली सरकार मे छत्तीसगढ़ मे चहुमुखी विकाश होगा। डॉ ईश्वर सिंह मंडलेश्वर बेरला, अवधेश चंदेल प्रदेश मंत्री भाजपा, चंद्रकला मनोज मनहर सदस्य जिला पंचायत दुर्ग, धनराज बंजारे, बद्रीनाथ राजपूत, महेश कुमार जोशी, भगवान राजपूत किशनलाल साहू बलराम पटेल प्रश्न राघव सिंह शिवजादी सिंह राजूराम साहू डॉक्टर एस के तिवारी अमित माहेश्वरी कामता प्रसाद सिंह तिहारो सिंह पुरुषोत्तम यादव जीवनलाल होगरे संतोष यादव आनंद यादव दामन साहू उपेंद्र बुखार राम निषाद शांतिलाल दर जानकी अलग खराब बंजारे देवेंद्र राजपूत संतोष मन्नत रहे।

# जिला जेल बेमेतरा में 49 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक सभी जिला में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा मनाया जाना है । जिनका उद्देश्य विभिन्न गतिविधि संचालित करते हुए विभिन्न वर्ग, स्कूल, कॉलेज, जेल के बंदियों आमजन को एच आई वी/एड्स के फैलने के कारण और उनके बचाव पर जानकारी साझा करना और लोगों को जागरूक करना है।जिनके तारतम्य में जिला जेल बेमेतरा में जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव, जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ खगदेव साहू के मार्गदर्शन में 7 दिसंबर 2024 को जिला जेल बेमेतरा में विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण ,रक्तजांच कर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत विचाराधीन बंदियों का आईसीटीसी परामर्शदाता पुरानिक नायक द्वारा बंदियों के साथ जिला जेल के स्टाफ को एचआईवी /एड्स फैलने के कारण और बचाव पर जानकारी देते हुए उन्हें कार्यक्रम की महत्ता को बताते हुए जागरूक रहने सलाह दिया गया,एवं आईसीटीसी एमएलटी संजय तिवारी द्वारा जिला जेल के बंदियों का एचआईवी, सिफलिस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, आदि स्वास्थ्य परीक्षण रक्तजांच किया गया।

# ग्राम औरापानी के हर घर में पहुंच रहा शुद्ध पेयजल

## ग्रामीणों को दूर से पानी लाने की समस्या से मिला छुटकारा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरूण साव के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के दूरस्थ वनांचल इलाकों में भी ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की दिशा में हर संभव कार्य किए जा रहे है। इसी प्रयास का नतीजा है कि पहाड़ में रह-रहे विशेष पिछड़ी जनजातियों को अब शुद्ध पेयजल मिलने लगा है। घर में ही शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीणों को दूर से पानी लाने की समस्या से छुटकारा मिल गया है, जिससे उनके बीच खुशी का माहौल है। शासन की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले के ग्राम औरापानी में हर घर में नल से जल पहुंच चुका है। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम औरापानी, जहां विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति के लोग निवास करते है। इस गॉव की जनसंख्या लगभग 199 है। ग्राम औरापानी में ग्रामीण पहले पीने के पानी के लिए कुएं पर आश्रित रहा करते थे, जिससे यहाँ के ग्रामीणों का काफी समय पानी लाने में ही व्यतीत हो जाता था। खासकर गर्मी के समय भू-जल स्तर नीचे चले जाने से समस्या दुगनी हो जाती थी। ग्राम औरापानी दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में स्थित होने के कारण गॉव में विद्युत की सुविधा भी नहीं है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गॉव में 02 हैंडपंप स्थापित किया गया और 2500 मीटर पाइप लाइन बिछाकर 44 घरों में सोलर आधारित नल का कनेक्शन दिया गया है, जिसके माध्यम से प्रत्येक घर में नल से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। ग्राम औरापानी के सोनमती ने बताया की पहले पानी दूर जाना पड़ता था, लेकिन जल जीवन मिशन के तहत् हर घर में नल के लग जाने से उनकी समस्या दूर हो गई है।

### शक्ति के संस्कार पब्लिक स्कूल में 15 दिसंबर को होगा संस्कार तरंग 2024

**सक्ति।** शक्ति शहर के हरेठी में स्थित सीबीएसई संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा 15 दिसंबर 2024 को शाम 5:30 बजे से तरंग 2024 पांचवें एनुअल फंक्शन का भव्य आयोजन किया गया है, उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शक्ति जिले के आईएएस कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शक्ति जिले की आईपीएस पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सुषमा दादू जायसवाल, शक्ति के पूर्व विधायक डॉक्टर खिलावन साहू एवं नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल होंगे, उपरोक्त तरंग 2024 के आयोजन को लेकर पूरा विद्यालय प्रबंधन जहां जोर-जोर से तैयारी में जुटा हुआ है तो वहीं इस पूरे कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चे विभिन्न माध्यमों से अपनी सुंदर प्रस्तुति देंगे तथा आगंतुको के सम्मान में जहां वृहद पंडाल बनाया जा रहा है तो वहीं संस्कार पब्लिक स्कूल के इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को लेकर बच्चों में भी भारी उत्साह है, एवं इस पांचवें वार्षिक उत्सव की खास बात सांस्कृतिक गतिविधियां, ड्रैमेटिक गतिविधिया एवं म्यूजिकल गतिविधियां होंगी, साथ ही विद्यालय के बच्चों के द्वारा अपना सुंदर प्रदर्शन किया जाएगा तो वही इस आयोजन में आगे देखने लायक महत्वपूर्ण क्षण सम्मान का तिलक, स्वागत समारोह, स्वागत नृत्य, सांस्कृतिक असाधारणता, बुद्धि के शब्द, विशिष्ट पुरस्कार, राज्य लय सशक्तिकरण की प्रतिध्वनि, एकता की लहरें होंगी।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा में आनंद मेला का आयोजन



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

प्रत्येक वर्ष की भांति जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा में आनंद मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं के द्वारा अनेकों प्रकार के पकवान बनाएं तथा अन्य छात्रों को भी उनके बारे में वे जानकारी दिए की किस प्रकार से व्यंजन बनाए जाता है । जिससे कि छात्रों में सर्वागणी विकास हो एवं रूपये कमाने का तरीका के बारे में जानकारी प्राप्त हुआ। आप लोग किस तरह से अपने जीवन को मोडना चाहते हैं अपने कैरियर के बारे में छात्रों ने बताया कि हम आगे चलकर व्यवसाय करना चाहते हैं।

उमेश चंद्रा ने जूस किस तरह से बनाते हैं उसके बारे मे विस्तार से बताया कि केमिकल के द्वारा अनेकों प्रकार के जूस का निर्माण किया जाता है और लोगों को उसे परोसा जाता है, तथा छात्राओं ने यह बताया कि भजिया, ब्रेड पकोड़ा, रसमलाई, पानी पुरी, मंचूरियन, पाव भाजी इसी के साथ ही छात्रों की भविष्य को लेकर शिक्षकों के द्वारा अनेक प्रकार के छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया, जो उनके उज्जवल भविष्य के लिए लाभदायक हो विद्यार्थियों ने आनंद मेला का खूब लुप्त उठाएं और मनोरंजन किये।नई सोच नई पहचान के साथ छात्रों ने अपना जीवन की शुरुआत के लिए न्यू की तलाश में आ रहे हैं, सरपंच प्रतिनिधि प्रीतम चौहान ने कहा कि छात्र इसे व्यवसाय का गुण सिख रहे हैं जिससे कि वह वे कमाई का साधन उपलब्ध कर सकें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचंदा के प्रभारी प्राचार्य पी आर कर्ष ने यह कहा कि जो आनंद मेला लगाया गया है वह कमाई के साधन के साथ बौद्धिक विकास को दर्शाता है यह मेला छात्रों के द्वारा अनेक वर्षो से लगाए जा रहा है ।

# जिला कांग्रेस कमेटी के संविधान रक्षक अभियान में शामिल होंगे नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संविधान एवं समानता की लड़ाई को लेकर संविधान रक्षक अभियान में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं शक्ति के विधायक डॉक्टर चरण दास महंत शक्ति जिला मुख्यालय के गौरव पथ मार्ग में स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 11:00 से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे, उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी शक्ति के अध्यक्ष त्रिलोकचंद जायसवाल दादू ने बताया कि 9 दिसंबर को आयोजित संविधान रक्षक दिवस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत के साथ चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव,जैजैपुर के विधायक बालेश्वर साहू, शक्ति जिले के संगठन प्रभारी अशोक अग्रवाल,कार्यक्रम के प्रभारी यू ड़ी न्यूज़ एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिलोक चंद जायसवाल दादू ने बताया कि इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन भी आयोजित होगा जिसमें शक्ति जिले के पोलिंग बूथ के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है, एवं इस पूरे कार्यक्रम में शक्ति जिले के कांग्रेस पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पंचायत, जनपद सदस्य, सरपंच, पार्षद,विधायक एवं जनप्रतिनिधियों सहित कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता इसमें पहुंचेंगे

# जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता संघ का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुंगेली के करही स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय में अधिवक्ता संघ शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अधिवक्ता संघ द्वारा मुख्य अतिथि का गज़माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि मेरा अधिवक्ताओं से बहुत गहरा नाता है। मेरा सौभाग्य है कि मैं भी इस बार का सदस्य रहा हूं और मुख्य अतिथि के रूप में आने का मौका मिला है। मुंगेली बार का इतिहास अत्यंत वैभवशाली और गौरवशाली रहा है।

उप मुख्यमंत्री साव ने अपना अनुभव साझा करते हुए अधिवक्ताओं से कहा कि आपकी जवाबदारी बहुत बड़ी है, इसलिए पक्षकार से मुकदमा लेने के बाद उसे न्याय दिलाने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। वकील मुकदमा जीतता है या सीखता है, हारता नहीं है। समाज में वकीलों की बहुत प्रतिष्ठा है। समाज की सेवा में आपका भी योगदान महत्वपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पक्षकार कितना रुपया देगा, इसका मूल्यांकन नहीं करना चाहिए। अधिवक्ताओं का पूरा ध्यान पक्षकारों को न्याय दिलाने में होना चाहिए। उन्होंने नव निवार्चित पदाधिकारियों से मुंगेली बार की गरिमा को और आगे बढ़ाने की बात कही। डिप्टी सीएम ने जिला एवं सत्र न्यायालय में ई-लाइब्रेरी की घोषणा की और फर्नीचर के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। इसके साथ ही वहां सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव सहयोग के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मुंगेली बार को आदर्श और सुविधाजनक बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि सभी पदाधिकारीगण समाज की सेवा के लिए बेहतर कार्य करेंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले ने मुंगेली बार की सराहना की। उन्होंने अधिवक्ताओं को बिना किसी भेदभाव के पीड़ितों को समभाव से न्याय दिलाने की बात कही। इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक पूर्व सांसद लखन लाल साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम देवांगन, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ श्रेणी रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अधिवक्तागण, नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर, उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, गणमान्य नागरिक विनय गुप्ता, अनिल सोनी, शैलेश पाठक मौजूद रहे।

### संस्कार स्कूल जैजैपुर में ग्रैंड पेरेंट्स सम्मान दिवस मनाया

**जैजैपुर।** संस्कार स्कूल जैजैपुर में ग्रैंड पेरेंटस सम्मान समारोह मनाया गया । जिसमें सभी प्री प्राइमरी बच्चों के दादा दादी एवं नाना नानी आए । सर्वप्रथम आगंतुकों के द्वारा माता सरस्वती की पूजा की गई प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा पालको तिलक चंदन से स्वागत किया गया । तत्पश्चात रुयत एवं यूकेजी के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,तथा बच्चो एवं आगंतुकों के द्वारा कई कार्यक्रम व कविता गीत नृत्य आदि प्रतीत किए गए। सम्मान दिवस में सभी आगंतुकों के लिए विभिन्न तरह के खेल भी आयोजित किए गए थे, जिसमें सभी बच्चों के दादा दादी और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और बच्चों के दादा दादी भी बच्चों के साथ खेल में हिस्सा लेकर आनंद लिए। कार्यक्रम के अन्त में दादा दादी ने उदबोधन देते हुए कार्यक्रम को बहुत अच्छा बताया तथा एस. एल. नापित प्राचार्य सर के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

# राइस मिल संचालकों को विष्णु सरकार ने दिया आश्वासन कहा- कस्टम मिलिंग के प्रावधानों में करेंगे संशोधन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार की नई कस्टम मिलिंग से नाराज प्रदेश भर के हजारों राइस मिल संचालकों ने 7 दिसंबर को शासन एवं चावल उद्योग संघ के बीच हुए अनौपचारिक समझौते के बाद अपनी मिलो को चलाने का निर्णय लिया है, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के चावल मिल संचालकों की समस्या के समाधान का आश्वासन छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सभी जिलों के अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास में दिया है,जिसके बाद प्रदेश भर के मिलर्स ने कस्टम मिलिंग कार्य करने सहमति दी । इसके बाद सभी जिलों में सीएमआर कार्य आरंभ हो गया। ज्ञात हो कि प्रदेश भर के राईस मिलर्स धान खरीदी के उपरांत पंजीयन से लेकर अनुबंध का कार्य नहीं कर धान का उठाव नहीं कर रहे थे । धान का उठाव नहीं होने से सोसाइटी में अव्यवस्था और किसानों को परेशानी हो रही थी । इसके समाधान के लिए अनेक स्तर पर शासन और प्रदेश मिलर्स एसोसिएशन के बीच चर्चा हुई लेकिन मिलर्स की प्रोत्साहन राशि मिलर्स का बकाया भुगतान,परिवहन व्यय इत्यादि को लेकर गतिरोध बना हुआ था जिसके बाद प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निवास पर मुख्यमत्री के निर्देश पर प्रदेश एसोसिएशन के साथ बैठक हुई । जिसमें मिलर्स की सभी प्रमुख मांगों के साथ अनुबंध की विभिन्न कंडिकाओं में संशोधन पर सहमति बनी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, महामंत्रीद्वय विजय तायल, प्रमोद जैन, कोषाध्यक्ष चंदन अग्रवाल, सचिव संजय गर्ग के साथ सभी पदाधिकारियो को मुख्यमंत्री से मुलाकात करायी । जिसमें मुख्यमंत्री ने मिलर्स को दिए आश्वासन को अगले कैबिनेट में पूरा करने ठोस आश्वासन दिया । एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा की मिलर्स तुरंत अनुबंध कर धान का उठाव करेंगे । किसानों को किसी तरह की समस्या नहीं होगी । उन्होंने मा. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव,खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, राम गर्ग,भारतीय किसान संघ एवं लघु उद्योग भारती का धन्यवाद ज्ञापित किया जिनके प्रयासों से सीएमआर संबंधी समस्याओं का समाधान हुआ ।इसके उपरांत अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, महामंत्रीद्वय विजय तायल, प्रमोद जैन ने अपने मिलर्स साथियों से तत्काल सीएमआर कार्य करने अपील जारी की,इसके उपरांत छोटी अन्य समस्याओं के लिए मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा के साथ भी बैठक हुई जिसमें अनुबंध के विभिन्न प्रावधान में संशोधन को लेकर सहमति बनी, बैठक में दिनेश केडिया, गोपाल अग्रवाल, मोहन भाई पटेल, ईश्वर लालवानी,राजीव अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सुरेश जैन,सुरेश कटारिया, बंटी अग्रवाल, गौतम दुग्गड़,संदीप मित्तल , गोलू अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नूरू शेख,सुमित अग्रवाल, मनोज पालीवाल, जुगल लिखमणीय,रतन अग्रवाल, मनोज पीचा, मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, बलबीर सलूजा, संजय दुआ असलम भाई सहित अनेक मिलर्स उपस्थित थे।

### महामंगलपाठ व परोजन उत्सव का सौभाग्य एक साथ आयोजन दादी मंदिर लक्षनपुर में शानदार दादी कृपा से संपन्न हुआ



**जांजगीर चांपा ।** जय दादी की जय दादी की झुंझुनू वाली राणी सती दादी एवं हमारी कुल की देवी भीमेश्वरी बेरी वाली के आशीर्वाद व पितरों के पुण्य प्रताप से हमारे घर परिवार में खुशियों का खजाना एक साथ दादी पाठ एवं प्रवचन दादी मंदिर में शानदार संपन्न हुआ रोशन लाल अग्रवाल जगदीश प्रसाद राजकुमार पवन विजय संजय अजय पंकज दीपक सत्यम शिवम हिमांशु प्रियांशु गायत्री देवी कमला देवी राजरानी पुष्पा रेनू रेखा बबीता कविता मधु एकता खुशबू एवं समस्त बरपाली चौक ऐरन परिवार द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# गौरव ग्राम पंचायत सिवनी नैला में श्रीमद्भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



गौरव ग्राम पंचायत सिवनी नैला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा और भक्तिमय कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

**भव्य कलश यात्रा निकाली गई** - श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत परंपरागत कलश यात्रा के साथ हुई, जिसमें 108 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। यात्रा गांव के प्रमुख मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में भ्रमण करती हुई कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान मंगल गीतों और वैदिक मंत्रोच्चार ने माहौल को पवित्र और भक्तिमय बना दिया।

**कर्मा नृत्य दल ने बांधा समां** - रामपुर कोरबा से आए कर्मा नृत्य मंडल ने अपने प्रदर्शन से आयोजन में खास आकर्षण जोड़ा। मंडली ने पारंपरिक नृत्य से न केवल लोगों का मनोरंजन किया, बल्कि ग्रामीण संस्कृति का परिचय भी कराया।

**कथा वाचन और आयोजन** - इस सात दिवसीय आयोजन में कथा वाचन का कार्य प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य प्रवीण मिश्रा जी द्वारा किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य यजमान रामनारायण वस्त्रकार और उनकी पत्नी सुनीता वस्त्रकार हैं, जिन्होंने इस धार्मिक आयोजन की जिम्मेदारी संभाली है।

**भक्ति और सजावट से गूंजा गांव** - कथा स्थल को विशेष झांकियों और दीपों से सजाया गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का रसपान कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य गांव में आध्यात्मिक जागृति और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है।

## रौताही बाजार एवं रावत नाच महोत्सव 9 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत पामगढ़ के तत्वावधान में रौताही बाजार एवं रावत नाच महोत्सव का आयोजन 9 दिसंबर को नगर के स्टेडियम खेल मैदान पामगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक रावत नाच शौर्य प्रदर्शन का आयोजन व्यापारी संघ पामगढ़ के द्वारा कराया जा रहा है राउत नाचा महोत्सव में मुख्य अतिथि पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शेषराज हरबंश, अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ डॉ सोमनाथ यादव, अति विशिष्ट अतिथि सरंक्षण व्यापारी संघ पमगढ़ रामखिलावन ओग्रे, समाज के तरफ से यादव समाज के महामंत्री संग्राम सिंह यादव, अठोरिया यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज यादव, अठोरिया यादव समाज के कार्यकारी अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, संतोष यादव अधिवक्ता पामगढ़, संतोष यादव ठेठवार यादव समाज, लकेश यादव महासचिव ठेठवार यादव समाज, आकाश यादव विजय यादव की उपस्थिति में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रावत शौर्य प्रदर्शन में प्रथम से लेकर सप्तम पुरस्कार आने वाले राउत नाचा मंडली को पुरस्कृत किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 नगद स्व. ध्वजाराम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार 10000 नगद अर्जुन सिंह यादव की स्मृति में एवं शील्ड, तृतीय पुरस्कार 7000 नगद कमोद राम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, चतुर्थ पुरस्कार 5000 नगद गिरवर यादव की स्मृति में एवं शील्ड, पंचम पुरस्कार 3000 नगद सतीश यादव की स्मृति में एवं शील्ड, षष्टम पुरस्कार 2000 नगद उदेराम यादव की स्मृति में एवं शील्ड, सप्तम पुरस्कार 1500 नगद प्रदीप यादव की स्मृति में एवं शील्ड दी जाएगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 1013 /क/ भू. व्यप / अविअ/24

सरायपाली दिनांक 02/12/2024

आवेदक अनुज अग्रवाल पिता भोजराज अग्रवाल निवासी सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि खसरा नंबर 737/6, 737/7 रकबा क्रमशः 0.0072, 0.0147 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18-12-24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02-12-24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला महासमुन्द**

// ईश्तहार //

क्रमांक 882/क/ भू. व्यप / अविअ/24

सरायपाली दिनांक 25/11/2024

आवेदक ललित पिता जुगेश्वर निवासी भोथलडीह तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम भोथलडीह में स्थित भूमि खसरा नंबर 673/5 रकबा 0.04 हे. भूमि को कृषि मद से भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने हेतु बी-1, नक्शा एवं खसरा के बैनामा के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 11.12.2024 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सरायपाली

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 15-जुलाई-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **लव कुमार धिरही (ऋणी), मंगला धिरही (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001071033915411** से नोटिस में वर्णित राशि **25,76,388/- (पच्चीस लाख छिहत्तर हजार तीन सौ अठासी रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 04 माह दिसम्बर वर्ष 2024** को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **25,76,388/- (पच्चीस लाख छिहत्तर हजार तीन सौ अठासी रुपये मात्र)** 11-जुलाई-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 343-1, चम्पा जिला जहांगीर छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 0.014 हैक्टेयर, जो कि मंगला धीरही के स्वामित्व में है।

दिनांक : 04 दिसम्बर 2024
स्थान : जहांगीर, छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

// ऑनलाईन चतुर्थबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 416 //

क्रमांक 2693/निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2024 रायपुर, दिनांक 05/12/2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 13/12/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 162481 | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lakh) at CGRRDA, Vikas Bhawan, Civil Lines, Raipur, Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06/12/2024 से देखी जा सकती है।
टीप :- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 17/12/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)

जी.- 242504392/2

# निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ का जिले में शुरूआत विधायक रायमुनी भगत ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर की रवाना

## टीबी, कुष्ठ और मलेरिया का उन्मूलन के लिए अभियान में सहभागी बनने की अपील की

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशन में प्रदेश भर में चलाए जा रहे निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ का जिले में शुरूआत विधायक रायमुनी भगत ने जिला चिकित्सालय में निक्षय निरामय प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर विधायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जी. एस. जात्रा, डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारी और यहां पर मौजूद लोगों ने इस अभियान के तहत टीबी, कुष्ठ और मलेरिया उन्मूलन के लिए जनजागरुकता फैलाने, अपना योगदान और सहयोग देने की शपथ भी ली। नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने इस अभियान के लिए जनजागरुकता फैलाने के उद्देश्य से रैली भी निकाली। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत ने लोगों से इस अभियान में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि लोग अपनी जांच कराएं, ताकि जिला और छत्तीसगढ़ से टीबी, कुष्ठ और मलेरिया जैसी बीमारियां पूरी तरह खत्म हो सके। मुख्यमंत्री के निर्देशन और कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत 100 दिवसीय पहचान और उपचार अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान चार चरणों में चलाया जा रहा है। पहला चरण 7 दिसंबर से 22 दिसंबर तक, दूसरा चरण 23 दिसंबर से 28 फरवरी तक, तीसरा चरण 01 मार्च से 15 मार्च तक और चौथा चरण 16 मार्च से 23 मार्च तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत चलाए जा रहे निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ के तहत टीबी, कुष्ठ व मलेरिया उन्मूलन और वयोवृद्ध देखभाल के लिए घर-घर जाकर मितानिन बहनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति की खोज एवं स्क्रीनिंग कर उनका स्वास्थ्य जांच किया जाएगा। जांच के उपरांत संदेहास्पद मरीजों का उच्च अस्पताल में पुनः जांच कर रोग की सत्यापन होने पर जांच और उपचार किया जाएगा। आवश्यकतानुसार छोटे क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर संदेहास्पद मरीजों का जांच और उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विपिन इंदवार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. गणपत नायक सहित, अस्पताल के अन्य चिकित्सक, अस्पताल के कर्मचारी और लोग मौजूद थे।

# गांव की सरकारी स्कूल की छात्रा मोनिका वर्मा का सीजी पीएससी में चयन

## मोनिका वर्मा का शाला में भव्य स्वागत



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सुरहोली गांव के सरकारी विद्यालय से पढ़ी मोनिका वर्मा ने सीजी पीएससी 2023 में अपना स्थान बनाया और सहकारी निरीक्षक का पद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मोनिका वर्मा का शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सुरहोली मे भव्य स्वागत और सम्मान किया गया । उनके इस उपलब्धि से गांव ही नही बल्कि पूरे जिले खुशी का माहौल है सभी उनको बधाई देने पहुंच रहें है। बाल केबिनेट के बालक बालिकाओं के द्वारा मिठाई खिलाकर मोनिका वर्मा का मुँह मीठा कर बधाई दिया। शाला परिवार सुरहोली की ओर से आयोजित स्वागत सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत सुरहोली के सरपंच ओमप्रकाश साहू, प्रधान पाठक गोवर्धन प्रसाद वर्मा, दशरथ लाल साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही। इस कार्यक्रम में मोनिका वर्मा के पिता संतोष वर्मा उपस्थित थे। साथ ही चौबे शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, कमलनारायण रावत और विकास टंडन, सोमेश वर्मा, अभिलाष वर्मा सहित आँगन बाड़ी कार्यकर्ता और रसोईया दीदी उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के ऐम्स परिसर में निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय जांच व उपचार अभियान के दौरान लोगों में जागरूकता व टीबी जांच हेतु संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट व प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इनमें रायपुर, दुर्ग एवं बिलासपुर संभाग के लिए एक एक वाहन शामिल हैं। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित थे। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा अभियान के दौरान चिन्हाकित किये गए जोखिम समूहों की टीबी हेतु स्पॉट स्क्रीनिंग की जाएगी जिससे संदेहास्पद टीबी मरीजों का स्पॉट पर ही टीबी रोग का पता लगाया जा सकेगा। मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा ए.आई. तकनीक से हैंड हेल्ड एक्स रे, सीवाय-टीबी जांच व 16 चैनल वाले ट्रूनाट मशीन से टीबी के संभावित मरीजों की तुरंत एक्स रे द्वारा जांच एवं उपचार किया जाएगा ।

# डॉ. स्मित श्रीवास्तव को मिला कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) डॉ. स्मित श्रीवास्तव को कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया का फैलो सम्मान प्राप्त हुआ है। इसी के साथ यह सम्मान प्राप्त करने वाले राज्य के पहले कार्डियोलॉजिस्ट बने हैं डॉ. स्मित श्रीवास्तव को लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के फैलो का सम्मान देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला है। उन्हें एफसीएसआई प्रमाण पत्र और पदक से सम्मानित किया गया। लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित फैलोशिप दीक्षांत समारोह में



भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि थे। देशभर से मात्र 15 कार्डियोलॉजिस्ट इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं। इसके अलावा डॉ. स्मित को 05 से 08 दिसंबर को आयोजित कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के 76 वें वार्षिक सम्मेलन की वैज्ञानिक समिति में राष्ट्रीय संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया है। विदित हो कि कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया का मुख्य लक्ष्य कार्डियोवैस्कुलर रोगों (सीवीडी) और उसके बाद होने वाली मृत्यु दर की रोकथाम और उन्मूलन की दिशा में काम करना है। इसका उद्देश्य लोगों में कार्डियोवैस्कुलर रोगों के कारणों और प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह सोसाइटी पर्यावरण और जीवनशैली के साथ कार्डियोवैस्कुलर रोगों के सह-संबंध के बारे में आम जनता के बीच जागरूकता के स्तर को बढ़ाने की दिशा में काम करता है। सोसाइटी का वर्तमान ध्यान गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और कार्डियोवैस्कुलर रोगों की रोकथाम के लिए बाद के नए मार्गों पर है।

# जिले के सभी शासकीय अस्पतालों एवं चॉइस सेंटरों में बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत कांकेर जिला में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन' का कार्य सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों एवं समस्त चॉइस सेंटरों में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को रूपये 5 लाख तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राही जिनका पूर्व में आयुष्मान कार्ड बन चुका है, उन्हे भी दोबारा पंजीयन, ई-केवाईसी करवाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड में पंजीयन करवाने हेतु आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। कांकेर जिला को आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजनांतर्गत पंजीयन हेतु कुल लक्ष्य 29 हजार 623 प्राप्त हुआ है, जिनमें से अब तक कुल 475 हितग्राहियों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि अपना आयुष्मान वय वंदना कार्ड अपने नजदीकी शासकीय अस्पताल या चॉइस सेंटर में जाकर अतिशीघ्र पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 20 बिस्तरीय आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण और भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया

## संविदा भर्ती के 47 विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु दिए आदेश पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रभारी मंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला चिकित्सालय जीपीएम में 20 बिस्तरीय आईसोलेशन सह पीडियाट्रिक वार्ड का लोकार्पण और भारतीय जन औषधि केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती के 47 विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु आदेश पत्र दिए। उन्होंने सभी लोगों को भारत को टी. बी. मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई। संविदा भर्ती के पदों में स्टॉफ नर्स एनआरसी, नर्सिंग ऑफिसर एनएचएमपी, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर (मनोरोग नर्स), साइकोलॉजिस्ट-क्लिनिकल, द्वितीय एएनएम, एएनएम (आरबीएसके), डेंटल असिस्टेंट, ब्लॉक सुपरवाइजर (वीबीडी), एसटीएस, ओटी टेक्निशियन, लैब सहायक, नर्सिंग अधिकारी, जूनियर सचिवीय सहायक (एनएचएम), सचिवीय सहायक (आईडीएसपी), जूनियर सचिवीय सहायक (एनसीडी), जिला डाटा सहायक एवं सचिवीय सहायक (एनएचएम) के पद शामिल है।

# आयुष मेला में सैकड़ों रोगियों ने कराया उपचार

**विधायक इंद्रशाह मंडावी हुए शामिल आयुष को बताया परंपरागत इलाज पद्धति**



पायनियर संवाददाता ◄ मोहला
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय मोहला के दुर्गा चौक में जिला स्तरीय एक दिवसीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। निशुल्क आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक शिविर का आयोजन में सैकड़ों की संख्या में रोगियों ने अपना इलाज कराया। विधायक इंद्रशाह मंडावी ने भी अपना रक्तचाप एवं मधुमेह का परीक्षण कराया व ग्रामीणों को होम्योपैथी का लाभ लेने का आग्रह किया। जिला प्रभारी आयुर्वेद डॉक्टर दिनेश सोनी ने बताया की समय समय पर विभिन्न जगहों में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाता है आने वाले दिनों में भी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा जहां ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का अपील किया। इस अवसर पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा की आयुर्वेद से इलाज पद्धतियां हमारे परंपरागत ज्ञान पर आधारित है। जितना अच्छा परिणाम आयुष की औषधीय देती है, किसी और जांच पद्धति से नही मिलता है आयुर्वेद न केवल रोगों की चिकित्सा करता है बल्कि रोगों को रोकता भी है। आयुर्वेद भोजन तथा जीवनशैली में सरल परिवर्तनों के द्वारा रोगों को दूर रखने के उपाय सुझाता है। आयुर्वेदिक औषधियाँ स्वस्थ लोगों के लिए भी उपयोगी हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पुराने से पुराने असाध्य रोगों से साध्य की तरफ जा सकते है। वनांचल में हमने पूर्व में भी स्वास्थ्य शिविर का प्रयास किए है जिसका लाभ मिला है यह निश्चित है कि मानपुर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी आयुर्वेदिक जांच शिविर का प्रचार प्रसार हो जिससे ग्रामीण भी इसका पूरा लाभ ले सकें। इस अवसर पर अनिल मानिकपुरी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर चौकी, लग्नूराम चंद्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत मोहला, सरस्वती ठाकुर सरपंच मोहला, गमिता लोनहारे, मीना मांझी,दीपिका राजपूत, कन्हैया राजपूत, रामप्रसाद घावड़े, अवध चुरेंद्र, लछु सांबले एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए। आयुष विभाग से डॉक्टर वर्षा नागवंशी, डॉक्टर अन्नपूर्णा मिश्रा, डॉक्टर इकबाल हुसैन, डॉक्टर दिनेश सोनी, डॉक्टर स्नेहा गुप्ता, धिराजी सिन्हा, वासुदेव विनायक, देवदास साहू, अश्वन कोमरे, भीमकन्या पाटिल, योगेंद्र कुमार मेश्राम, दीपक कोर्राम, गजेंद्र ठाकुर, रूपेश कुमार उपस्थित रहे। जिनकी पूरी टीम ने आयुर्वेद पद्धति से शिविर में जांच किया एवं दवाई का वितरण किया।

# टी.बी. मुक्त भारत बनाने के संबंध में कलेक्टोरेट में ली गई शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की उपस्थिति में अधिकारियों द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में टी.बी. मुक्त भारत बनाने की शपथ ली गई। शपथ में बताया गया कि मैं शपथ लेता/लेती हूं कि जानकारी रोशनी सं टीबी के डर को मिटाउंगा/मिटाउंगी, सतर्कता की ताकत से टीबी के भेदभाव को खत्म करूंगा, पूर्ण समर्पण की भावना से मैं भारत को टीबी मुक्त बनाने के यज्ञ में अपना पूरा योगदान दूंगा/दूंगी। ''टीबी हारेगा, देश जीतेगा। निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़।



# 9 से 21 दिसम्बर तक किया जाएगा आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार आयुष विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्डों में आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 09 दिसम्बर 2024 को कांसाबेल विकासखण्ड के बाजारडांड़ शब्दमुडा में, 10 दिसम्बर को बगीचा विकासखण्ड के बाजारडांड़ भितघरा में, 12 दिसम्बर को जशपुर विकासखण्ड के बाजारडांड़ पोरतेंगा में, 16 दिसम्बर को फरसाबहार विकासखण्ड के बाजारडांड़ लवाकेरा एवं मनोरा विकासखण्ड के बाजारडांड़ घाघरा में और 21 दिसम्बर को दुलदुला विकासखण्ड के बाजारडांड़ लोरो में प्रातः 10.00 बजे से 4.30 बजे तक शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक आमजन को शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। इस अवसर पर शिविर में रक्त परीक्षण की भी व्यवस्था रहेगी।

# आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पंजीयन कार्य तेजी से जारी



पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कपिल देव कश्यप के मार्गदर्शन में सुकमा जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार और पंजीयन कार्य तेजी से चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। सुकमा जिले में आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुगम और सुलभ बनाया जा रहा है। इन योजनाओं से जरूरतमंदों को मुफ्त इलाज मिलने के साथ ही उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीयन सुविधा

सुकमा जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में आयुष्मान कार्ड पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा रही है। पंजीयन के लिए लाभार्थियों को राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों में पंजीयन करा सकते है।

### उपलब्धि और लाभार्थियों की संख्या

अब तक जिले में कुल 21,850 आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। विभिन्न केंद्रों पर मुफ्त इलाज प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या में जिला अस्पताल 16520, उप एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 18646, सुकमा 4977 छिंदगढ़ 8428 एवं कोंटा 5241 शामिल है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष अपील

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कश्यप ने 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ वय वंदना कार्ड पंजीयन करवाएं। उन्होंने योजना का लाभ उठाने के लिए ई-केवाईसी करना अनिवार्य बताया। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत, देश के सभी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना शुरू की गई है। राज्य सरकार ने इस योजना को सफल बनाने के लिए सुकमा जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों तक इसका लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।

### आयुष्मान कार्ड के लिए तय लक्ष्य

राज्य नोडल एजेंसी द्वारा जिले को 81,511 परिवारों का पंजीयन लक्ष्य दिया गया है। जिसमें सुकमा 18491, छिंदगढ़ 29995 एवं कोंटा 33025 शामिल है। इसके अतिरिक्त, वय वंदना कार्ड योजना के तहत जिले को 5,811 वरिष्ठ नागरिकों के पंजीयन किया जाना है।

# रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में दो नये पीजी कोर्स को मंजूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री साय की पहल पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्व. लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के 02 नये कोर्स प्रसुति एवं स्त्रीरोग विभाग हेतु 04 सीट एवं चर्मरोग विभाग हेतु 04 सीट की मंजूरी दी है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य शासन के द्वारा नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर सीटों में वृद्धि से मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। राज्य में ही पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश की संभावना बढ़ने से छात्रों को राज्य में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की तरफ से स्व. लखीराम अग्रवाल मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के 02 नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने की मंजूरी दी गयी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस आशय का इशेंसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव छ.ग.**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क./202411200100014/अ-21(2)/2024-25
**मौजा-भगतसिंह वार्ड कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेघनाथ देवांगन पिता घासीराम जाति कोष्ठा निवासी भगतसिंह वार्ड कोण्डागांव, तहसील कोण्डागांव जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव प.ह.नं.-15 तहसील कोण्डागांव में स्थित हक एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 813/5 रकबा 0.125 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादभूमि में से 4500 वर्गफीट भूमि को नातीन के उच्च शिक्षा हेतु राशि की आवश्यकता होने के कारण केता महेन्द्र कुमार गोलछा पिता मूलचंद जी गोलछा जाति जैन निवासी मेनरोड अस्पतालवार्ड कोण्डागांव को विक्रय करने की अनुमति हेतु प्रकरण न्यायालय कलेक्टर जिला कोण्डागांव के समक्ष में प्रस्तुत आवेदन जॉच प्रतिवेदनार्थ हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. कोण्डागांव के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में यदि कोई व्यक्ति दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो वह अपना आवेदन पत्र न्यायालय में सुनवाई तिथि 16.122024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**पेषी तिथिः 16.12.2024**
**जारी तिथि- 02.12.2024**

मुहर

**तहसीलदार कोण्डागांव**

# जिले में लगभग 3810 समूह की महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण






पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के निर्देशन में हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत गोबरा जनपद पंचायत धमधा में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद द्वारा जिला दुर्ग के एवं विकासखंड धमधा के ग्राम पंचायत गोबरा, नंदवाय नंदनीखुदनी में विश्व शौचालय दिवस हमारा शौचालय हमारा सम्मान अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर जांच कार्यक्रम में उपस्थित हुए और सेग्रिगेशन शेड सामुदायिक शौचालय जनपद पंचायत धमधा में सोखता गड्ढा, वक्तिगत शौचालय, घरेलू किचन गार्डन का निरीक्षण किया गया। स्वच्छताग्राही समूह की दीदीयों से चर्चा की तथा सूखे एवं गीले कचरे का पृथककरण, घरेलू स्तर में करने और लोगों को घर-घर से सिर्फ सूखा कचरा ही ले। गीला कचरा को अपनी घर के गुरवा में डिस्पोज करने युजर चार्ज हेतु प्रोत्साहित किया। अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र में रिकॉर्ड मेंटेन करने हेतु भी निर्देशित किया। ओडीएफ प्लस मॉडल को बनाये रखने के निर्देश दिये जिसमें जनपद पंचायत धमधा मुख्य कार्यपालन अधिकारी किरण कौशिक, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण समूह उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं द्वारा स्वच्छता आधारित नाटक व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 1233 महिलाओं का स्वास्थ्य जाँच किया गया। शिविर के दौरान स्वच्छाग्राही महिलाओं को सम्मानित करते हुए शॉल, श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया एवं स्वच्छता शपथ ली गई। ग्राम पंचायत थनौद, जनपद पंचायत दुर्ग में विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे तारेन देशमुख, आरएमए, आशीष राजपूत, आरएच ओ, पूजा साहू, सीएचओ, डॉक्टर की टीम द्वारा स्वच्छग्राहियों का स्वास्थ्य जाँच किया गया। इसके अलावा 44 उपस्वास्थ्य केंद्र, 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 3 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1 सिविल अस्पताल, 50 बिस्तर नगपुरा में 59 केंद्र में 832 स्वछाग्राहियों ने स्वास्थ्य जाँच कर बीपी, सुगर, सर्दी बुखार एवं अन्य बिमारियों का हमारा शौचालय हमारा सम्मान के अंतर्गत सरस्वती दीदी स्व सहायता समूह की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण चेकअप कर दवाई उपलब्ध कराई गई। समूह की महिलाओं का प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच किया जाता है एवम स्वास्थ्य कार्ड पर प्रति माह शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन जांच किया। मेरा शौचालय मेरा सम्मान अभियान विश्व शौचालय दिवस पखवाड़ा 19 नवंबर से 10 दिसंबर अंतर्गत हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम के अंतर्गत विकासखंड पाटन में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छाग्राहियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पचपेड़ी, अशोगा, कसही, बोरवाय, करेला, जरवाय, खोला, बासीन, अरसनारा, घुघुवा-क, तेलीगुण्डरा, पौहा, भैसबोड़, किकिरमेटा, पतोरा में कुल 1129 स्वच्छग्राहियों द्वारा स्वास्थ्य जांच कराया गया।

# विराट वीर मेला राजाराव पठार के मद्देनजर तैयार किया गया रूट डायवर्सन प्लान

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देशन पर जिले में विराट वीर मेला राजाराव पठार (करेंझर) में आज 8 से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजन को देखते हुए बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग तैयार किया गया है। धमतरी से कांकेर तक सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक बड़ी मालवाहक वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। वही वाहन मालिक व चालकों से बालोद पुलिस ने परिवर्तित मार्ग का उपयोग करने की अपील की हैं। आदिवासी समाज के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 8, 9, एवं 10 दिसम्बर 2024 को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर राजाराव पठार करेंझर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 धमतरी से जगदलपुर मार्ग चारामा एवं धमतरी के मध्य अंतर्गत विराट वीर मेला राजाराव पठार (करेंझर) में आयोजन किया जाना है। जिसमें देव मेला आदिवासी हॉट, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम, तथा शहीद वीरनाराण सिंह की श्रद्धांजली सभा का कार्यक्रम किया जाता है। जिसमें बालोद, धमतरी, कांकेर, राजनांदगांव, मानपुर मोहला क्षेत्र के अदिवासी समाज के नागरिक, गणमान्य नागरिक, आम जनों का बड़ी संख्या में विराट वीर मेला राजाराव पठार में सम्मिलित होने के लिए आते है। जिसके मद्देनजर रूट डायवर्सन प्लान बनाया गया है।

**भारी वाहन माकड़ी चौक से भानुप्रतापपुर, डौंडी होते हुए दुर्ग भिलाई की ओर जाएंगे-** इस मार्ग में यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए धमतरी से चारामा के मध्य तक बड़ी मालवाहक वाहनों के लिए प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवेश निषेध किया गया है। इसके स्थान पर परिवर्तित मार्ग बनाया गया है।।रायपुर-धमतरी तरफसे आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन के लिए धमतरी सिहावा चौक से डायवर्ट होकर करेगाव-कोलियारी-नगरी-सिहावा-कांकेर होते हुए कोंडागांव जगदलपुर से अपने गतव्य स्थान की ओर जाएंगे तथा जगदलपुर कोंडागांव की तरफ से आने वाले बड़ी मालवाहक वाहन केशकाल विश्रामपुरी चौक से-विश्रामपुरी-सिहावा-नगरी-धमतरी होते हुए रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे अथवा राजनांदगांव दुर्ग भिलाई जाने के लिए माकड़ी चौक से भानुप्रतापुर-डौण्डी-दल्लीराजहरा-राजनांदगांव होते हुए दुर्ग भिलाई रायपुर जाएंगे। वही बालोद पुलिस ने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों से अपील करते हुए कहा है की वाहन चालक परिवर्तित मार्ग का उपयोग करे एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु बालोद पुलिस का सहयोग करें। अधिक जानकारी के लिए पुलिस कंट्रोल रूम बालोद 94791-91160, यातायात कार्यालय बालोद 94791-91274 पर संपर्क करें।

# सीईओ दुर्ग ने लिया समिति प्रबंधकों एवं ऑपरेटरों की बैठक




पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीकांत चन्द्राकर ने आज जिले के 87 सेवा सहकारी समितियों के समिति प्रबंधकों एवं कम्पयूटर ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रकबा समर्पण के संबंध में तथा समितियों में संचालित माइक्रो ए.टी.एम. में प्रतिदिन लेन-देन करने निर्देशित किया गया। सहकारी से समृद्धि के तहत जिला प्रशासन से कॉमन सर्विस सेंटर के डिट्रिक्ट मैनेजर अवधेश साहू के द्वारा समिति प्रबंधकों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्रेशन करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा किसानों को सुविधाएँ प्रदान करने निर्देशित किया गया। बैठक में प्रधान कार्यालय दुर्ग के हृदेश शर्मा, विपणन अधिकारी, रीना साहू पर्यवेक्षक फिल्ड कक्ष उपस्थित रहें।

# मारो के आत्मानंद स्कूल भवन मरम्मत से लेकर मध्यान्ह भोजन सफाई तक में धांधली

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com







मारो की आत्मानंद स्कूल भवन मरम्मत से लेकर मध्यान भोजन और सफाई के मामले में धांधली से लेकर लापरवाही का खुला उदाहरण कभी भी देखा जा सकता है साथ ही शिक्षकों की कमी से विधथियो की पढ़ाई पर असर तो पढ़ाना स्वाभाविक है कांग्रेस सरकार के जमाने में मारों नगर वासियों को स्वामी आत्मानंद स्कूल का सौगात मिला था। कांग्रेस सरकार की महती योजना स्वामी आत्मानंद स्कूल का मारो में शुभारंभ किया गया जिसके लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मारो भवन जीर्णोद्धार के लिए 66 लाख रुपए शासन द्वारा स्वीकृत की गई किंतु ठेकेदार द्वारा लीपा पोती कर अधिकतर राशि आहरण कर ली गई है, आज पर्यंत तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। इसी तरह आत्मानंद स्कूल में 6 सफाई कर्मचारी पदस्थ हैं किंतु सफाई का काम कहीं नजर नहीं आता, प्रिंसिपल द्वारा कर्मचारियों(शिक्षक)से पैसे लेकर सफाई कर्मी रखने की बात कही जाती है जो कि अनुचित है। ठेकेदार द्वारा स्कूल में मरम्मत कार्य किया जा रहा था उस समय एक गाय स्कूल के अंदर दो दिन तक बंद रही किंतु कर्मचारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया, नगर वासियों द्वारा सोशल मीडिया के द्वारा कलेक्टर बेमेतरा को इस बात की जानकारी दी गई, तब इस पर पहल करते हुए उसे तत्काल बाहर निकाला गया, यह कर्मचारियों की लापरवाही को इंगित करता है। संस्था प्रमुख द्वारा पेयजल व्यवस्था हेतु प्लंबर से काम कराया गया है वह भी सही नहीं है, स्कूल की न तो सफाई की जाती है और ना ही किसी प्रकार के शासकीय कार्यो में सहयोग किया जाता है। मध्याह्न भोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल में संचालित है जहां भोजन की गुणवत्ता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता, फोटो से इस बात की सत्यता समझी जा सकती है, यहां लगभग 10 किलो चॉवल पकता है जबकि बच्चे बहुत अधिक हैं, यहां अधिकतर बहुत बच्चे भोजन नहीं करते फिर भी भोजन का स्तरहीन है। इस स्कूल में 300 बच्चे मध्यान्ह भोजन करने वाले हैं किंतु मात्र 80 बच्चे ही भोजन करते हैं। यहां शिक्षकों की कमी बनी हुई है अभी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है जिसमें 12 पोस्ट रिक्त बताया जा रहा है बताया है कि मारो नगर पंचायत हमेशा से राजनीतिक रूप से प्रभावित क्षेत्र रहा है पर इसके बावजूद इसके विकास कार्य की गुणवत्ता बिल्कुल ना के बराबर है ।

# सांसद बघेल ने किया निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत 7 दिसम्बर को लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला (भिलाई) से कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल के करकमलों से किया गया। जिसमें प्रचार-प्रसार के लिए निक्षय निरामय प्रचार वाहन को सांसद विजय बघेल, एडीएम, आयुक्त नगर निगम भिलाई, सीएमएचओ एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के द्वारा रवाना किया गया। स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 100 दिवसीय है, इसमें तपेदिक, कुष्ठ, मलेरिया एवं वयोवृद्ध की पहचान एवं उपचार सम्मिलित है। मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं एनएमए के द्वारा घर-घर सर्वे कर संकास्पद मरीजों को जाँच हेतु उच्च संस्थानों में रिफर करेंगे। इसमें तपेदिक एवं कुष्ठ बीमारी को छत्तीसगढ़ से समूल नष्ट करने का संकल्प हम सभी को लेना है तभी इस बीमारी से मुक्ति पाया जा सकता है।

# एनएसएस कार्यक्रम के छठवें दिन लगाइ गई प्रभात फेरी, ग्रामीणों को किया गया जागरूक



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

विकारखंड बगीचा मे स्थित शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरु महाविद्यालय बगीचा के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र- छात्राओ के द्वारा सात दिवस विशेष शिविर का आयोजन किया गया है जिसका शनिवार छठवें दिन छात्र- छात्राओ के द्वारा प्रात काल से ही ग्राम मे प्रभात फेरी के लिए ग्राम के सभी गली मुहल्ले मे घूम घूम कर जागरूकता अभियान चलाया गया एवं सर्शवती शिशु मंदिर मे सेवा योजना के स्वयसेवक के द्वारा स्कूल के बच्चों को समाज के प्रति एवं समय के प्रति विशेष अभियान चला कर शिक्षित किया गया। इसके पश्चात सभी स्वमसेवको के द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला भितघरा के स्कूल के खेल मैदान की साफ सफाई किया गया एवं एक ग्रुप के द्वारा सभी स्वेमसेवाको के लिए भोजन बनाया गया ।

# बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत कराने सांसद विजय बघेल का आभार : डॉ निर्वाणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा सांसद विजय बघेल ने केन्द्र सरकार से बेमेतरा जिले के लिए केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृत कराई है उससे जिले में हर्ष का माहौल है, प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महसभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि साँसद विजय बघेल के इस प्रयास को बेमेतरा शिक्षा के क्षेत्र में अहम पड़ाव के तौर पर याद किया जाएगा,वैसे बेमेतरा के प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने अल्प सुविधा के बावजूद पिछले पांच दशकों से मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेना, न्यायिक सेवा में अपने कौशल का लोहा मनवाया है,पिछले कुछ सालों से निजी क्षेत्र के स्कूलों ने भी बेमेतरा के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराए हैं और यहां के छात्र छात्राओं ने विदेशों तक में अपनी सेवाएं देकर नगर और जिले का मान बढ़ा रहे हैं, लोकसभा साँसद विजय बघेल ने केंद्रीय विद्यालय की सौगात देकर बेमेतरा के प्रतिभाओं के लिए सोने पे सुहागा का काम किया है, इस भागीरथ प्रयाश के लिएअखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महसभा साँसद बघेल का नागरिक अभिनंदन करेगी, बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से उत्कृष्ट और किफायती शिक्षा से छात्र छात्राओं के साथ साथ अभिभावकों को भी खर्चीले होते है रहे निजी शिक्षण संस्थानों का एक बेहतर और श्रेष्ठ विकल्प मिल जाएगा, बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खुल जाने से क्षेत्रीय प्रतिभाओं के लिए अवसर के द्वार खुलेंगे, अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महसभा के प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा,जिला अध्यक्ष लाला भारती, महिला विंग की जिला अध्यक्ष रेवत्ति साहू,युवा इकाई के अध्यक्ष वेंकी साहू, गजानन्द साहू, साजा विधानसभा अध्यक्ष भुवनेश्वर चंद्राकर, जनार्दन जायसवाल, भगीरथ यदु, दौलत यदु सहित महसभा के कार्यकर्ते ने साँसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया है।




# सड़क सुरक्षा मितान बचाएंगे राहगीरों की जान एनएच से लगे ग्रामों में बनाए जाएंगे वालंटियर

## कलेक्टर एवं एसपी ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की ली बैठक



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिले में सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर रोहित व्यास एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में कलेक्टर ने दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाइट एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने को कहा।

### सुरक्षा के संकेत लगाने निर्देश

कलेक्टर एवं एसपी ने कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय समेत सभी शासकीय संस्थाओं के कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक करने लिए सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य रूप से पहन कर आने को कहा। उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए लर्निंग लाइसेंस हेतु शिविर लगाने, रोड निर्माण के दौरान स्पष्ट डाइवर्जन तथा साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। स्पीड ब्रेकर को सुरक्षित बनाने के लिए उसके आस पास जेब्रा क्रॉसिंग, रम्बल स्ट्रिप, साइन बोर्ड अवश्य लगाने तथा मानकों के अनुसार ही उनका निर्माण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, सभी एसडीएम सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### टीम बनाकर करेंगे सुरक्षा

बैठक में कलेक्टर ने दुर्घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों की पहचान के लिए सर्वे स्थानीय अधिकारियों का दल बनाकर करने के लिए निर्देशित किया। इस दल में स्थानीय एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थानेदार, यातायात, सड़क निर्माण एजेंसियों के अधिकारी शामिल होंगे। ये दल दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित करने के लिए रेडियम एवं रेफ्लेक्टिंग स्टिकर लगाने, रम्बलिंग स्ट्रीप, पेड़ों की छटाई, स्टॉपर एवं ब्लिंकर लगाने, जेब्रा क्रॉसिंग बनाने, स्टॉपर लगाने आदि के सुझाव देकर उन्हें पूरा करवाएगी। इस अवसर पर लोरो घाट में कॉन्वेक्स दर्पण लगाने के साथ सड़कों पर लगे संकेतकों को व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए गए।

### सुरक्षा मितान को प्रशिक्षण

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्गों के किनारे बसे ग्रामों में लोगों को जागरूक करने तथा किसी दुर्घटना की स्थिति में घायलों की प्राथमिक सहायता के लिए युवाओं को सड़क सुरक्षा मितान बनाया जाएगा। ये स्वयंसेवक मितान ग्राम के लोगों को सड़क संबंधित नियमों के लिए जागरूक करेंगे साथ ही इन्हें घायलों को प्राथमिक सहायता दिलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सुरक्षा पर मिलेगा सम्मान

इसके अतिरिक्त उन्हें आपातकालीन स्थिति में संपर्क एवं सहायता के लिए सभी आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि सड़क हादसों की स्थिति में त्वरित जानकारी के साथ सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### वाहनों पर लगेंगे स्टीकर

कलेक्टर ने सभी ट्रेक्टर एवं मालवाहक गाड़ियों में अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टर स्टीकर एवं स्पष्ट प्रदर्शित नम्बर प्लेट लगवाने के लिए अभियान चलाने के लिए परिवहन विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने सड़क हादसों के समय सूचना मिलते ही सक्षम अधिकारियों को जल्द से जल्द घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के लिए मद्यपान कर वाहन चलाने वालों पर सख्त रुख अपनाने के लिये पुलिस अधीक्षक ने विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश पर किया प्रतिबंधित

## विशेष परिस्थिति में अनुमति लेकर ही जा सकेंगे



पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध किया है। छत्तीसगढ़ विधान सभा की षष्ठम् विधानसभा का चतुर्थ सत्र से 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिसमें विधान सभा प्रश्नों तथा ध्यानाकर्षण सूचनाओं का जवाब समय पर शासन को भेजा जाना होता है तथा कई बार विधान सभा प्रश्नों से सम्बधित जानकारी लेकर मंत्रालय, रायपुर जाना होता है। अतः जारी आदेश दिनांक से विधानसभा सत्र के दौरान तक जिले के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों के अवकाशों पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाता है। अत्यन्त आवश्यक कार्य होने की स्थिति में अद्योहस्ताक्षकर्ता के पूर्व अनुमति लेकर ही अवकाश पर अथवा मुख्यालय छोड़कर जा सकेगें। जिला प्रमुख का अधीनस्थ अमला जिला प्रमुख से अनुमति लेने के पश्चात अवकाश पर जा सकेगें। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# मेसर्स आलोक फेरो एलॉयस लिमिटेड का विस्तार ठेकेदारी प्रथा बंद करने और प्रदूषण रोकने की उठी मांग

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन इंडस्ट्रियल परिसर उरला रायपुर में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल नया रायपुर अटल नगर एवं मेसर्स आलोक फेरो एलॉयस लिमिटेड हीरा ग्रुप की जनसुनवाई हुई। इसमें जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने विकास के नाम पर समर्थन समर्थन दिया। वहीं मांग उठी की मेसर्स आलोक फेरो एलॉयस लिमिटेड के विस्तार को समर्थन है परंतु इस विस्तार में स्थानीय लोगों को रोजगार प्राथमिकता में रखा जाए वही क्षेत्र में प्रदूषण रोकने के लिए हीरा ग्रुप के प्रयास निरंतर जारी रहे, पेड़ पौधे लगाए जाएं तथा कंपनी में बाहरी ठेकेदारों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। बता दे की हीरा ग्रुप के मेसर्स आलोक फेरो एलॉयस लिमिटेड उत्पादन क्षमता में विस्तार करने जा रहा है इसमें क्षमता को 14496 से बढ़कर प्रतिवर्ष 19000 टन किया जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा अन्य पिंग आयरन की क्षमता 28500 टन प्रतिवर्ष और फिर्नेस की क्षमता 6000 टन प्रति वर्ष किए जाने का प्रस्ताव को लक्ष्य कर जनसुनवाई आयोजित की गई थी। इस जनसुनवाई में नगर पालिक महापौर नंदलाल देवांगन निगम सभापति कृपाराम निषाद पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भागीरथी, विधायक प्रतिनिधि मेकमिलन साहू सहित मेसर्स आलोक फेरो एलॉयस लिमिटेड की ओर से अजय दुबे निकेत खंडेलवाल, एसडी एम देवेंद्र पटेल पर्यावरण अधिकारी पीके राबड़े सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस सुनवाई में समर्थन के लिए हाथ उठे तो कहीं-कहीं पर विरोध के भी स्वर मुखर होते दिखाई दिए। जनसुनवाई में समर्थन देने के लिए जिन लोगों ने हाथ उठा उनमें देवेंद्र खेलवार धरम सतनामी, संजीव सतनामी, कमलेश सतनामी, पुनीत सतनामी, अध्यक्ष सतनाम सेना की प्रमुखता रही, राजेन्द्र साहू, गेंदलाल कोसले, राजीव कोसरिया, तो वहीं महिला जनप्रतिनिधि शांति साहू, भारती यादव, पार्षद सुशीला मारकंडे, रुक्मणी सिन्हा, व्यापारी नवीन जैन, पार्षद अश्वनी यादव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भागीरथी के नाम प्रमुखता में है। विस्तार को समर्थन देते हुए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भागीरथी ने कहा कि अछोली एक छोटा सा ग्रामीण क्षेत्र है जिसे विकास की काफी आवश्यकता है इसलिए हीरा ग्रुप गोद लेकर विकास की नई इबारत लिखें हर संभव सहयोग दिया जाएगा। पार्षद अश्वनी यादव ने विस्तार को समर्थन दिया वहीं यह मांग रखी की यहां पर कर्मचारियों के बीच नशा की जो प्रवृत्ति बन रही है, उस पर रोक लगाने में कंपनी विशेष कदम उठाए।

# अमेजन पे गिफ्ट कार्ड्स के साथ उपहार संस्कृति का एक दशक खुशी और उत्सव के साथ मनाएं

amazon pay

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्राहकों को उपहार देने की सुविधा और विविधता के साथ एक दशक की खुशी मनाने के अवसर पर, अमेजन पे ने घोषणा की कि उसने भारतीय ग्राहकों को एक बिलियन से अधिक गिफ्ट कार्ड्स सफलतापूर्वक वितरित किए हैं, जो भारतीय गिफ्ट कार्ड बाजार में इन कार्ड्स की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। पाइन लैब्स द्वारा क्विक सिल्वर ब्रांड नाम के तहत और अमेजन पे इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (अमेजन पे) के ब्रांड के साथ जारी किए गए इन गिफ्ट कार्ड्स की शुरुआत आर्थिक वर्ष 2014 में हुई थी। तब से, अमेजन पे गिफ्ट कार्ड्स ने लगातार ग्राहकों को मूल्य प्रदान किया है और साल दर साल दो अंकों की वृद्धि दिखायी है। अमेजन पे अब गिफ्ट कार्ड्स के एक विस्तृत विकल्प की पेशकश करता है, जिसमें अमेजन शॉपिंग वाउचर्स, अमेजन फ्रेश वाउचर्स, अमेजन प्राइम वाउचर्स और नए अमेजन गोल्ड वाउचर्स शामिल हैं, जो सभी ग्राहकों को उनके उपहार विकल्पों में अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। ये पेशकशें विभिन्न प्रकार की प्राथमिकताओं को पूरा करती हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। भारत के तेजी से बढ़ते गेमिंग समुदाय की जरूरतों को पूरा करने के लिए, जो 400 मिलियन से अधिक गेमर्स तक फैला हुआ है (स्रोतः इन्वेस्ट इंडिया), अमेजन पे ने लोकप्रिय प्लेटफार्मों जैसे कि एप्पल एप्प स्टोर, वैलोरंट, यूनिपिन, स्टिम और प्ले स्टेशन के लिए गेमिंग गिफ्ट कार्ड्स पेश किए हैं।

# प्रगतिशील यादव महासंघ ने आंबेडकर को दी पुष्पांजलि




पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ के पदाधिकारीगण एवं सदस्यों जितेंद्र बहादुर यादव, अशोक यादव, सुनीता यादव, नीमाश्री यादव, रविंद्र सिंह यादव, शशिकांत यादव, किरण यादव, अरुणा यादव, पदमा, श्वेता सिंह आदि गणमान्य ने पुरानी बस्ती स्थित बाल जीवन ज्योति विद्यालय के स्पेशल चाइल्ड के साथ आधुनिक भारत के वास्तुविद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके दिखाए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया। महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि संविधान निर्माता को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद निमया सेवा जतन फाउंडेशन प्रमुख मधु यादव ने विद्यालय के 38 नन्हे मुन्ने दिव्यांगों को गर्म कपड़े, स्वेटर, टॉफी, लिपबाम, हेयर क्लिप आदि वितरित कर उनके मासूम चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक की सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक दीक्षा डोंगरे ने भारत रत्न बी.आर.अंबेडकर के संपूर्ण जीवन को वंदनीय तथा मानवता के कल्याण हेतु समर्पित बताया। राष्ट्रगान के पूर्व बाबा साहब अमर रहे, संविधान शिल्पी की जय हो के गगन भेदी नारों के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# आज की पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए ई- कंटेंट आवश्यक : गिरीश कांत पांडेय





पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ई कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप के तीसरे दिवस समापन समारोह मुख्य अतिथि प्रो. गिरीश कांत पांडेय (पूर्व कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय नवागढ़) के मुख्य आतिथ्य एवं प्रो. प्रीति के.सुरेश (संचालक, मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एवं प्रोफेसर, इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ,की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो.गिरीश कांत पांडेय ने कहा कि आज की पीढ़ी डिजिटल वर्ल्ड में रहती है। उसे शिक्षित करने के लिए विश्वसनीय, प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण ई कंटेंट आवश्यक हो गया है। विद्यार्थी को सिर्फ क्लास रूम में बांधकर नहीं रखा जा सकता। उसे क्लासरूम में सीखाकर ई कंटेंट के माध्यम से जानकारी को विस्तार देना प्राध्यापक के लिए उचित है। इसके लिए आज हर शिक्षक को ई कंटेंट डेवलप करना आना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताना होगा की कौन से विषय का कौन सा चैप्टर के लिए ई कंटेंट कहां-कहां से मिल सकता है। क्योंकि आज की पीढ़ी जिस माध्यम से सीखना चाहता है, उसे उसी माध्यम में शिक्षित करना होगा और वह माध्यम आज के समय में ऑनलाइन क्लास या ई कंटेंट ही हो सकता है। इस अवसर पर प्रो. प्रीति के. सुरेश ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ई कंटेंट विकसित करना आवश्यक हो गया है ।छात्रों तक पहुंचाने के लिए ई कंटेंट को विकसित करने का हम जितना भी प्रैक्टिस करते जाएंगे।

# इसुजू आई-केयर विंटर कैम्प' 9 से 14 दिसंबर तक सभी अधिकृत इसुजू डीलरशिप्स पर

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




इसुजू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में 'इसुजू आई केयर विंटर कैम्प' की घोषणा की है। इसुजू डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी के लिए डिजाईन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुजू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जाँच प्रदान करेंगे। इस शिविर में आने वाले ग्राहकों को मुफ्त 37 पॉइंट विस्तृत जाँच, लेबर पर 10 प्रतिशत की छूट, पार्ट्स पर 5 प्रतिशत की छूट, ल्यूब और फ्लूइड पर 5 प्रतिशत की छूट, रिटेल आरएसए ख़रीद पर 10 प्रतिशत की छूट, मुफ़्त आरईजीईएन केवल बीएसफोर वाहनों के लिए मिलेगा तथा अन्य छूट पर कुछ नियम एवं शर्तें लागू होंगे। 'इसुजू केयर' द्वारा 09 से 14 दिसंबर 2024 (ये दोनों दिन भी शामिल) के बीच सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर विंटर कैम्प लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष ऑफर और लाभ दिये जा रहे हैं। 'विंटर कैम्प' रायपुर सहित अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भांडुप (मुंबई), कालीकट, चेन्नई, कोयंबतूर, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हिसार, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जयगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, करनाल , कोच्चि, कोल्हापुर, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, एलबी नगर (हैदराबाद), लेह, मदुरई, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, नेल्लौर, पुणे, रत्नागिरी, राजामुंदरी, राजकोट, सतारा, शिवमोग्गा, सिलीगुड़ी, सोलापुर,

# पिकअप में लोड चिरान लकड़ी जब्त



पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में फॉरेस्ट विभाग के द्वारा एक पिकअप से चिरान लकड़ी जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक ईट भट्ठा के पास से पिकअप वाहन यूपी 64 एटी 8544 में लोड चिरान लकड़ी को जप्त कर वन परिक्षेत्र रामानुजगंज के कास्ता गार में खड़ा कर वन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# रहेजा निर्वाणा लांचिंग का फायदा उठाने का आज अंतिम दिन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



रियल एस्टेट के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता के लिए विख्यात रहेजा ग्रुप के नए प्रोजेक्ट रहेजा निर्वाणा 3 का दूसरा दिन भी सफलता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। लॉन्च के दूसरे दिन प्रोजेक्ट साइट पर ग्राहकों और आगंतुकों की प्रोजेक्ट के प्रति रूचि बनी रही। हरियाली से भरपूर इस प्रोजेक्ट को आधुनिक जीवनशैली और शांति का प्रतीक मानते हुए लोगों ने खूब सराहा।प्रोजेक्ट में मौजूद आधुनिक क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, बच्चों के लिए मिनी वॉटर पार्क, इंडोर गेम्स, कैफेटेरिया एवं किड्स प्ले एरिया जैसी सुविधाओं ने आगंतुकों को प्रभावित किया। हरियाली से घिरा वातावरण और अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्थाएं इसे रायपुर के सबसे आकर्षक आवासीय विकल्पों में शामिल करती हैं। दूसरे दिन, परिवारों और निवेशकों ने इस प्रोजेक्ट के प्रति विशेष रुचि दिखाई। ग्राहकों को ऑन स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक गिफ्ट्स भी प्रदान किए जा रहे हैं, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। रहेजा ग्रुप के डायरेक्टर संजय रहेजा ने कहा, रहेजा निर्वाणा 3 को हमने एक सपने की तरह तैयार किया है। यह सिर्फएक घर नहीं है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जो हर परिवार को शांति और खुशी का एहसास दिलाएगा। हम अपने ग्राहकों की जरूरतों और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हर बार कुछ नया और बेहतर देने का प्रयास करते हैं।

आपको बता दें कि तीन दिवसीय इस लांचिंग आयोजन का आज अंतिम दिन है, जिसमें मौके पर बुकिंग करने वाले ग्राहकों को उपहार जीतने के साथ ही आकर्षक प्राइस पर प्लॉट बुक करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। यह आयोजन उन लोगों के लिए एक अंतिम मौका है, जो न केवल एक घर बल्कि एक बेहतर जीवनशैली में निवेश करना चाहते हैं।

# निजात अभियान के तहत स्कूल-कॉलेज, गाँव-शहर व सार्वजनिक स्थानों में नशे विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिले में पुलिस के ह्रनिजात अभियान के तहत स्कूल-कॉलेज, गाँव-शहर व सार्वजनिक स्थानों में नशे विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, पोस्टर, सेमीनार, चलचित्र एवं अन्य माध्यमों से व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। नशे विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही के साथ प्रभावित लोगों का काउंसलिंग भी किया जा रहा है। नशे को ना, ज़िंदगी को हां।

## प्रश्न बैंक की गुणवता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश

# प्रश्न बैंक निर्माण के लिए यशश्वी जशपुर की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संचालित यशस्वी कार्यक्रम के तहत जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए सभी विषयों के प्रश्न बैंक निर्माण के लिए रिसोर्स पर्सन्स की एक दिवसीय कार्यशाला संकल्प शिक्षण संस्था जशपुर में संपन्न हुई। इस अवसर पर यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने कार्यशाला में उपस्थित रिसोर्स पर्सन्स को कहा कि बोर्ड परीक्षा में पासिंग पर्सेंटेज शत प्रतिशत लाने की चुनौती हमारे समक्ष है और हमारे लिए यह खुशी की बात है कि हमारा जिला इसके बहुत करीब पहुंच चुका है। इस वर्ष चुनौती अपेक्षा कृत बड़ी है, अतः सभी विषय के रिसोर्स पर्सन अपनी प्रतिभा और अनुभव से सर्वश्रेष्ठ प्रश्न बैंक का निर्माण करें। जिले की इस कार्यशाला में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के सभी विषयों का प्रश्न बैंक निर्माण बोर्ड के ब्लू प्रिंट के अनुसार किया जाना है। उन्होंने कहा कि यशस्वी जशपुर के रिसोर्स पर्सन्स द्वारा निर्मित प्रश्न बैंक से जिले के विद्यालयों में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं में अध्यनरत विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इस कारण प्रश्न बैंक में ऐसे प्रश्नों का समावेश करे जिससे बच्चों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि सभी माध्यमिक शिक्षा मंडल के ब्लू प्रिंट को ध्यान में रखते हुए ही प्रश्न बैंक का निर्माण करेंगे । इसी प्रश्न बैंक के माध्यम से बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को जनवरी माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ होने वाले मिशन 40 डेज़ के दौरान लिखित अभ्यास कराया जाएगा (उन्होंने सभी रिसोर्स पर्सन को प्रश्न बैंक की गुणवता पर विशेष ध्यान रखने के लिए कहा क्योंकि जिले के कम अच्छे बच्चों को मुख्यरूप से महत्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ और अतिलघुत्तरीय प्रश्नों का चार से पाँच बार लिखित अभ्यास कराया जाना है द्य ऐसे विद्यार्थी दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को हल करने में कठिनाई अनुभव करते है इसलिए कम अच्छे बच्चों के स्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों के साथ ही आदर्श उत्तर तैयार करें। गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा उपरांत इस प्रश्न बैंक की समीक्षा भी जाएगी कि इसका लाभ बच्चों को कितना प्राप्त हुआ है जिससे अगले वर्ष की योजना बनाने में सहायता मिल सके द्य कार्यशाला में यशस्वी जशपुर के सदस्य संजीव शर्मा, संजय दास, राजेंद्र प्रेमी सहित यशस्वी जशपुर के 50 से अधिक रिसोर्स पर्सन्स उपस्थित थे।

# रमाकांत अग्रवाल का निधन



**रायपुर।** श्रीराम प्रिंटर्स एवं स्टेशनर्स के संचालक रमाकांत (छोटू) अग्रवाल (सुपुत्र - स्व. धरम अग्रवाल) का 46 वर्ष की आयु में हैदराबाद में दुःखद निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज प्रातः 11.30 बजे उनके निवास स्थान राजीव नगर से मारवाड़ी मुक्ति धाम जाएगी।

# सैनिकों के लिए मदद करे समाज : राज्यपाल डेका

## झण्डा दिवस निधि में राज्यपाल ने दी दो लाख की सहयोग राशि

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में राजभवन के दरबार हॉल में गौरवपूर्ण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि सैनिक निस्वार्थ भाव से हमेशा देश की रक्षा के लिए तैयार रहते है और अपना जीवन देश सेवा के लिए लगाते है। समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है कि उनके लिए मदद करें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि अधिक से अधिक सहयोग देकर वीर जवानों के प्रति सम्मान व्यक्त करें। राज्यपाल ने सशस्त्र झण्डा दिवस निधि के लिए 2 लाख रूपए की सहयोग राशि राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड को प्रदान की। कार्यक्रम में राज्यपाल ने सभी शहीदों की वीर नारियों एवं माताओं, आश्रितों को सम्मान राशि 7 हजार 100 और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। वीरता अलंकरण प्राप्त कर्ताओं और झण्डा दिवस के अवसर पर विशेष योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान भी किया। राज्यपाल ने आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा जारी स्नातक उपाधि 6 भूतपूर्व सैनिकों को प्रदान कर प्रोत्साहित किया। राज्यपाल डेका ने अपने उद्बोधन के दौरान इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि झण्डा दिवस निधि से लगभग 27 महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है जिससे हम अपने भूतपूर्व सैनिकों की उचित तरीके से देखभाल करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि नियमित और अनुशासित होना सफल जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण का उदाहरण देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सुधा सक्सेना की सराहना की जो एक सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी है और अपने पेंशन की राशि से प्रतिवर्ष झण्डा दिवस निधि में विशेष योगदान देती हैं। हमारे समाज में ऐसे असंख्य अदृश्य हीरो है जो समाज की निस्वार्थ सेवा करते है। उन्होंने कहा कि विकास के मॉडल में आम आदमी की भूमिका बढ़ानी होगी। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे नई टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और खुद को लगातार अपग्रेड करते रहें। डेका ने कहा कि सारा राष्ट्र सशस्त्र सेना एवं सैनिकों के परिवार साथ खड़ा है। सेवारत और सेवानिव्त्त सैनिकों एवं उनके आश्रितों के कल्याण हेतु हमेशा प्रयासरत रहेंगे। समारोह की शुरूआत में शहीद सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का प्रतीक बैज लगाकर डेका को सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल कुमार शर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के संदेश का वाचन किया। राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के संचालक ब्रिगेडियर विवेक शर्मा ने झण्डा दिवस निधि के महत्व पर एवं इस निधि से भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो की जानकारी दी। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस में सबसे ज्यादा राशि एकत्रित करने के लिए कलेक्टर दुर्ग ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर कैप्टन अनिल कुमार शर्मा को प्रथम पुरूस्कार एवं कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं सैनिक कल्याण अधिकारी दुर्ग ग्रुप कैप्टन प्रवीण कुमार धोबले को द्वितीय पुरूस्कार एवं राज्यपाल ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड के ब्रोशर संक्षेपिका-2024 का भी विमोचन किया गया। एन.सी.सी. कैडेटों ने ओजपूर्ण देश भक्ति गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में गृह विभाग की सचिव नेहा चम्पावत, राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) संजय शर्मा, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एवं एम्स के निदेशक अशोक जिंदल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सेवारत् तथा भूतपूर्व सैनिक एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन








पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन, एवं पार्षद अमितेश भारद्वाज के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शनिवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक पार्षद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति बंसोड, जनरल मेडिसिन डॉ. धनेंद्र साहू, नेत्र रोग से डॉ.वेद, हड्डी रोग से डॉ.संतोष सिंह अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश एवं विवेकानंद मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव एवं नर्सिंग स्टाफ, पूजा आदित्य, कुंतला साबर एवं पार्षद और यहां के कर्मचारी एवं वार्ड निवासीगण उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग, नेत्र रोग, स्त्री रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना की एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# भ्रम फैलाने के लिए ही कांग्रेस के लोग समितियों के धान खरीदी केंद्रों में घूम रहे हैं : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कांग्रेस की हुई समीक्षा बैठक के मद्देनजर कहा है कि कांग्रेस समीक्षा करके कोई सबक नहीं लेती, इसीलिए लगातार उसकी दुर्गति हो रही है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में हार के बाद हार की समीक्षा के लिए कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली के नेतृत्व में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। लेकिन नतीजा सिफर ही रहा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में कहा कि मोइली कमेटी छत्तीसगढ़ पहुंची तब कार्यकर्ताओं ने बड़े नेताओं की जिद और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की बात की थी। उस कमेटी की रिपोर्ट कहां है और उस पर क्या कार्रवाई हुई? अब रायपुर दक्षिण के चुनाव में कांग्रेस की बड़ी हार के लिए भी क्या कांग्रेस कोई कमेटी बनाएगी? शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग बँटे हैं, बिखरे हैं और नाराज हैं। और यह बात स्वयं कांग्रेस नेता पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने भी कही है कि भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है और जिस प्रकार से वह कार्य करती है, उस तक पहुंचने में हमें 25 साल लगेंगे। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस कितना भी ईवीएम पर आरोप लगा ले। पिछले समय उन्होंने धांधली करके अप्रत्यक्ष चुनाव से जरूर विजय प्राप्त की थी परंतु इस बार प्रत्यक्ष चुनाव होने से नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनता पुनः भाजपा पर भरोसा जताएगी। और भाजपा विधानसभा लोकसभा चुनाव के बाद जीत का चौका लगाएगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि अपनी लगातार हार से बौखलाई कांग्रेस हर मुद्दे पर मुँह की खाने के बाद अब धान खरीदी पर झूठ फैलाने में लगी है। शर्मा ने धान खरीदी को लेकर कांग्रेस द्वारा आंदोलन करने की घोषणा को कांग्रेस की बौखलाहट का परिचायक बताते हुए कहा कि धान खरीदी को लेकर कांग्रेस के नेता जिस तरह अनर्गल प्रलाप करके धान खरीदी की समूची प्रक्रिया के सुव्यवस्थित संचालन को लेकर प्रदेश को गुमराह करने में लगे हैं, वह कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र ही है। कांग्रेस का यह झूठ कभी परवान नहीं चढ़ पाएगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के तीन-तीन पूर्व मंत्री टोकन नहीं मिलने की शिकायत कर रहे हैं। यह कांग्रेस का एक और नया झूठ है। हम यह आँकड़ा पेश कर सकते हैं कि धान खरीदी से कितने कांग्रेसी नेता और पूर्व मंत्री लाभान्वित हुए हैं, किन-किन कांग्रेस नेताओं ने कितना-कितना धान बेचा है और उसका कितना भुगतान उनके खातों में जमा हुआ है? शर्मा ने कहा कि यह बेहद आश्चर्य की बात है कि कांग्रेस सरकार के अनेक पूर्व मंत्री तक यह स्वीकार कर रहे हैं कि पहले कुछ दिक्कत थी अब दिक्कत नहीं है।

## 4 नए केंद्रीय स्कूलों की मंजूरी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने किया मोदी सरकार का धन्यवाद



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा छत्तीसगढ़ के मुंगेली, सूरजपुर, बेमेतरा व जांजगीर-चांपा जिले में 4 नए केंद्रीय स्कूल खोलने की स्वीकृति देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से राज्य के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा व बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। देव ने कहा कि केंद्र सरकार शैक्षणिक विकास की अपनी प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर है और इस दृष्टि से अनेक क्रांतिकारी निर्णय भी लिए गए हैं। नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करके एक ओर जहाँ आने वाली पीढ़ी को देश के सांस्कृतिक गौरव का ज्ञान दे रही है, वहीं दूसरी ओर तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर विश्वस्तरीय शिक्षा से जोड़ रही है। देव ने विश्वास व्यक्त किया कि चार और नये केंद्रीय विद्यालय खुलने के बाद प्रदेश की प्रतिभाओं को निखरने का अवसर सहज सुलभ होगा और आगे चलकर भावी पीढ़ियाँ विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने में महती भूमिका निभाएंगीं।

## मैगजीनभांटा नाले में कलवर्ट और एप्रोच मार्ग का होगा निर्माण, उद्योग मंत्री देवांगन ने किया भूमिपूजन


पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा शहर के मैगज़ीनभांटा स्थित कच्चे नाला पर 25 लाख रूपए की लागत से बनने वाले कलवर्ट और एप्रोच मार्ग के निर्माण का भूमिपूजन किया। इससे शहर वासियों को पंडित रविशंकर शुक्ल नगर वॉर्ड से खरमोरा और दादरखुर्द वॉर्ड के रहवासियों की आवाजाही में आसानी होगी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उद्योग मंत्री देवांगन ने कहा कि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानें के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, हमारी कोशिश है कि सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ जल्द प्रारम्भ कराकर पूर्ण भी कराएं।






जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी

कथा व्यास दाण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज

जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी





विजय बघेल
सांसद दुर्ग

पंच कुण्डली रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में पधारे समस्त अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का का हार्दिक नमन... वंदन... अभिनंदन...

**दिनांक 7 दिसंबर शनिवार से पूर्णिमा रविवार 15 दिसंबर तक श्री मद्भागवत कथा**
**कथा समय दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक स्थान कृषि उपज मंडी परिसर बेमेतरा**
**7 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा, 15 दिसंबर को पूर्णाहुति**
**प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से हवन पूजन**



दीपेश साहू
विधायक बेमेतरा



विजय सिन्हा
पूर्व अध्यक्ष,
बेमेतरा नगरपालिका, बेमेतरा



डॉ. सौरभ निर्वाणी
राष्ट्रीय सचिव, अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ(चतुः सम्प्रदाय)



प्रज्ञा निर्वाणी
सदस्य
जिला पंचायत बेमेतरा




पंचु साहू
उपाध्यक्ष
बेमेतरा नगरपालिका



नीलू राजपूत
पार्षद
नगर पालिका परिषद, बेमेतरा




प्रदीप सोनी
शीतला बर्तन दुकान
बाजार पारा बेमेतरा



शिवम तिवारी
जनसेवक, भाजपा नेता, बेमेतरा



संतोष पुरी गोस्वामी गुड्डा



गुरुभेज मुटरेजा
गुरुनानक टेंट हाउस बेमेतरा

समस्त क्षेत्रवासी बेमेतरा


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403